नई दिल्ली
शुक्रवार, 30 मई 2025
ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष, चतुर्थी वर्ष : 29, अंक : 45
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 41
न्यून. 30

# हरिभूमि
दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

**सरगना हाफिज सईद का बेटा भी था साथ**

## सार्वजनिक रैली में नजर आया पहलगाम हमले का 'मास्टरमाइंड' लश्कर कमांडर सैफुल्ला

नेताओं और दूसरे वांछित आतंकवादियों के साथ मंच भी साझा किया

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले का मास्टरमाइंड और लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) कमांडर सैफुल्ला कसूरी बुधवार को पाकिस्तान में सार्वजनिक रूप से नजर आया। उसने एक राजनीतिक रैली में नेताओं और दूसरे वांछित आतंकवादियों के साथ मंच साझा किया। पाकिस्तान के परमाणु परीक्षणों की वार्षिक स्मृति यौम-ए-तकबीर के मौके पर पाकिस्तान मरकजी मुस्लिम लीग (पीएमएमएल) की ओर से आयोजित इस रैली में भड़काऊ भाषण दिए गए और भारत विरोधी नारे लगाए गए। इस रैली में लश्कर-ए-तैयबा के संस्थापक हाफिज सईद का बेटा और भारत की ओर से घोषित आतंकवादी तल्हा सईद भी शामिल था। कसूरी ने पाकिस्तान के हिस्से वाले पंजाब प्रांत के कसूर में आयोजित रैली में कहा कि मुझे पहलगाम आतंकवादी हमले का ▸▸ शेष पेज 5 पर

### खालिद के नाम से भी जाना जाता है कसूरी

भीड़ के सामने बोलते हुए कसूरी (जिसे खालिद के नाम से भी जाना जाता है) ने इलाहाबाद में 'मुदस्सिर शहीद' के नाम पर एक केंद्र, सड़क और अस्पताल बनाने की योजना की भी घोषणा की। मुदस्सिर अहमद पहलगाम नरसंहार के बाद भारत के जवाबी कदम ▸▸ शेष पेज 5 पर

बोले-रणधीर जायसवाल, 7 से 10 मई तक अमेरिका से कई बार बात हुई, लेकिन इसमें टैरिफ का मुद्दा शामिल नहीं रहा

# भारत ने पुनः जोरदार अंदाज में खारिज किया संघर्षविराम में अमेरिकी मध्यस्थता का दावा

भारत-पाकिस्तान डीजीएमओ की प्रत्यक्ष बातचीत का निष्कर्ष है 'संघर्षविराम'

भारत, अब पाक से केवल पीओके को खाली करने और सूचीबद्ध आतंकियों को सौंपने के मुद्दे पर ही करेगा बातचीत

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली



अमेरिका है की मानता ही नहीं...जी हां यहां बात भारत और पाकिस्तान के बीच 10 मई को हुए संघर्षविराम का श्रेय लेने को लेकर अमेरिकी प्रशासन द्वारा न्यूयॉर्क की एक संघीय अदालत में किए गए उस हालिया दावे को लेकर हो रही है। जिसमें यूएसए के वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लटनिक ने अदालत के समक्ष कहा कि अमेरिका की सरकार की टैरिफ नीति ने भारत और पाकिस्तान को युद्धविराम की ओर धकेला और इसकी वजह से दोनों देशों के बीच तीन दिन के सैन्य संघर्ष के बाद शांति कायम हुई। गुरुवार को इस मामले पर नई दिल्ली में विदेश मंत्रालय की नियमित साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग में भी पत्रकारों ने कई सवाल पूछे। जिनके जवाब में मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने साफ शब्दों में संघर्षविराम में अमेरिका की भूमिका के ताजा दावे को सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने कहा, 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर की शुरुआत से लेकर 10 मई को संघर्षविराम तक भारत और अमेरिका के नेताओं के बीच कई बार बातचीत हुई। लेकिन इसमें कभी भी टैरिफ का मुद्दा शामिल नहीं रहा। विदेश मंत्री ने भी स्पष्ट किया है कि संघर्षविराम द्विपक्षीय था। यह भारत-पाक के सैन्य संचालन महानिदेशकों (डीजीएमओ) के बीच हुई प्रत्यक्ष बातचीत का परिणाम है। यहां बता दें कि अमेरिकी अदालत में ▸▸ शेष पेज 5 पर

### खालिस्तानी चरमपंथियों को संरक्षण न दे कनाडा

*उन्होंने कहा कि कनाडा में हालिया गठित हुई नई सरकार के शीर्ष नेतृत्व के साथ भारत की तरफ से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर की टेलीफोन पर वार्ता हुई थी। दोनों नेताओं ने अपने कनाडाई समकक्षों को नई सरकार के गठन पर बधाई दी थी। साथ ही वहां जारी खालिस्तानी गतिविधियों को लेकर हमने आग्रह किया है कि खालिस्तान समर्थकों को राजनीतिक स्थान नहीं दिया जाना चाहिए। हमें उम्मीद है कि इसे लेकर कनाडा की सरकार कदम उठाएगी। बांग्लादेश में अंतरिम सरकार के खिलाफ जारी विरोध प्रदर्शनों को लेकर जायसवाल ने कहा, यह बांग्लादेश सरकार की निजी जिम्मेदारी है कि वो अपने देश के प्रशासन को संभाले। दूसरे (भारत) पर दोष मढ़कर अपने देश की असल चुनौतियों से इतर वह मामले को किसी और दिशा में लेकर जाना चाहती है।*

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


**खबर संक्षेप**

### कॉलेजियम की सिफारिश मंजूर, 3 जज हुए नियुक्त



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट को तीन नए जज मिले हैं। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की सिफारिश पर सरकार ने न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया, विजय बिश्नोई और एएस चंदुरकर को सुप्रीम कोर्ट का न्यायाधीश नियुक्त है। अर्जुन राम मेघवाल ने बताया कि मुख्य न्यायाधीश के परामर्श के बाद निर्णय लिया गया है।

### सप्ताह में छह दिन कर पाएंगे सोमनाथ की यात्रा



**नई दिल्ली।** सोमनाथ की यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए खुशखबरी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में गुजरात के लोगों को एक नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की सौगात दी है, जो साबरमती (अहमदाबाद) से वेरावल (सोमनाथ मंदिर) तक चलेगी। यह ट्रेन कुल 438 किमी की दूरी को महज 7 घंटे में पूरा करेगी।

### आकाश अंबानी ने बाबा विश्वनाथ के किए दर्शन



**वाराणसी।** देश के प्रमुख उद्योगपति मुकेश अंबानी के पुत्र आकाश अंबानी बाबा श्री काशी विश्वनाथ का दर्शन पूजन करने यहां पहुंचे। बाबा श्री काशी विश्वनाथ का दर्शन पूजन करने के बाद आकाश अंबानी दशाश्वमेध घाट पहुंचे, जहां गंगा सेवा निधि के अर्चकों ने वैदिक रीति से मां गंगा का पूजन कराया। आकाश अंबानी ने बाबा दर्शन पूजन किया।

पटना में पीएम मोदी के रोड शो में उमड़ी भारी भीड़, ऑपरेशन 'सिंदूर' के रंग में रंगा शहर

# 6 महीने में 4 बार बिहार आए पीएम मोदी महिलाओं के हाथ में शंख-मांग में सिंदूर

◆ ऑपरेशन सिंदूर बिहार चुनाव में एनडीए का सबसे बड़ा हथियार बनने जा रहा, राज्य में राष्ट्रवाद की यह एक नई लहर



एजेंसी ▸▸ पटना

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिनों के बिहार दौरे पर गुरुवार को पटना पहुंचे। पहले दिन पीएम मोदी ने पटना के जयप्रकाश नारायण अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के नए टर्मिनल के उद्घाटन और बिहटा हवाई अड्डे की आधारशिला रखने के बाद रोड-शो किया। पटना की सड़कों के दोनों तरफ महिलाओं के हाथ में सिंघोरा और मांग में सिंदूर बता रहा था कि ऑपरेशन सिंदूर बिहार चुनाव में एनडीए का सबसे बड़ा हथियार बनने जा रहा है।

पीएम मोदी बीते छह महीने में चौथी बार बिहार दौरे पर आए हैं। इन दौरों का मकसद केवल विकास परियोजनाओं तक सीमित नहीं है बल्कि कहीं न कहीं बिहार चुनाव भी है। सड़कों पर सैकड़ों महिलाएं मांग में सिंदूर और हाथों में मेहंदी से सजा सिंघोरा (शंख) लिए खड़ी थीं, जो 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता का उत्सव मना रही थीं। यह ऑपरेशन, जिसने पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में पीओके में नौ आतंकी ठिकानों को नष्ट किया, बिहार में राष्ट्रवाद की नई लहर बन गया था। राजनीतिक ▸▸ शेष पेज 5 पर



### 6 महीने में बिहार को विशेष महत्व

पिछले छह महीनों में पीएम मोदी ने बिहार को विशेष महत्व दिया। 13 नवंबर 2024 को दरभंगा में उन्होंने एम्स सहित 12,100 करोड़ की परियोजनाओं की सौगात दी। 24 फरवरी 2025 को भागलपुर में पीएम किसान सम्मान निधि की राशि जारी की गई। 24 अप्रैल 2025 को मधुबनी में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर 13,480 करोड़ रुपए की परियोजनाएं शुरू की गईं। अब, मई 2025 में पटना और बिक्रमगंज में 50,000 करोड़ रुपए की परियोजनाएं बिहार की सियासत को गर्म कर रही हैं। इन दौरों में छह से अधिक रैलियां और रोड शो हुए, जो भाजपा की रणनीति को दर्शाते हैं।

### पीएम की एक झलक देखने के लिए पूरा शहर उमड़ पड़ा




पटना में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो के दौरान उनकी एक झलक देखने के लिए पूरा शहर गुरुवार को सड़कों पर उमड़ पड़ा। रोड शो पटना हवाई अड्डे से प्रारंभ हुआ। इससे बहुत पहले से ही बड़ी संख्या में लोग सड़कों के किनारे अपने नेता का इंतजार करते दिखे। पटना की सड़कों पर सुरक्षा घेरे के दोनों तरफ अपार जनसमूह नजर आ रहा था। जब प्रधानमंत्री का रोड शो शुरू हुआ तो पूरा पटना 'मोदी जिंदाबाद' और 'ऑपरेशन सिंदूर' से जुड़े नारों से गुंजायमान हो गया। पीएम मोदी ने हाथ हिलाकर लोगों का अभिनंदन स्वीकार किया। वह अपने वाहन पर बैठे आगे बढ़ते जा रहे हैं।

आतंकवाद को लेकर भारत ने अपनी रणनीति और प्रतिक्रिया को पुनः डिजाइन और परिभाषित किया

## पीओके के लोग परिवार का हिस्सा अब वो दिन दूर नहीं जब स्वेच्छा से भारत लौटेंगे: राजनाथ सिंह

- *लड़ाकू विमानों की डिलीवरी में देरी पर बिफरे वायुसेनाप्रमुख, बोले, समझौते पर हस्ताक्षर के वक्त हम जानते हैं कि वे सिस्टम कभी नहीं आएंगे*
- *शांगरी-ला वार्ता में भाग लेने के लिए 30 मई से 1 जून तक सिंगापुर की यात्रा पर रहेंगे सीडीएस।*

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली



बीते 7 मई को किए गए ऑपरेशन सिंदूर के बाद आतंकवाद के मामले पर की जा रही पाकिस्तान की चौतरफा घेरेबंदी के बीच गुरुवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक बड़ा बयान दिया। जिसमें उन्होंने पाकिस्तान द्वारा अवैध ढंग से कब्जा किए हुए पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) के लोगों को भारत के परिवार का हिस्सा बताते हुए कहा अब वो दिन दूर नहीं। जब ये लोग स्वेच्छा से अपनी अंतरआत्मा की आवाज पर देश में मुख्यधारा में वापस लौटेंगे।

भारत ने आतंकवाद को लेकर अपनी रणनीति और प्रतिक्रिया को फिर से डिजाइन और परिभाषित किया है। अब पाकिस्तान के साथ जो भी संभावित वार्ता होगी, उसमें केवल आतंकवाद और पीओके पर ही बात होगी। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार एक भारत, श्रेष्ठ भारत के संकल्प के प्रति प्रतिबद्ध है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत और भी बहुत कुछ कर सकता था। लेकिन देश ने शक्ति और संयम के समन्वय का एक बेहतरीन उदाहरण पेश किया। यह जानकारी रक्षा मंत्री ने 29 मई को राजधानी में ▸▸ शेष पेज 5 पर

### महाराणा प्रताप के भाई का किया जिक्र

*राजनाथ ने कहा, भारत ने पीओके के लोगों तक पहुंचने की कोशिश की है। भारत उन्हें अपने परिवार का हिस्सा मानता है। आज हमारे जो भाई भौगोलिक और राजनीतिक रूप से हमसे अलग हो गए हैं। वो भी एक दिन अपनी आत्मा की आवाज पर स्वेच्छा से भारत वापस लौट आएंगे। पीओके के लोग भारत से गहरा जुड़ाव रखते हैं। उनमें से कुछ को गुमराह किया गया है। उन्होंने कहा, पीओके में रहने वाले हमारे भाई-बहनों की स्थिति वीर योद्धा महाराणा प्रताप के* ▸▸ शेष पेज 5 पर

## मुंबई से गिरफ्तार हुआ पासपोर्ट अधिकारी, जाली दस्तावेजों के आधार पर पासपोर्ट जारी करने में करता था मदद

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

सीबीआई ने भ्रष्टाचार से जुड़े एक मामले में पासपोर्ट सेवा केन्द्र (पीएसके), मुंबई लोअर परेल स्थित एक कनिष्ठ पासपोर्ट सहायक और एक एजेंट (निजी व्यक्ति) समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। इन पर रिश्वत के बदले फर्जी दस्तावेजों के आधार पर पासपोर्ट जारी करने से जुड़े एक मामले में सीबीआई की नजर थीी। सीबीआई प्रवक्ता ने बताया कि लोअर परेल, मुंबई के पासपोर्ट सेवा केंद्र के कार्यालय सहायक/सत्यापन अधिकारी और पासपोर्ट एजेंट के तौर पर काम करने वाले अन्य निजी व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। एफआईआर में आरोप लगाया है कि वर्ष 2023-2024 के दौरान आरोपी लोक सेवक ने अन्य निजी व्यक्तियों के साथ मिलकर आपराधिक साजिश रची और इस आपराधिक साजिश को आगे बढ़ाते हुए पासपोर्ट संबंधी काम करने के लिए गैरकानूनी लाभ प्राप्त करता रहा। एजेंट (निजी व्यक्ति) और अन्य ▸▸ शेष पेज 5 पर

## राहुल की पाती पीएम मोदी के नाम पुंछ के लिए पैकेज की करें घोषणा

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली



कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले और अन्य सीमावर्ती इलाकों में पाकिस्तानी गोलीबारी से प्रभावित लोगों के लिए तत्काल राहत और पुनर्वास पैकेज की मांग की। यह पत्र राहुल गांधी के हाल ही के पुंछ दौरे के बाद लिखा गया, जहां उन्होंने पीड़ित परिवारों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को समझा। राहुल गांधी ने लिखा कि सीमा पार से होने वाली अंधाधुंध गोलीबारी ने पुंछ और आसपास के क्षेत्रों में आम लोगों की जिंदगी को तबाह कर दिया है। उन्होंने अपने दौरे के दौरान "टूटे आशियाने और बिखरी जिंदगियां" देखीं, जिससे क्षेत्र में व्याप्त दर्द को उन्होंने गहराई से महसूस किया। पत्र में उन्होंने कहा, "पुंछ का दर्द वहां जाकर ही महसूस होता है। इस दर्द की गूंज से बस एक ही आवाज ▸▸ शेष पेज 5 पर

किसान जब खेत में बीज बोता है तो वो केवल बीज नहीं बोता, जीवन बोता है

## 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' : ओडिशा के पुरी से केंद्रीय मंत्री शिवराज ने किया शुभारंभ

***12 जून तक चलने वाले महाभियान में कृषि वैज्ञानिकों की टीमें गांव-गांव पहुंचना शुरू, किसानों से सीधा संवाद***

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली



केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बृहस्पतिवार को श्री जगन्नाथ, पुरी में राष्ट्रव्यापी 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' का शुभारंभ किया। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने सभी किसान भाई-बहनों से इस ऐतिहासिक अभियान से जुड़ने की अपील की है। 12 जून तक चलने वाले महाभियान में वैज्ञानिकों की टीमों ने गांव-गांव जाकर किसानों से सीधा संवाद शुरू कर दिया है। इस मौके पर ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी व उप-मुख्यमंत्री कनक वर्धन सिंह देव के साथ कार्यक्रम में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के महानिदेशक डा. एम.एल. जाट सहित गणमान्यजन मौजूद रहे। इस वृहद अभियान को केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय व भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, राज्य सरकारों तथा कृषि से जुड़ी सभी संस्थाओं ▸▸ शेष पेज 5 पर

## दिल्ली,हरियाणा और उप्र से जापानी बोलकर जापानियों से कर रहे थे ठगी, सीबीआई ने दबोचा

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

फर्राटेदार जापानी बोलते हुए जापान में बैठे जापानियों के साथ दिल्ली, हरियाणा और उप्र के विभिन्न जगहों से साइबर फ्रॉड के बडे ग्रुप को सीबीआई ने धर दबोचा है। केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने ऑपरेशन चक्र-05 के अंतर्गत साइबर-सक्षम वित्तीय अपराधों से निपटने के अपने वर्तमान में जारी प्रयासों के अंतर्गत दिल्ली, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में 19 जगहों पर समन्वित तलाशी ली। इस बडे अभियान में छह प्रमुख संचालकों की गिरफ्तारी और जापानी नागरिकों को निशाना बनाने वाले एक अंतरराष्ट्रीय तकनीकी सहायता घोटाले में शामिल दो अवैध कॉल सेंटरों के संचालन को सील कर दिया। सीबीआई ने विश्वसनीय खुफिया जानकारी के आधार पर नियमित मामला दर्ज किया, जिसमें यह सूचना मिली थी कि साइबर अपराध गिरोह अपने आपको माइक्रोसॉफ्ट सहित प्रतिष्ठित बहुराष्ट्रीय निगमों के तकनीकी सहायता कार्मिकों के रूप में प्रस्तुत कर विदेशी नागरिकों-विशेष रूप से जापानी नागरिकों-को धोखा दे रहा है। यह गिरोह वैध ग्राहक सेवा केंद्रों के रूप में दिखने वाले कॉल सेंटर संचालित करता था, जिसके माध्यम से पीड़ितों को यह विश्वास दिलाया जाता था कि उनके इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों से छेड़छाड़ की गई है। इस बहाने से, पीड़ितों को म्यूल खातों में निधियां अंतरित करने के लिए मजबूर किया जाता था। मामला दर्ज होने के बाद, सीबीआई ने जापान की राष्ट्रीय पुलिस एजेंसी और माइक्रोसॉफ्ट कॉर्पोरेशन के साथ मिलकर काम किया। अपराधियों की पहचान करने और इन गिरोहों के संचालन की संरचना का पता लगाने में यह सहयोगात्मक अंतरराष्ट्रीय सहभागिता महत्वपूर्ण साबित हुई, जिसके परिणामस्वरूप अंततः भारत में सफल कार्रवाई हुई। तलाशी के ▸▸ शेष पेज 5 पर

गोवा में रक्षा मंत्री राजनाथ बोले, इनकी यात्रा नारी शक्ति का प्रतीक

## तारिणी नौका से विश्व परिक्रमा पूरी कर लौटीं महिलाओं का रक्षा मंत्री ने किया स्वागत

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली



नाविका सागर परिक्रमा-2 अभियान के तहत अपनी पाल नौका 'आईएनएसवी तारिणी' के जरिए आठ महीने में दुनिया का सफलतापूर्वक चक्कर लगाकर गुरुवार को स्वदेश लौटीं नौसेना की दो जांबाज महिला अधिकारियों लेफ्टिनेंट कमांडर रूपा.ए और दिलना.के का गोवा में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जोरदार अंदाज में स्वागत किया। दोनों दोहरे हाथ से यह उपलब्धि हासिल करने वाली भारत की पहली महिला अधिकारी बनी हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस बाबत आयोजित किए गए समारोह को संबोधित करते हुए नौसेना की दोनों महिला अधिकारियों की यात्रा को नारी शक्ति का प्रतीक बताया और अभियान को पूरा करने में उनके साहस, प्रतिबद्धता और धीरज की सराहना की। उन्होंने ये भी कहा कि दोनों ने पूरे विश्व में तिरंगा लहराकर भारत को गौरवान्वित किया है। यहां बता दें कि लेफ्टिनेंट कमांडर रूपा.ए और दिलना.के ने अपनी इस साहसिक समुद्री यात्रा की शुरुआत पिछले साल 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के मौके पर की थी। इससे पहले इसके लिए इन्होंने कुल करीब तीन वर्षों का जटिल प्रशिक्षण लिया था। समारोह के दौरान नौसेनाप्रमुख एडमिरल त्रिपाठी, बल के कई अन्य वरिष्ठ ▸▸ शेष पेज 5 पर

### ऑपरेशन सिंदूर में दिखा नारी शक्ति का जलवा

*उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर का उल्लेख करते हुए कहा कि उस दौरान पाकिस्तान और उसके अवैध कब्जे वाले पीओके में आतंकवाद के खिलाफ की गई प्रभावी कार्रवाई में महिला पायलटों और अन्य महिला सैनिकों ने अहम भूमिका निभाई थी। इस सैन्य अभियान में भारतीय सशस्त्र बलों की हर शाखा में महिलाओं की सक्रिय और प्रभावी भागीदारी देखी गई है। जब से सशस्त्र बलों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है। तब से उन्होंने हर भूमिका में असाधारण प्रदर्शन किया है और हर तरह के कर्तव्य को पूरा किया है। राजनाथ के मुताबिक, इस महीने एनडीए से 17 महिलाएं उत्तीर्ण हो रही हैं। आज भारत की महिलाएं सियाचिन की दुर्गम ऊंचाई से लेकर समुद्र की गहराई तक अनेकों जिम्मेदारियां निभा रही हैं। जिससे देश का सुरक्षा चक्र और अधिक मजबूत हुआ है। सैनिक स्कूलों के दरवाजे भी महिलाओं के लिए खुले हैं।*

### इनकी उपलब्धि तक पहुंचना मुश्किल

*रक्षा मंत्री ने कहा, हर कोई लेफ्टिनेंट कमांडर रूपा.ए और दिलना.के द्वारा हासिल की गई उपलब्धि तक पहुंच नहीं सकता है। जो उनके धैर्य, दृढ़ संकल्प और सामर्थ्य को दर्शाता है। दोनों ने शारीरिक और मानसिक बाधाओं का* ▸▸ शेष पेज 5 पर

## खबर संक्षेप

### राजौरी गार्डन के खाली मॉल में लगी आग

**नई दिल्ली।** राजौरी गार्डन इलाके में स्थित एक खाली मॉल में गुरुवार को आग लग गई। आग बुझाने के दौरान एक दमकलकर्मी घायल हुआ है। उसे इलाज के लिये अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के अनुसार आग लगने के कारण मॉल में लगे कांच के दरवाजे टूट गए। आग दोपहर 1.40 बजे लगी थी। पांच दमकल गाड़ियां मौके पर भेजी गईं। आग बुझाने के दौरान एक दमकलकर्मी घायल हो गया और उसे अस्पताल ले जाया गया।

### गोमांस बेचने के संदेह में दुकानदार की पिटाई

नई दिल्ली। उत्तर-पश्चिमी दिल्ली के विजय नगर इलाके में किराने की दुकान पर कथित तौर पर गाय का मांस बेचने के आरोप में एक व्यक्ति की कुछ लोगों ने पिटाई कर दी। पुलिस ने बताया कि दुकान से एकत्र मांस के नमूने फोरेंसिक जांच के लिए भेजे गए हैं। मारपीट करने वालों की पहचान की जा रही है। पुलिस के अनुसार मामले में शिकायतकर्ता विजय नगर निवासी 15 वर्षीय नाबालिग है, जिसने दावा किया कि उसने बुराड़ी के कौशिक एन्क्लेव निवासी चमन कुमार (44) की दुकान से 400 रुपये प्रति किलोग्राम के हिसाब से मांस खरीदा था। बाद में उसे संदेह हुआ कि यह गाय का मांस है। पुलिस ने कहा कि संदिग्ध गोमांस की बिक्री की बात फैलने के बाद विभिन्न संगठनों के सदस्य कुमार की दुकान के बाहर इकट्ठा हुए और उसके साथ मारपीट की गई। पुलिस ने बताया कि उसकी चिकित्सा जांच करायी जा रही है। पीसीआर कॉल के बाद एक टीम को मौके पर भेजा गया था। घटनाक्रम को जानने के लिए आसपास के इलाके से सीसीटीवी फुटेज एकत्र कर उसकी समीक्षा की जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि दुकान से मांस के नमूने जब्त कर लिए गए हैं और उन्हें फोरेंसिक जांच के लिये भेजा गया हैं कि यह गाय का मांस है या नहीं। अधिकारी ने कहा, हम सभी एंगल से मामले की जांच कर रहे हैं। फोरेंसिक रिपोर्ट का इंतजार है। पुलिस उसके निष्कर्षों के आधार पर आगे की कार्रवाई करेगी।

### साइकिल में टक्कर मारने के बाद झुग्गी में घुसी कार

# तेज रफ्तार कार की टक्कर से दो लोगों की मौत, तीन घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

पश्चिमी जिले के जनकपुरी इलाके में गुरुवार तड़के एक स्विफ्ट कार साइकिल को टक्कर मारने के बाद सड़क किनारे बनी झुग्गी में घुस गई। इस हादसे में दो लोगों की मौत हो गई और तीन घायल है। पुलिस के अनुसार कार 19 वर्षीय युवक चला रहा था। पुलिस चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। आरोपी चालक का नाम हर्ष सहरावत बताया गया है। उसके नशे में होने की भी पुष्टि हुई है। कार में उसके साथ पंकज नामक एक अन्य युवक भी सवार था। दोनों गुरुग्राम से पार्टी कर लौट रहे थे और खाना खाने के लिए ढाबा तलाश रहे थे।



- पश्चिमी जिले के जनकपुरी इलाके का मामला
- नशे में धुत था कार चालक

डीसीपी विचित्र वीर के मुताबिक हादसे की सूचना जनकपुरी थाने को तड़के करीब साढ़े तीन बजे मिली। पीसीआर टीम और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल ले जाया गया। वहां चिकित्सकों ने दो लोगों को मृत घोषित कर दिया। तीन अन्य घायलों को आगे के इलाज के लिये सफदरजंग अस्पताल रेफर किया गया है।

मृतकों में साइकिल सवार भी शामिल है। उसका नाम अनीश अंसारी (45) बताया गया है। वह मायापुरी की किसी फैक्टरी में काम करता था। दूसरे मरने वाले की पहचान फूल सिंह (30) के रूप में हुई है। फूल सिंह झुग्गी में सो रहा था। वह चिक बनाने का काम करता था। वहीं घायलों में कुलदीप, सोनी और विशाल शामिल बताये गए हैं। पुलिस के अनुसार प्रारंभिक जांच में पता चला है कि कार 19 वर्षीय युवक हर्ष चला रहा था। वह पोचन पुर का रहने वाला है। यह हादसा पंखा रोड पर हुआ। तेज रफ्तार कार ने पहले एक साइकिल को टक्कर मारी और फिर सड़क किनारे बनी झुग्गी में जा घुसी। पुलिस ने बताया कि कार चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। मामले में जरुरी कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# द्वारका में 12 वाहन चोर पकड़े, 24 वाहन बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

द्वारका पुलिस ने विभिन्न स्थानों पर सिलसिलेवार तरीके अभियान चलाकर 12 वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। इनकी निशानदेही पर चोरी के 24 वाहन बरामद हुये हैं। वाहन चोरों ने पूछताछ में बताया कि गिरोह मेरठ में कई चोरी की गाड़ियां बेच चुका है।

पुलिस के अनुसार एएटीएस, डाबड़ी, मोहन गार्डन, उत्तम नगर और सेक्टर-23 द्वारका थाना इलाकों से यह गिरफ्तारी और बरामदगी की गई। सबसे पहले उत्तर नगर के निवासी केतन सिंह (24) और रुद्र (18) को डाबड़ी इलाके में पकड़ा गया। सीसीटीवी फुटेज के जरिए उन पर नजर रखी गई थी। उनकी निशानदेही पर सीतापुरी और आनंद विहार से छह मोटरसाइकिलें बरामद की गईं। केतन पहले भी वाहन चोरी के नौ मामलों में शामिल रहा है। इसके अलावा मोहन गार्डन थाने की टीम ने एक मामले की जांच करते हुए द्वारका नॉर्थ के बदमाश अमित (27), चंदन (23) और अमन (22) को गिरफ्तार किया। टीम ने उनके कब्जे से चार मोटरसाइकिल और एक स्कूटी बरामद की।

आरोपियों की पहले भी कई मामलों में संलिप्तता रही है। एएटीएस ने दो बड़े मामले सुलझाए। पहले मामले में डकैती और शस्त्र अधिनियम से जुड़े 34 मामलों में शामिल एक आदतन अपराधी रॉबर्ट (42) और हत्या समेत 10 मामलों में संलिप्त उसके साथी रवि (34) को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ करने पर इनसे चोरी की गई दो वैन और चार दोपहिया वाहन बरामद किए गए। दूसरे मामले में रोहिणी सेक्टर-5 निवासी रमन (56) और उसके बेटे सागर (31) को गिरफ्तार किया गया। इनके पास से चोरी की एक कार बरामद की गई।

# अमन विहार में गला रेतकर युवक की हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

रोहिणी जिले के अमन विहार में एक 32 वर्षीय युवक की गला रेतकर हत्या का मामला सामने आया है। मृतक का नाम तोसिब निवासी सुल्तानपुरी बताया गया है। वह मछली बाजार में दिहाड़ी मजदूरी करता था। शव को पोस्टमॉर्टम के लिये संजय गांधी अस्पताल में भिजवाया गया है। पुलिस के अनुसार अमन विहार थाना अंतर्गत डिस्ट्रिक्ट पार्क सेक्टर-20, रोहिणी, में एक पुरुष का शव मिलने की सूचना गुरुवार को प्राप्त हुई। टीम ने मौके पर पहुंचकर पाया कि पार्क के एक कोने में पुरुष का शव पड़ा हुआ। मृतक की गर्दन कटी हुई पाई गई। बाद में उसकी पहचान सुनिश्चत हुई। मृतक के भाई के बयान पर एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान आरोपी व्यक्तियों नदीम सलमानी उर्फ खली (45) निवासी सुल्तानपुरी और फैजान (24) निवासी ब्रह्मपुरी दिल्ली को गिरफ्तार किया गया है। मृतक की मौत पैसों के लेनदेन के विवाद में की गई।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-ऑक्शन सूचना**

**वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ** के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना। **एडमिन यूनिट/जोन** : लखनऊ–पू.उ.रे.–मण्डल–वाणिज्य/पू.उ.रे., **नीलामी सूची सं./लॉट सं. : LJN-FSLR-13-25, नीलामी सूची प्रकाशन तिथि** : 27.05.2025 समय 17:43 बजे, **नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट)** : 12.06.2025 समय 13:00 बजे, **नीलामी बंद करने की तिथि व समय** : 12.06.2025 समय 17:10 बजे, **नीलामी का प्रकार** : Close Ended, **वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है** : E-Auction Module of **www.ireps.gov.in**

**सहायक वाणिज्य प्रबन्धक,**
**मुजाधि/वाणिज्य-49 पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ**

*गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें*

# सड़क पर पशु बांधने पर टोका तो परिवार पर किया हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

उत्तर पूर्वी जिले के खजूरी खास इलाके में बुधवार रात सड़क पर पशुओं को बांधने को लेकर हुए झगड़े ने हिंसक रूप ले लिया। इस घटना में कई लोग घायल हो गए। मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है, जबकि अन्य की तलाश जारी है। गिरफ्तार शख्स का नाम सरवर बताया गया है। डीसीपी आशीष मिश्रा ने बताया कि घटना बुधवार रात करीब साढ़े नौ बजे 30 फुटा रोड के पास हुई। पुलिस को झगड़े के बारे में फोन पर सूचना मिली और एक टीम को घटनास्थल पर भेजा गया। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि शिकायतकर्ता मनोज धामा ने पशु सड़क पर बांधने को लेकर आपत्ति जताई थी। उसकी सरवर से बहस हुई। बाद में मामला बढ़ गया और सरवर ने अपने पांच से छह अन्य जानकारों को बुलाकर धामा व उसके परिवार के सदस्यों पर हमला कर दिया। धामा की शिकायत के आधार पर खजूरी खास थाने में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने आरोपी सरवर (27) को गिरफ्तार कर लिया। हमले में शामिल अन्य लोगों की पहचान करने और उन्हें पकड़ने के लिए टीम बनाई गई है। पुलिस ने बताया कि जांच के दौरान यह भी पता चला कि दोनों पक्ष सेकेंड हैंड कारों की खरीद-बिक्री में भी शामिल हैं। इस झगड़े के पीछे कारोबारी प्रतिद्वंद्विता भी एक पहलू हो सकती है। सभी एंगल से मामले की तफ्तीश की जा रही है।



- हिंसक झड़प में कई लोग घायल, मुख्य आरोपी गिरफ्तार
- कई अन्य की तलाश में छापेमारी जारी

# सड़कों से अवैध अतिक्रमण हटवाएं अधिकारी : उप महापौर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

राजेंद्र नगर इलाके में अतिक्रमण की वजह से नागरिकों को काफी परेशानी हो रही है और सफाई व्यवस्था में भी विघ्न पैदा होता है, इसे देखते हुए यहां से अवैध अतिक्रमण हटाना है। दिल्ली के उप महापौर जय भगवान यादव ने गुरूवार को मेगा सफाई अभियान के तहत सफ़ाई व्यवस्था व नागरिक सुविधाओं का जायज़ा लेने के लिए वार्ड संख्या 141, राजेन्द्र नगर क्षेत्र का निरीक्षण करते हुए निगम अधिकारियों को यदि निर्देश दिए। इस अवसर पर क्षेत्रीय पार्षद आरती चावला, करोलबाग क्षेत्र की उपायुक्त स्वेतिका सचान, अन्य निगम अधिकारी, आरडब्ल्यूए के प्रतिनिधि व स्थानीय नागरिक उपस्थित थे। बड़ा बाजार रोड व पूसा रोड मुख्य मार्ग के निरीक्षण के दौरान उप महापौर जय भगवान यादव ने निगम अधिकारियों को क्षेत्र से अवैध अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। अजमल ख़ा रोड के निरीक्षण के दौरान उप महापौर ने क्षेत्र में गड्ढे को भरने व मरम्मत करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि हमें यह सुनिश्चित करने की ज़रूरत है कि क्षेत्र में कहीं पर भी जल भराव ना हो।

# एक करोड़ के गांजे के साथ ट्रांसपोर्टर और रिसीवर समेत तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

ड्रग व्यापार पर नकेल कसते हुये अपराध शाखा ने अंतरराज्यीय ड्रग तस्करों के गिरोह का पर्दाफाश किया है। ट्रांसपोर्टर और रिसीवर समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया हैं। इनसे 1 करोड़ कीमत का 254.100 किलोग्राम बढ़िया क्वालिटी का गांजा जब्त हुआ। आरोपी सोयाबड़ी के बोरे के अंदर गांजा छिपाकर तस्करी करते थे। इनसे अपराध में इस्तेमाल किया जाने वाला वाहन भी जब्त किया गया है।

डीसीपी हर्ष इंदौरा के अनुसार एजीएस टीम ने एक ऑपरेशन के दौरान दिल्ली और एनसीआर में मारिजुआना (गांजा) की सप्लाई में शामिल तीन व्यक्तियों को पकड़ा है। छापेमारी के दौरान इनसे 254.10 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। तस्करी के सामान को एक कंटेनर के अंदर बड़ी चतुराई से छिपाया गया था, जो सोया बड़ी से भरा हुआ था। कंटेनर को सबूत के तौर पर जब्त कर लिया गया है। पुलिस के अनुसार वर्तमान ऑपरेशन इंस्पेक्टर कृष्ण कुमार के नेतृत्व में दो महीने तक चला। दरअसल एएसआई गोविंद सिंह को इनपुट मिले थे, जिन्हें बाद में तकनीकी निगरानी और विश्लेषण के माध्यम से पुष्ट किया गया और आगे बढ़ाया गया। टीम ने टोल प्लाजा सीसीटीवी डेटा विश्लेषण और आरोपी से जुड़े प्रमुख मोबाइल नंबरों की निगरानी के संयोजन का उपयोग करके ओडिशा के बहरामपुर से दिल्ली तक संदिग्ध वाहन की गतिविधियों को सावधानीपूर्वक ट्रैक किया। वाहन की यात्रा के प्रत्येक पड़ाव, विचलन और समय की वास्तविक समय में निगरानी की गई।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 84 BNSS देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **हरदीप सिंह, पुत्रः** श्री सुरजीत सिंह, **पताः** बीटी–3, गोल गप्पे वाली गली, बलजीत नगर, दिल्ली ने मुकदमा **FIR No. 480/2015 U/s 323/341/506/354/354B/509/34 IPC, थानाः पटेल नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **हरदीप सिंह** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **हरदीप सिंह** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 480/2015 U/s 323/341/506/354/ 354B/509/34 IPC, थानाः पटेल नगर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **हरदीप सिंह** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **23.07.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
**सुश्री हेली फर कौर**
**DP/6592/CD/2025** न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी (महिला कोर्ट–05) (पश्चिम)
**(Court Matter)** कमरा नं. 353, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

### दिल्ली में कोविड के 19 मरीज अस्पताल में भर्ती, चिंता करने की जरूरत नहींः रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बृहस्पतिवार को कहा कि दिल्ली में कोविड के 19 मरीज अस्पताल में भर्ती हैं लेकिन चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है। मुख्यमंत्री ने लोकनायक जयप्रकाश अस्पताल में कहा कि दिल्ली सरकार सतर्क है और अस्पताल तैयार हैं। रेखा गुप्ता ने कहा कि 19 मरीज अस्पतालों में भर्ती हैं और बाकी का इलाज उनके घरों में जारी है। लेकिन कोविड-19 अभी उस स्थिति में नहीं पहुंचा है, जहां लोगों को चिंता करने की जरूरत हो। सरकार हर स्थिति के लिए तैयार है। उन्होंने लोगों को सतर्क रहने की जरूरत पर भी जोर दिया। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, सोमवार तक दिल्ली में कोविड-19 के 104 मरीज उपचाराधीन थे। स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि पिछले सप्ताह 24 मरीज ठीक हुए।

# एयर टिकट धोखाधड़ी में शामिल एजेंट गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

नॉर्थ-वेस्ट डिस्ट्रिक्ट की साइबर पुलिस ने एक ट्रैवल एजेंट को जालसाजी व ठगी के आरोप में पकड़ा है। इस पर एक महिला से एयर टिकट का झांसा देकर करीब तीन लाख रुपये की ठगी का आरोप है। महिला ने कनाडा से दिल्ली और मुंबई के 17 ट्रिप की बुकिंग की थी। गिरफ्तार आरोपी निखिल और अपने साले कैलाश राठौर के साथ मिलकर यह कारनामा करता था। डीसीपी भीष्म सिंह के अनुसार धोखाधड़ी के एक मामले को सुलझाते हुए एक आरोपी निखिल राठौर पुत्र विनोद राठौर निवासी सुल्तानपुर डबास को गिरफ्तार किया है। दरअसल राशी सूरी नामक महिला जोकि पीतमपुरा की रहने वाली है ने ऑनलाइन शिकायत दी थी। उसे हवाई टिकट बुकिंग के नाम पर तीन लाख का चूना लगाया गया था। शिकायतकर्ता ने कनाडा से दिल्ली और मुंबई के लिए 17 ट्रिप की टिकट बुक कराई थी। आरोपियों ने शुरू में टिकट बुक की और बाद में उन्हें रद्द कर पैसे एक शैडो अकाउंट में ट्रांसफर कर दिए। इसके अलावा कुछ टिकट पे लेटर विकल्प से बुक की गई जिनका भुगतान बाद में नहीं किया गया। संपूर्ण लेन-देन के दौरान शिकायतकर्ता की आरोपियों से व्हाट्सएप पर बातचीत होती रही। जांच के दौरान तकनीकी और मैनुअल सूचनाओं के आधार पर आरोपी कैलाश राठौर की पहचान हुई, जो कॉल के जरिए ग्राहकों को टिकट बुकिंग के लिए भुगतान के लिए प्रेरित कर रहा था और पैसे निखिल राठौर के खाते में जमा करा रहा था। पुलिस टीम ने निखिल को सुल्तानपुर से गिरफ्तार किया। सह आरोपी कैलाश अभी फरार है।



- महिला को लगाया था तीन लाख का चूना

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 82 (2) Cr.P.C. देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **प्रकाश उर्फ अमर पुत्र श्री आनन्द निवासी मकान नं. सी-ब्लॉक झुग्गी, इन्दरपुरी, दिल्ली** ने एफआईआर नं. **44/2018 अन्तर्गत धारा 379/511 आईपीसी, थाना सुभाष प्लेस, ज़िला उत्तर-पश्चिम, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **प्रकाश उर्फ अमर** मिल नहीं रहा(रही) है, और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **प्रकाश उर्फ अमर** फरार हो गया(गई) है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा(रही) है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि एफआईआर नं. **44/2018 अन्तर्गत धारा 379/511 आईपीसी, थाना सुभाष प्लेस, ज़िला उत्तर-पश्चिम, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **प्रकाश उर्फ अमर** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **07.07.2025** को **प्रातः 10:00 बजे** या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
**सुश्री वसुंधरा छौंकर**
**DP/6247/NW/2025** मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट (उत्तर-पश्चिम)
**(Court Matter)** कमरा नं. 108, रोहिणी न्यायालय, दिल्ली

### दिल्ली में विकसित कृषि संकल्प अभियान का हुआ शुभारंभ

# खाद की कालाबाजारी करने वाले हो जाएं सावधान, जमानत भी नहीं होगी : कपिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली देहात के बवाना क्षेत्र में खाद की कालाबाजारी करने वाले कारोबारी सावधान हो जाए नहीं तो जमानत भी नहीं होगी। बवाना विधानसभा के दरियापुर गांव स्थित दादा मालदेव मंदिर के प्रांगण में विकसित कृषि संकल्प अभियान कार्यक्रम के दौरान दिल्ली देहात के किसानों की खाद संबंधी समस्या का संज्ञान लेकर दिल्ली सरकार में कृषि मंत्री कपिल मिश्रा ने अपने संबोधन में यह बात कही। उन्होंने चेताते हुए और पिछली सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि कालाबाजारी करने वाले ध्यान से सुन लें कि पिछली सरकार के तीन मंत्री जहां बंद हो के आए हैं सारे उधर ही जाकर बंद होंगे। खाद की दुकान में जब खाद मिल ही नहीं रहा तो खाद जा कहां रहा है? वहीं, रविंद्र इंद्राज से कहा कि बड़वासनी से बवाना की तरफ आने वाले मार्ग पर हरेवली या बवाना से भी कोई रास्ता बनाए ताकि किसानों आदि को भी इसका लाभ मिल सके। वहीं, वैज्ञानिकों और किसानों के बीच भी फसल उत्पादन को लेकर सीधा संवाद हुआ। इस दौरान किसानों ने कहा कि बरवाला में मिट्टी जांच केंद्र और बीज जांच केंद्र में कोई भी जांच नहीं हो रही है और इसे जल्द से जल्द शुरू किया जाए। बता दें कि दिल्ली के उत्तर जिला स्थित दरियापुर गांव में गुरूवार को 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर दिल्ली सरकार के कृषि मंत्री कपिल मिश्रा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इसके अलावा केबिनेट मंत्री रविंद्र इंद्राज, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के निदेशक, विभाग अधिकारी, दिल्ली सरकार के कृषि विज्ञान केंद्र आदि से कृषि वैज्ञानिक आदि मौजूद रहे। मंच का संचालन किसान सत्यवान ने करते हुए बताया कि आयोजन केंद्र सरकार की एक महत्त्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत किया गया, जिसका उद्देश्य किसानों और कृषि वैज्ञानिकों के बीच प्रत्यक्ष संवाद स्थापित कर कृषि में नवीन तकनीकों और नवाचारों को बढ़ावा देना है।




मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा कि शायद पूर्व मुख्यमंत्री साहिब सिंह वर्मा के बाद दिल्ली में खेती किसानी की गहरी समझ रखने वाले किसी व्यक्ति को नेतृत्व मिला भी नहीं और देहात को पिछले दस वर्षों में बहुत नजरअंदाज किया गया। आप सरकार पर निशाना साधते हुए मंत्री ने कहा कि आज अगर वो दिल्ली से भाग कर पंजाब में घूम रहे हैं तो उसके पीछे जो ताकत है वो दिल्ली देहात की ताकत है जिसने दौड़ा दौड़ा के भगाया है और चोरों से दिल्ली को मुक्ति दिलाई है।

**सैमटेक्स फैशंस लिमिटेड**

पंजी. कार्यालय एवं वर्क्स : खसरा नं. 62, डी1/3 इंडस्ट्रीयल एरिया, राजारामपुर, सिकंद्राबाद, बुलंदशहर, यू.पी. 203205 आईएन
CIN: L17112UP1993PLC022479 Email: samtex.compliance@gmail.com, Website: samtexfashions.com, Ph. No.: 011-49025972

**31 मार्च 2025 को समाप्त तिमाही और वर्ष हेतु अंकेक्षित वित्तीय परिणामों का सार**

(प्रति शेयर डेटा को छोड़कर रु. लाखों में)

| क्र. सं. | विवरण | स्टैंडअलोन | | | | | समेकित | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | समाप्त तिमाही | | | समाप्त वर्ष | | समाप्त तिमाही | | | समाप्त वर्ष | |
| | | 31.03.2025 अंकेक्षित | 31.12.2024 अअंकेक्षित | 31.03.2024 अंकेक्षित | 31.03.2025 अंकेक्षित | 31.03.2024 अंकेक्षित | 31.03.2025 अंकेक्षित | 31.12.2024 अअंकेक्षित | 31.03.2024 अंकेक्षित | 31.03.2025 अंकेक्षित | 31.03.2024 अंकेक्षित |
| 1 | प्रचालनों से कुल आय | 0.07 | 0.06 | 0.58 | 0.22 | 0.76 | 1.40 | 1.14 | 2.05 | 3.13 | 4.01 |
| 2 | कर से पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ/हानि (असाधारण और/अथवा असामान्य मदों से पूर्व) | -7 | -8.34 | -9.64 | -29.57 | -31.99 | -3.18 | -10.50 | -118.88 | -39.56 | -476.73 |
| 3 | कर से पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ/हानि (असाधारण और/अथवा असामान्य मदों के बाद) | -7 | -8.34 | -9.64 | -29.57 | -31.99 | -3.18 | -10.5 | -118.88 | -39.06 | -476.73 |
| 4 | कर के बाद अवधि हेतु शुद्ध लाभ/हानि (असाधारण और/अथवा असामान्य मदों के बाद) | -7 | -8.34 | -9.64 | -29.57 | -31.99 | -3.18 | -10.5 | -118.88 | -39.06 | -476.73 |
| 5 | अवधि हेतु कुल व्यापक आय (कर के बाद अवधि हेतु निहित लाभ/हानि और कर के बाद अन्य व्यापक आय) | -6.98 | -8.21 | -9.59 | -29.23 | -31.94 | -3.01 | -3.09 | -118.04 | -27.58 | -468.65 |
| 6 | इक्विटी शेयर कैपिटल | 1490.00 | 1,490.00 | 1,490.00 | 1,490.00 | 1,490.00 | 1490.00 | 1490.00 | 1490.00 | 1490.00 | 1490.00 |
| 7 | रिजर्व्स (पूर्ववर्ती वर्ष की बैलेंस शीट में दर्शाये अनुसार पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर) | - | - | - | -1490.56 | -1461.34 | | | | | |
| 8 | अर्जन प्रति शेयर (असाधारण मदों से पूर्व) बेसिक (प्रत्यक्ष मूल्य रु. 2 प्रति शेयर) | -0.01 | -0.01 | -0.01 | -0.04 | -0.04 | - | - | -0.16 | -0.04 | -0.63 |
| 9 | अर्जन प्रति शेयर (असाधारण मदों से पूर्व) डायल्युटेड (प्रत्यक्ष मूल्य रु. 2 प्रति शेयर) | -0.01 | -0.01 | -0.01 | -0.04 | -0.04 | - | - | -0.16 | -0.04 | -0.63 |

**टिप्पणी :**

1. सेबी (लिस्टिंग ओब्लीगेशंस एवं घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के अनुसार, उपरोक्त परिणाम कम्पनी के अंकेक्षकों द्वारा सीमित समीक्षा के अधीन किए गए हैं और समीक्षा ऑडिट कमेटी द्वारा कर ली गई है तथा 28 मई 2025 को आयोजित उनकी सम्बन्धित बैठक में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किए गए।
2. ये परिणाम कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 के तहत निर्धारित भारतीय लेखा मानकों (Ind AS) तथा लागू सीमा तक अन्य मान्यताप्राप्त अकाउंटिंग प्रैक्टिसेज और नीतियों के अनुरूप तैयार किये गये हैं।
3. अन्तिम अवधियों के आंकड़े वर्तमान तिमाही के वर्गीकरणों की पुष्टि के लिए, जहां आवश्यक हुआ रिग्रुप्ड कर लिये गये हैं।
4. सेबी (लिस्टिंग ओब्लीगेशंस एवं घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के तहत स्टाक एक्सचेंज के पास दायर किए गए तैमाहिक/वार्षिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक सार है। समेकित एवं स्टैंडअलोन समाप्त वर्ष के वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज वेबसाइट www.bseindia.com और कम्पनी की वेबसाइट www.samtexfashions.com पर भी उपलब्ध है और ये नीचे दिये गये क्यूआर कोड के माध्यम से देखे भी जा सकते हैं।

स्थान : दिल्ली
दिनांक : 28.05.2025

कृते सैमटेक्स फैशंस लिमिटेड
हस्ता/–
अतुल मित्तल
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
डीआईएन : 00223366

# अगले पांच वर्षों में एक हजार नागरिकों पर तीन बेड उपलब्ध कराएगी सरकार : रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



■ मुख्यमंत्री ने एलएनजेपी में मेडिकल जेनेटिक्स वार्ड, स्तनपान प्रबंधन इकाई और न्यूक्लिक एसिड टेस्टिंग लैब का किया उद्घाटन

हमारी सरकार अगले पांच वर्षों में एक हजार नागरिकों पर तीन बेडों की उपलब्धता सुनिश्चित कराएगी। यह बात गुरुवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने लोक नायक जयप्रकाश अस्पताल में तीन नई सुविधाओं के शुभारंभ पर कही। सीएम ने कहा कि सरकार को विरासत में जो मेडिकल इन्फ्रास्ट्रक्चर मिला है, वह अत्यंत चिंताजनक है। पिछली सरकार ने 10 वर्षों में स्वास्थ्य सेवाओं के नाम पर सिर्फ दिखावा किया और आज हालात यह है कि प्रति एक हजार जनसंख्या पर एक भी बेड उपलब्ध नहीं है। उन्होंने कहा कि डब्लूएचओ के मानक के अनुसार प्रति एक हजार व्यक्तियों पर कम से कम दो बेड होने चाहिए। गौरतलब है कि दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को एलएनजेपी अस्पताल में मेडिकल जेनेटिक्स वार्ड, स्तनपान प्रबंधन इकाई (एलएमयू) और न्यूक्लिक एसिड एम्प्लीफिकेशन टेस्टिंग (एनएटी) लैब का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह केवल स्वास्थ सेवाओं की शुरुआत नहीं बल्कि दिल्ली के स्वास्थ्य तंत्र को सुदृढ़ करने की दिशा में बड़ा कदम है। इस अवसर पर दिल्ली के कैबिनेट मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह भी मौजूद रहे। स्तनपान प्रबंधन इकाई (एलएमयू) के बारे में जानकारी साझा करते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि यह यूनिट विशेष रूप से समय से पहले जन्मे, कम वजन वाले और गंभीर रूप से बीमार नवजात शिशुओं के लिए शुरू किया गया है। यह माताओं को स्तनपान परामर्श, सुरक्षित दूध संग्रहण व भंडारण, तथा अस्पताल-ग्रेड ब्रेस्ट पंप जैसी सुविधाएं प्रदान करेगी। साथ ही डोनर ह्यूमन मिल्क की उपलब्धता सुनिश्चित कर नवजातों में सेप्सिस व अन्य बीमारियों की संभावना को कम करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि समय से पहले जन्मे या जरूरतमंद बच्चों को मां का दूध उपलब्ध कराने हेतु आज एक लैक्टेशन मैनेजमेंट यूनिट की स्थापना की गई है। वहीं सीएम ने न्यूक्लिक एसिड टेस्टिंग (एनएटी) लैब के बारे में बताया कि एनएटी तकनीक एक उच्च संवेदनशील परीक्षण पद्धति है जो रक्त में वायरल संक्रमण जैसे एचआईवी, हेपेटाइटिस बी और सी का प्रारंभिक स्तर पर पता लगाने में सक्षम है। दिल्ली सरकार का यह पहला अस्पताल है जिसमें एनएटी तकनीक शुरू की गई है। उन्होंने बताया कि पहले जहां रिपोर्ट में 45 दिन लगते थे, अब दो दिनों में ही रक्त की जांच संभव हो सकेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना, वय वंदन योजना और जन आरोग्य मंदिर जैसी सुविधाएं दिल्ली में शुरू की जा चुकी है। लेकिन अब समय आ गया है कि सभी चिकित्सा संस्थानों को एक इंटीग्रेटेड हेल्थ सिस्टम में जोड़ा जाए, जहां प्राथमिक, द्वितीयक और तृतीयक स्वास्थ्य सेवाएं एक-दूसरे से समन्वय के साथ काम करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार के 100 दिन पूरे होने पर हमने जनता के हित में कई नीतिगत निर्णय लिए है और हमारी सरकार लगातार कल्याणकारी योजनाओ पर काम कर रही है।

### पिछली सरकार की लापरवाही से अस्पतालों में दवाओं, स्टॉफ और मशीनों की कमी

सीएम ने कहा कि पिछली सरकर की लापरवाही के कारण दिल्ली के सरकारी अस्पतालों में दवाओं, स्टाफ और आधुनिक मशीनों की भारी कमी है, इसको दूर करने के लिए ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि दवाओं की कमी को खत्म करने के लिए एक केंद्रीकृत और पारदर्शी दवा खरीद प्रणाली लागू की गई है। स्टाफ की कमी को दूर करने के लिए डॉक्टरों, नर्सों, पैरामेडिकल स्टाफ और अन्य सहायक कर्मचारियों की भर्ती प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कई अस्पतालों में आज भी एमआरआई और सीटी स्कैन जैसी बुनियादी सुविधाएं मौजूद नहीं हैं, जो अत्यंत चिंताजनक है।

**एलजी ने किया कमला नेहरू रिज का निरीक्षण**

## सक्सेना ने आगामी मानसून को लेकर दिए जरूरी निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने गुरुवार को कमला नेहरू रिज का निरीक्षण किया और मौके पर ही अधिकारियों को आने वाले मानसून संबंधित सभी तैयारियों के जरूरी निर्देश दिए। वहीं इसके अलावा एलजी ने सद्भावना पार्क में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने एलजी को विस्तार से जानकारी प्रदान की। एलजी ने सड़क किनारे के फुटपाथों से कमला नेहरू रिज वन तक सीधी पाइपलाइनों के निर्माण के निर्देश दिए, जिसका उद्देश्य संरक्षण और भूजल पुनः पूर्ति के लिए अतिरिक्त वर्षा जल को रिज पारिस्थितिकी तंत्र में लाया जाना है। इस प्रयास से रिज के अंदर एक नया जल निकाय बनने के अलावा पड़ोसी क्षेत्रों में जलभराव की समस्या को कम करने में मदद मिलेगी। एलजी ने डीडीए और पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को क्षेत्र के पुनरुद्धार और सौंदर्यीकरण और जैव विविधता संरक्षण कार्यक्रम को जल्द से जल्द लागू करने का निर्देश दिया।




### हर महीने की 10 तारीख को लगेंगे सहायक उपकरण वितरण कैम्प : रविंद्र इंद्राज

नई दिल्ली। समाज कल्याण विभाग अब हर महीने की 10 तारीख को दिव्यांगों के लिए सहायक उपकरण वितरण कैम्प का आयोजन करेगा, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति योजना का लाभ लेने से वंचित न रह जाए। इस बात की जानकारी समाज कल्याण विभाग मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह ने गुरुवार को महर्षि वाल्मीकि अस्पताल में उपकरण वितरण कार्यक्रम में दी। गौरतलब है कि मंत्री इंद्राज ने गुरुवार को गुरुवार को महर्षि वाल्मीकि अस्पताल के ऑडिटोरियम में सुगम्य सहायक योजना के तहत दिव्यांगों को ट्राई साइकिल व अन्य सहायक उपकरणों का वितरण किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सशक्त दिव्यांग, समर्थ भारत संकल्प की दिशा में पिछले तीन महीनों में सुगम्य सहायक योजना के तहत सभी 10 जिलों के लाभार्थियों को लगभग 400 सहायता उपकरण दिए गए हैं। मंत्री ने कहा कि अब सुगम्य सहायक योजना के अंतर्गत हर माह की 10 तारीख को मूल्यांकन शिविरों का आयोजन करने के लिए विभाग को निर्देश दिए गए हैं, जिसकी शुरुआत जुलाई 2025 से होनी है। हर महीने एक जिले में यह शिविर लगेगा, इसमें दिल्ली के किसी भी कोने से पात्र लाभार्थी इन शिविरों में आकर योजना का लाभ उठा सकेंगे, स्थान को लेकर कोई दिक्कत नहीं होगी। मंत्री इंद्राज ने कहा कि सरकार सुविधा भी देती है और सुनवाई भी करती है। दिव्यांग व्यक्तियों के लिए राज्य आयुक्त के रिक्त पद को भरने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। यह वैधानिक पद लगभग डेढ़ वर्ष से खाली है। मंत्री इंद्राज ने कहा कि दिव्यांगों को बेहतर और आधुनिक उपकरण देने के लिए हाल ही में उन्होंने कानपुर स्थित भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम का प्लांट विजिट किया। सरकार का प्रयास है कि दिव्यांगों को अच्छी गुणवत्ता वाले उपकरण देकर आत्मनिर्भर बनने में योगदान दे।

### 'आप' ने पेश किया भाजपा सरकार के 100 दिन का 'रिपोर्ट कार्ड'


**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) ने गुरुवार को दिल्ली सरकार का 15 सूत्री 'रिपोर्ट कार्ड' जारी कर आरोप लगाया कि भाजपा सरकार 100 दिन में ही फेल हो गई है। विपक्ष की नेता आतिशी ने आप के प्रदेश इकाई अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज के साथ प्रैसवार्ता कर कहा कि भाजपा सरकार 30 मई को सत्ता में अपने 100 दिन पूरे कर लेगी। लेकिन भाजपा सरकार ने पहले से चल रहे अच्छे कामों को रोक दिया, नई योजनाएं शुरू करने का सवाल ही नहीं उठता। आप द्वारा व्यक्त की गयी मुख्य चिंताओं में शहर भर में लगातार और लंबे समय तक बिजली कटौती, बिजली शुल्क में सात से 15 प्रतिशत की बढ़ोतरी, निजी स्कूलों की बढ़ती फीस और गंभीर जल संकट शामिल हैं। कई इलाकों में नलों से सीवर का पानी बहने का दावा किया गया है। आतिशी ने यह भी बताया कि शहर ने इस गर्मी में अपने सबसे खराब प्रदूषण स्तर को दर्ज किया, जिसमें वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 500 को पार कर गया। आप की रिपोर्ट में दावा किया गया है कि भाजपा ने मोहल्ला क्लीनिक और फरिश्ते योजना जैसी महत्वपूर्ण कल्याणकारी योजनाएं बंद कर दी हैं। उसमें राज्य सरकार पर बस मार्शलों को स्थायी नौकरी देने में विफल रहने और सरकारी कार्यालयों से बी आर आंबेडकर की तस्वीरें हटाने का भी आरोप लगाया गया है। इसके अतिरिक्त, आप ने भाजपा पर चुनाव से पहले किए गए प्रमुख वादों को पूरा न करने का आरोप लगाया है, जिसमें महिलाओं के लिए 2,500 रुपये मासिक सहायता और 500 रुपये में सब्सिडी वाले एलपीजी सिलेंडर शामिल हैं।

### बीएसईएस के पहले बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम का उर्जा मंत्री ने किया उद्घाटन

नई दिल्ली। निजी बिजली आपूर्ति कंपनी बीएसईएस के पहले बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम का गुरूवार को उर्जा मंत्री आशीष सूद ने उद्घाटन किया। दक्षिण दिल्ली किलोकरी स्थित इस नए सिस्टम के शुरू होने से करीब 1 लाख लोगों को रोजाना चार घंटे तक, अपने दम पर बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित होगी। इस अवसर पर मंत्री सूद के अलावा सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी, पार्षद कुंअर अर्जुन पाल सिंह मारवाह और सोनाली चौधरी, बीएसईएस के डायरेक्ट व ग्रुप सीईओ अमल सिन्हा, बीएसईएस राजधानी पावर लिमिटेड के सीईओ अभिषेक रंजन और बीएसईएस यमुना पावर लिमिटेड के सीईओ अमरजीत सिंह तथा अन्य मौजूद थे। इस मौके पर मंत्री सूद ने कहा कि रेखा सरकार दिल्ली में 24 घंटे निर्बाध बिजी आपूर्ति के लिए पतिबद्ध है। वहीं बीएसईएस के ग्रुप सीईओ अमल सिन्हा ने कहा कि कंपनी हमेशा से नई तकनीकी को अपनाने में आगे रही है। विस्तार से जासनकारी देते हुए कंपनी प्रवक्ता ने बताया कि बिजली वितरण के स्तर पर यह दक्षिण एशिया का सबसे बड़ा युटिलिटी-स्केल बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम है। इस स्टोरेज सिस्टम में 12 अत्याधुनिक लिक्विड-कूल्ड कंटेनर हैं, जिन्हें 24-25 डिग्री सेल्सियस के तापमान पर स्थिर रखा जाता है, ताकि ये बेहतर कार्य-परिणाम दे सकें। परियोजना को मात्र 10-12 महीनों की रिकॉर्ड समायावधि में पूरा किया गया है।

### सकारात्मक सरकार की छवि बनाने में कामयाब हुई है भाजपा सरकार : सचदेवा

नई दिल्ली। दिल्ली में वर्तमान भाजपा सरकार शुक्रवार को 100 दिन का कार्यकाल पूरा करने जा रही है। 10 वर्ष के कुशासन के बाद सत्ता में आई सरकार के काम को आंकने के लिए 100 दिन बहुत कम हैं पर यह हर्ष का विषय है कि भाजपा सरकार इस अल्पावधि में एक सकारात्मक सरकार की छवि बनाने में कामयाब हुई है। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने गुरूवार को प्रेस वार्ता में यह जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल सरकार के 10 साल के कुशासन के बाद जनता ने फरवरी 2025 में भारतीय जनता पार्टी को पूर्ण बहुमत के साथ दिल्ली के विकास एवं रखरखाव का दायित्व सौंपा। सचदेवा ने कहा है कि रेखा गुप्ता सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि है कि जहां अरविंद केजरीवाल अपनी विफलताओं को छुपाने के लिए केन्द्र सरकार, भाजपा एवं अधिकारियों पर दोषारोपण की नकारात्मक राजनीति करते थे वहीं भाजपा की रेखा गुप्ता सरकार प्रो एक्टिव सरकार है जो दिल्ली वालों की हर समस्या पर पहल लेकर कार्य कर रही है और इसका कार्य ही इसकी पहचान बन रहा है। सचदेवा ने कहा है कि शुक्रवार को दिल्ली सरकार अपनी 100 दिन की उपलब्धियों को रखते हुए भविष्य का रोडमैप प्रस्तुत करेगी। सचदेवा ने बताया कि आयुष्मान भारत कार्ड जारी कर बुजुर्गों को 10 लाख का हेल्थ कवर देना। दिल्ली को 1 लाख करोड़ का मेगा विकास बजट देना। यमुना सफाई पर कटिबद्धता से कार्य शुरू करते हुए यमुना में गिरने वाले नालों पर एस.टी.पी. लगाने का बजट आवंटन करना। केजरीवाल सरकार चरमराई डी.टी.सी. सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था छोड़ कर गई, उसे संभालते हुए 400 देवी योजना बसे चला कर स्थिती संभाली।



## खबर संक्षेप

### एटीएम बूथ में सेंधमारी कर रुपए निकाले



**गुरुग्राम।** शहर थाना एरिया स्थित केनरा बैंक के एटीएम बूथ में सेंधमारी कर रुपए निकालने का मामला सामने आया है। चीफ मैनेजर की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी। पुलिस को दी शिकायत में केनरा बैंक के चीफ मैनेजर भुवनेश अरोड़ा ने कहा कि बीती 25 मई की सांय करीब साढ़े पांच बजे अज्ञात लोगों ने गुरुद्वारा रोड स्थित एटीएम बूथ के डिस्पेंसर का दरवाजा तोड़ दिया। यह तोड़फोड़ पहले भी 9 मई व 18 मई को की गई थी।

### ठगी के मामले में आरोपी पकड़ाया




**गुरुग्राम।** साइबर क्राइम साउथ पुलिस ने डिजिटल अरेस्ट करके ठगी करने के मामले में एक आरोपी को यूपी के ग्रेटर नोएडा से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश करके चार दिन के रिमांड पर लिया गया है। रिमांड के दौरान अन्य साथी आरोपियों व अन्य वारदातों के बारे में पूछताछ की जाएगी। शिकायत में बताया कि जालसाज ने पुलिस अधिकारी बनकर वाट्सएप कॉल के माध्यम से डिजिटल अरेस्ट किया था।

### मारपीट के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** रेहडी लगाने वाले के साथ मारपीट करने के मामले में क्राईम ब्रांच सेक्टर 48 की टीम ने 2 और आरोपियों को काबू किया है। विपिन निवासी डबुआ कालोनी ने पुलिस थाना डबुआ में दी शिकायत में आरोप लगाया कि फास्ट फूड की रेहडी लगाने का काम करता है। 9 मई को सुबह करीब 9 बजे वह और उसका एक दोस्त मोटरसाईकिल से टाउन नंबर 2 की तरफ जा रहे थे तभी डबुआ मंडी की गली से 3 लड़के स्कूटी पर सवार होकर एकदम से मोटरसाइकिल के आगे आ गए। जिनको आराम से स्कूटी चलने बारे कहा तो कहासुनी हो गई।

## महिलाओं ने कलश उठाकर विश्वकर्मा मंदिर जवाहर कालोनी से निकाली कलश यात्रा

# कलश यात्रा निकाल किया वैदिक व्यापार सूत्रः श्रीमद् विश्वकर्मा महापुराण कथा का शुभारंभ, कथा का लक्ष्य व्यवसाय में प्रगति हो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

- महाराज का फूल मालाओं से स्वागत किया गया

पांच दिवसीय वैदिक व्यापार सूत्र श्रीमद् विश्वकर्मा महापुराण कथा का शुभारंभ सेक्टर-23ए कम्यूनिटी हॉल, निम्स हॉस्पिटल के पास फरीदाबाद में हुआ। कथा प्रवक्ता उज्जैन से पधारे संतश्री वैष्वकर्मण धर्माधिकारी, विश्वधारण समर्थ सद्गुरु महाराज जी का फूल-मालाओं से रथ में बैठाकर स्वागत किया गया। इसके पश्चात महाराज जी के साथ महिलाएं कलश उठाकर विश्वकर्मा मंदिर जवाहर कालोनी फरीदाबाद से निकलकर सेक्टर-23ए, कम्यूनिटी हॉल निम्स हॉस्पिटल के पास फरीदाबाद कथा स्थल में पहुंचीं।

वहां पर सभी का ढोल व बाजों के साथ स्वागत किया गया व महिलाओं से कलश रखवाए गए और कथा का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर संतश्री वैश्वकर्मण धर्माधिकारी जी ने वैदिक व्यापार सुत्र महिमा, श्रवण विधी श्रवण, महिमा कथा के बारे में बताया। पांच दिवसीय वैदिक व्यापार सुत्र श्रीमद् विश्वकर्मा महापुराण कथा का आयोजन पांचाल ब्राह्मण परिवार द्वारा किया गया।



इस आयोजन को सफल बनाने में दयानन्द वत्स पांचाल सेक्टर-23, रमेश पांचाल बल्लभगढ़, सतबीर पांचाल जाजरू, मोनिका पांचाल आदि का भरपूर सहयोग रहा। वहीं दयानन्द वत्स ने कहा कि इस कथा का लक्ष्य परमात्मा विश्वकर्मा के प्रति ज्यादा से ज्यादा आस्था, विश्वास, भक्ति, श्रद्धा, ज्ञान भजन कर लोग व्यापार-व्यवसाय में प्रगति करें।

वर्तमान में आने वाली पीढ़ी में धार्मिक, आध्यात्मिक, शुभ संस्कार का संचार हो, लोगों में आपसी तालमेल का पवित्र भाव उत्पन्न हो।

## प्रॉपर्टी टैक्स जमा न करने पर निगम की कार्रवाई सेक्टर 69 आईएमटी स्थित पेट्रोल पंप का कार्यालय सील

# 1 जून से चलेगा टैक्स जमा न करने वालों बकायाधारकों पर प्रॉपर्टी सीलिंग का स्पेशल ड्राइवः धीरेंद्र खड़गटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

**खास बातें**
- प्रॉपर्टी टैक्स को रिकवर करने के लिए सख्त कदम उठाएं
- ननि की बकाया प्रॉपर्टी टैक्स मालिकों पर कार्रवाई जारी
- पेट्रोल पंप कार्यालय को सील किया गया




नगर निगम द्वारा गुरुवार को कई संपत्तियों को सील किया गया है इनमें ऊपर लाखों रुपए का टैक्स बकाया था।

निगम आयुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने कहा कि आगामी 1 जून से निगम द्वारा प्रॉपर्टी टैक्स जमा न करने वाले बकायादारों पर सख्ती की जाएगी और समय पर टैक्स न देने पर प्रॉपर्टियों को सील किया जाएगा।

उन्होंने क्षेत्रीय कर अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि बकाया प्रॉपर्टी टैक्स को रिकवर करने के लिए सख्त कदम उठाए। नगर निगम द्वारा बकाया प्रॉपर्टी टैक्स मालिकों पर कार्यवाही जारी है। नगर निगम की टीम जब सेक्टर 3 स्थित पेट्रोल पंप पर सीलिंग के लिए पहुंची तो उन्होंने मौके पर 1 लाख 48 हजार रुपए से ज्यादा का प्रॉपर्टी टैक्स का चेक निगम की टीम को सौंप दिया। इसके अलावा प्रॉपर्टी टैक्स जमा न करने पर बल्लभगढ़ जोन में निगम द्वारा सेक्टर 69 आईएमटी स्थित पेट्रोल पंप के कार्यालय को सील किया गया है और सेक्टर 59 में भी एक फैक्ट्री को 4 लाख 71 हजार रुपए से ज्यादा के बकाया टैक्स के मामले में सील किया गया है। अन्य सभी जॉन में यह कार्यवाही की गई है। निगम कमिश्नर धीरेंद्र खड़गटा ने शहरवासियों से अपील करते हुए कहा कि शहरवासी अपना प्रॉपर्टी टैक्स समय पर जमा कराएं ताकि शहर के विकास में नगर निगम तेज गति के साथ विकास कार्यों को आगे बढ़ा सके।

## रेफर मुक्त संघर्ष समिति द्वारा किया जा रहा आंदोलन का असर दिखने लगा

# लोकसभा सांसद कुमारी शैलजा ने स्वास्थ्य मंत्री आरती राव को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

फरीदाबाद रेफर मुक्त संघर्ष समिति द्वारा किया जा रहा आंदोलन का असर अब दिखने लगा है। विधायक आफताब अहमद, विधायक रघुबीर तेवतिया व भाजपा विधायक सतीश फागना द्वारा रेफर मुक्त संघर्ष समिति के आंदोलन को विधानसभा पटल पर रखने के बाद अब सिरसा से लोकसभा सदस्य एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री कु. शैलजा ने हरियाणा प्रदेश की स्वास्थ्य मंत्री आरती राव को पत्र लिखकर फरीदाबाद में रेफर मुक्त संघर्ष समिति द्वारा किए जा रहे आंदोलन से अवगत करवाया।

सांसद कुमारी शैलजा ने स्वास्थ्य मंत्री आरती राव को पत्र लिखा है कि फरीदाबाद जिले की जनस्वास्थ्य से जुड़ी अत्यंत गंभीर स्थिति की ओर आकर्षित करना चाहती हूं। फरीदाबाद हरियाणा का प्रमुख औद्योगिक एवं जनसंख्या की दृष्टि से अत्यधिक घनत्व वाला जिला है, जिसकी कुल जनसंख्या लगभग 25 लाख के आसपास है। इसमें से शहरी क्षेत्र में ही करीब 17 लाख नागरिक निवास करते हैं। इतनी बड़ी आबादी के अनुपात में यहां की स्वास्थ्य सुविधाएं अत्यंत अपर्याप्त हैं। फरीदाबाद में बी के अस्पताल मुख्य सरकारी चिकित्सा संस्थान है, वहां पर डॉक्टरों एवं चिकित्सकीय स्टाफ की भारी कमी है। साथ ही आवश्यक दवाइयों की निरंतर अनुपलब्धता के कारण आमजन को गंभीर असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। परिणामस्वरूप अधिकांश रोगियों को दिल्ली या अन्य शहरों के अस्पतालों में भेजा जाता है, जिससे समय पर इलाज में बाधा उत्पन्न होती है एवं जीवन-हानि का जोखिम बढ़ जाता है। इस समस्या को लेकर रेफर मुक्त अभियान समिति के संयोजक सतीश चोपड़ा द्वारा सिविल अस्पताल के बाहर बी के चौक पर विगत कई महीनों से शांतिपूर्ण जन आंदोलन चलाया जा रहा है। मशाल यात्रा, सांकेतिक भूख हड़ताल और प्रतीकात्मक विरोध के माध्यम से समिति ने यह मांग बार-बार दोहराई है कि फरीदाबाद में शीघ्र एक पूर्ण सुविधायुक्त ट्रॉमा सेंटर की स्थापना की जाए, ताकि आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं की उपलब्धता स्थानीय स्तर पर सुनिश्चित हो सके। फरीदाबाद रेफर मुक्त संघर्ष समिति के संयोजक सतीश चोपड़ा ने लोकसभा सांसद कु.शैलजा के अलावा उन सभी जन प्रतिनिधियों का आभार जताया है उन्होंने इस जायजा मांग को किसी न किसी स्तर पर उठाया।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक रावल का भी आभार जताया जिन्होंने कु.शैलजा को इस मांग पत्र से अवगत करवाया था।

## निगम मुख्यालय के समक्ष विरोधसभा का आयोजन

# निजीकरण का विरोध करने पर बर्खास्त करने और सरकारी नौकरी के लिए अयोग्य ठहराना तानाशाही की परिकाष्ठाः सुभाष लांबा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

उप्र सरकार द्वारा पूर्वांचल व दक्षिणांचल बिजली वितरण निगम को निजी हाथों में सौंपने के फैसले के खिलाफ बृहस्पतिवार को बिजली कर्मचारियों ने बीके चौक पर एकत्रित होकर नीलम चौक तक रैली निकाली और उप्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन से पूर्व ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशनज वर्कर यूनियन के बेनर तले बिजली कर्मचारियों ने बीके चौक नगर निगम मुख्यालय के समक्ष विरोध सभा का आयोजन किया।

अतिरिक्त सर्कल सचिव राम चरण की अध्यक्षता में आयोजित इस सभा में इलेक्ट्रिसिटी एम्पलाइज फेडरेशन ऑफ इंडिया (ईईएफआई) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुभाष लांबा, सर्व




कर्मचारी संघ हरियाणा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेश कुमार शास्त्री, जिला प्रधान करतार सिंह, एएचपीसी वर्कर यूनियन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शब्बीर अहमद, नहर पार किसान संघर्ष समिति के महासचिव सतपाल नरवत आदि शामिल और सभा को संबोधित किया। प्रदर्शन में सर्व सम्मति से 9 जुलाई की हड़ताल में बढ़ चढ़कर शामिल होने का फैसला लिया गया। इलेक्ट्रिसीटी एम्पलाइज फेडरेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं एनसीसीओईईई के वरिष्ठ सदस्य सुभाष लांबा ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि उप्र की योगी आदित्यनाथ सरकार ने पूर्वांचल व दक्षिणांचल बिजली वितरण निगमों को निजी हाथों में सौंपने का फैसला किया है। जिसके खिलाफ विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश पिछले 182 दिनों से संघर्ष कर रही है। बिजली निजीकरण के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन व हड़ताल करने पर कर्मियों को बिना जांच सीधे बर्खास्त करने और भविष्य की नौकरी के लिए अयोग्य ठहराया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह सरकार की तानाशाही की परिकाष्ठा है। जिसका डटकर विरोध किया जाएगा।

# नौकरी के नाम पर बीस लाख देने वाले किसान पर केस

## पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

सेक्टर- 17/18 थाना एरिया में नौकरी लगवाने के नाम पर बीस लाख रुपए की रिश्वत देने पर पुलिस ने पीड़ित किसान पर भी पुलिस ने केस दर्ज किया है। मामले में रुपए देकर सरकार के नाम पर छल करने संबंधित धारा 420/511 आईपीसी के तहत शिकायतकर्ता खेमचंद के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस इस मामले में कुछ भी बोल नहीं रही है।

दरअसल, रेवाड़ी के खलियावास गांव निवासी खेमचंद ने 18 अप्रैल को सेक्टर-17/18 थाना में दी शिकायत में बताया कि वह खेती-बाड़ी करता है। उसके दोस्त वीरेंद्र सिंह ने बहादुर सिंह ठाकुर नाम के व्यक्ति से मिलवाया था। बहादुर सिंह ने स्वयं को भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश टीएस ठाकुर का रिश्तेदार बताया था। खेमचंद का दामाद धर्मवीर गुरुग्राम में एक ठेकेदार के पास सुपरवाइजर की नौकरी करता है। बहादुर सिंह ने धर्मवीर को नारनौल कोर्ट में चतुर्थ श्रेणी की नौकरी दिलवाने की बात कही। इसके बाद खेमचंद ने अपने दामाद को नौकरी लगवाने के लिए 12 फरवरी 2016 को गुरुग्राम के सेक्टर-18 में 10 लाख रुपए बहादुर सिंह को नकद दिए थे। इसके बाद एक मार्च 2016 को उसने टीएस ठाकुर की पत्नी के लिए नीमराना में फार्म हाउस दिलवाने और दूसरे बच्चे की नौकरी का लालच देकर 10 लाख रुपए और ले लिए।

बहादुर सिंह ने खेमचंद से कुल 20 लाख रुपए नकद ले लिए लेकिन जब नारनौल कोर्ट में चतुर्थ श्रेणी की भर्ती संबंधी सूची जारी हुई तो उसमें खेमचंद के दामाद धर्मबीर का चयन नहीं हुआ। खेमचंद ने जब बहादुर सिंह से इस बारे में बात की तो उसने कहा कि अगली भर्ती में दो बच्चों को नौकरी पर लगवा देगा। इसके बाद बहादुर सिंह ने उसके दामाद व बेटे को नौकरी नहीं लगवाई। जब खेमचंद ने अपने 20 लाख रुपए वापस मांगे, तो बहादुर सिंह टालमटोल करता रहा और बाद में धमकियां देने लगा।

### ठगी के 10 मामले दर्ज हैं

खेमचंद ने आरटीआई के माध्यम से धर्मबीर के रोल नंबर और इंटरव्यू की तारीख की जानकारी हासिल की। इसमें पता चला कि धर्मबीर का चयन नहीं हुआ। खेमचंद ने आरोप लगाया कि बहादुर सिंह ठाकुर के खिलाफ गुरुग्राम और पलवल में धोखाधड़ी व ठगी के लगभग 10 मामले दर्ज हैं। इनमें से कुछ की जानकारी उन्होंने दी। इसके बाद पुलिस का दबाव बना तो उसने 26 जून 2024 को लिखित में दिया कि 10 जुलाई 2024 तक वह 21 लाख रुपए लौटा देगा। लेकिन वह अब फरार हो गया है। खेमचंद की शिकायत के आधार पर 19 अप्रैल को पुलिस ने मामला दर्ज किया था। मामले को लेकर जांच अधिकारी सतीश कुमार से संपर्क नहीं हो सका। वहीं, सेक्टर-17/18 थाना के प्रभारी सज्जन ने इस मामले में कुछ भी बोलने से मना कर दिया।

### रोड पर युवती को रोककर दी धमकी, हवा में चलाई गोलियां

**गुरुग्राम।** सुशांत लोक थाना एरिया में बाइक सवार युवक द्वारा सहेली के साथ घूमने जा रही युवती को रोककर गोली मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। युवक यही नहीं रुका उसने पिस्टल निकालकर चार-पांच राउंड हवाई फायर भी किए। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में नॉर्थ दिल्ली की रहने वाली लक्ष्मी वर्मा उर्फ महक ने कहा कि वह वर्तमान में गुरुग्राम के सेक्टर-44 में परिवार सहित रहती है। पिछले एक माह से वह सेक्टर-44 में रहने वाले सत्यव्रत उर्फ सत्य पंडित के पास पिछले एक माह से मैनेजमेंट की प्राईवेट जॉब करती है। उसकी दोस्त जम्मू मूल की अनु राजपूत भी सेक्टर-44 में ही रहती है। बीती रात करीब सवा दस बजे लक्ष्मी अपनी दोस्त अनु राजपूत के साथ सेक्टर-53 की हुडा मार्केट के लिए जा रही थी। इसी दौरान बाइक पर सवार सत्यव्रत उर्फ सत्य पंडित आया।

# शादी का झांसा देने के बाद नशीला पेय देकर अध्यापिका से किया दुष्कर्म

## अश्लील वीडियो वायरल करने व जान से मारने की दी धमकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

भोंडसी थाना एरिया में शादी का झांसा देकर निजी स्कूल की अध्यापिका को नशीला पेय देकर रेप करने, उसकी अश्लील वीडियो वायरल करने व जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। आरोपी पर महिला से मारपीट करने, ब्लैकमेल कर रुपए ऐंठने व महिला का अबॉर्शन कराने का भी आरोप है। शिकायत मिलने पर पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरु कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में महिला ने कहा कि वह भौंडसी एरिया में किराए के मकान में रहती है। उसके पति का देहांत हो चुका है। वह अपने बेटे के साथ रहती है। वह भौंडसी एरिया के एक निजी स्कूल में अध्यापिका थी। इसी दौरान उसकी मुलाकात एमपी के ग्वालियर निवासी अजीत प्रताप सिंह कुशवाहा से हुई। जो भौंडसी के भवानी एंक्लेव में रहता था। स्कूल में काम के दौरान महिला की अजीत से बातचीत हो जाती थी। इसके बाद अजीत ने अपनी अकेडमी खोल ली।

वर्ष 2021 में अजीत उसके साथ फोन पर बात करने लगा और उससे हमदर्दी जताते हुए शादी करने की बात कहने लगा। जिसे बाद अजीत और वह घूमने फिरने लगे। आरोप है कि 6 नवंबर 2021 की शाम के करीब सात बजे अजीत ने तबीयत खराब होने की बात कही और महिला से उसे अकेडमी में ड्रॉप करने के लिए कहा। महिला ने उसे ड्रॉप किया तो उसने महिला को कुछ देर के लिए रुकने को कहा। अजीत ने उससे शादी करने की बात कही और उसे कोल्ड ड्रिंक में नशीला पेय दिया। जिसको पीने के बाद अजीत ने उसके साथ रेप किया। महिला के विरोध जताने पर उसने शादी करने का वास्ता दिया। काफी समय बीतने के जब महिला ने शादी की बात अजीत से की तो वह साफ मुकर गया। उसने महिला से उसके अश्लील फोटो व वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दी। जिसके बाद अजीत महिला से फिजिकल रिलेशन बनाता और उसे धमकी देता। वर्ष 2022 में अजीत ने महिला से कहा कि वह अपने बेटे को ननिहाल छोड़कर उसके साथ रहे। महिला ने बेटा छोड़ने के लिए मना कर दिया। अजीत ने महिला को ब्लैकमेल कर उससे एक लाख रुपए भी लिए। इसके बावजूद वह महिला के पास आकर उससे मारपीट करता और रिलेशन बनाता था।


**आईएसएफ लिमिटेड**
पंजीकृत कार्यालयः खसरा नंबर 10/2, समालका गुड़गांव रोड, दक्षिण पश्चिम दिल्ली-110037
CIN No. : L74899DL1988PLC076648
Email ID: vishal@isflimited.in Tel: 9105535135

**सार्वजनिक सूचना**

भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा 09 जुलाई, 2015 को जारी अधिसूचना संख्या डीएनबीएस (पीडी) 029/सीजीएम (सीडीएस)-2015 के पैरा 5 के अनुपालन में। कंपनी अधिनियम, 1956 के तहत निगमित एक कंपनी आईएसएफ लिमिटेड और प्रमाण-पत्र संख्या बी-14.00761 के तहत भारतीय रिजर्व बैंक के पास गैर जमा स्वीकार करने वाली गैर बैंकिंग निवेश क्रेडिट कंपनी के तौर पर पंजीकृत है, जिसका पंजीकृत कार्यालय खसरा संख्या 10/2, समालका गुड़गांव रोड, दक्षिण पश्चिम दिल्ली-110037, भारत में स्थित है, के शेयरधारकों को एतद द्वारा सूचना दी जाती है, आईएसएफ लिमिटेड के बोर्ड में श्री अनिल कुमार वर्मा को निदेशक नियुक्त करने जा रही है और इसके लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) से पत्र संख्या वि.वि. (न.दि.) S104/एनबीएफसी-बीएल/24.03.045/2025-26 दिनांक 28 मई, 2025 के तहत अनुमोदन प्राप्त हुआ।

इस संबंध में कोई भी स्पष्टीकरण/आपत्ति इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिनों के अंदर हित की प्रकृति और आपत्ति के आधार इसमें वर्णित करते हुए गैर-बैंकिंग पर्यवेक्षण विभाग, भारतीय रिजर्व बैंक, 6, संसद मार्ग, दिल्ली 110001 के पते पर भेजे जा सकते हैं। यह सार्वजनिक सूचना कंपनी और उपरोक्त अधिग्रहणकर्ताओं द्वारा संयुक्त रूप से जारी की जा रही है।

बोर्ड के आदेशानुसार
आईएसएफ लिमिटेड
हस्ता/-
विशाल डंग
निदेशक
डीआईएन : 07971525

स्थानः दिल्ली
दिनांकः 29.05.2025



**एसबीईसी सिस्टम्स (इंडिया) लिमिटेड**
CIN :L74210DL1987PLC029979
पंजी. कार्यालय : 1400, हेमकुंट टावर 98, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली-110019
Tel.: +91-11-42504842
E -Mail : sbecsystems@rediffmail.com, Website : www.sbecsystems.in

**31 मार्च 2025 को समाप्त तिमाही और वर्ष हेतु अंकेक्षित वित्तीय परिणामों (स्टैंडअलोन और समेकित) का सार**

(रु. लाख में)

| क्र. सं. | विवरण | स्टैंडअलोन | | | समेकित | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | समाप्त तिमाही | समाप्त वर्ष | समाप्त तिमाही | समाप्त तिमाही | समाप्त वर्ष | समाप्त तिमाही |
| | | 31 मार्च 2025 को समाप्त 3 माह अंकेक्षित | 31 मार्च 2025 को समाप्त वर्ष अंकेक्षित | 31 मार्च 2024 को समाप्त अनुकूल 3 माह अंकेक्षित | 31 मार्च 2025 को समाप्त 3 माह अंकेक्षित | 31 मार्च 2025 को समाप्त वर्ष अंकेक्षित | 31 मार्च 2024 को समाप्त अनुकूल 3 माह अंकेक्षित |
| 1 | कुल आय | 105.59 | 376.91 | 116.74 | 105.59 | 376.91 | 116.74 |
| 2 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, असाधारण और/अथवा असामान्य मदों से पूर्व) | 51.87 | 171.59 | 73.43 | 51.87 | 171.59 | 73.43 |
| 3 | कर से पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि)(असाधारण और/अथवा असामान्य मदों और एसोसिएट्स के लाभ/हानि के शेयर के बाद) | 51.87 | 171.59 | 73.43 | 51.87 | 171.59 | 73.43 |
| 4 | कर के बाद अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/अथवा असामान्य मदों के बाद) | 141.61 | 243.78 | 61.18 | 141.61 | 243.78 | 61.18 |
| 5 | अवधि हेतु कुल व्यापक आय [अवधि हेतु निहित लाभ/(हानि) (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद)] | 141.61 | 243.78 | 61.18 | 141.61 | 243.78 | 61.18 |
| 6 | इक्विटी शेयर कैपिटल | 1000.00 | 1000.00 | 1000.00 | 1000.00 | 1000.00 | 1000.00 |
| 7 | पूर्ववर्ती वर्ष की बैलेंस शीट के अनुसार पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर रिजर्व | - | - | - | - | - | - |
| 8 | अर्जन प्रति शेयर (ईपीएस) (निरंतर और अनिरंतर प्रचालनों हेतु) | | | | | | |
| a | बेसिक | 1.42 | 2.44 | 0.61 | 1.42 | 2.44 | 0.61 |
| b | डायल्युटेड | 1.42 | 2.44 | 0.61 | 1.42 | 2.44 | 0.61 |

टिप्पणी :-
1. उपरोक्त सेबी (लिस्टिंग एवं अन्य घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंज के पास दायर किये गये तैमाहिक परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक सार है। तैमाहिक वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट www.bseindia.com और कम्पनी की वेबसाइट www.sbecsystems.in पर उपलब्ध है और नीचे क्विक रेस्पोंस (क्यूआर) कोड को स्कैन करके देखा भी जा सकता है।
2. उपरोक्त वित्तीय परिणामों की समीक्षा और अनुशंसा ऑडिट कमेटी द्वारा कर ली गई तथा 29 मई 2025 को आयोजित उनकी सम्बन्धित बैठकों में निदेशक मण्डल द्वारा अनुमोदित किये गये।
3. वित्तीय परिणाम कम्पनी (भारतीय लेखा मानदंड) नियम (संशोधित अनुसार) के साथ पठित कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 133 के तहत निर्धारित अनुसार भारतीय लेखा मानक (Ind-AS) के अनुरूप तैयार किये गये हैं।

बोर्ड के आदेशानुसार
कृते एसबीईसी सिस्टम्स (इंडिया) लिमिटेड
हस्ता/-
विजय कुमार मोदी
अध्यक्ष
डीआईएन : 00004606

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 29.05.2025



एक समय तक पर्यावरण बहुत शुद्ध हुआ करता था। चारों ओर प्रकृति के हरे-भरे मनोरम दृश्य दिखते थे। हमें प्रदूषणरहित वातावरण में सांस के लिए शुद्ध वायु मिलती थी। आज सब उलट गया है, प्रदूषण के कारण प्रकृति ने अपनी रमणीयता खो दी है। सांस लेने के लिए शुद्ध वायु नहीं है, न ही नदियों में पीने के लिए शुद्ध जल। ऐसी खतरनाक स्थिति कैसे बनी? पर्यावरण को हम कैसे संरक्षित करें? पर्यावरण दिवस पर पर्यावरण से जुड़ी बहुत ही जरूरी बातें।

# हमारा पर्यावरण क्या था, क्या हो गया कैसे हो संरक्षित



जागरूकता
देवेंद्र मेवाड़ी

बच्चो, हम सभी पर्यावरण की गोद में पल रहे हैं। तुम जानते हो, क्या है पर्यावरण? पर्यावरण का अर्थ है हमारे आस-पास, हमारे चारों ओर का परिवेश। हमारे चारों ओर मौजूद सभी जैविक-अजैविक, सजीव-निर्जीव तत्वों से मिलकर बनता है हमारा पर्यावरण। पेड़, पहाड़, धरती, हवा, नदी, ताल-तलैया, मिट्टी में मौजूद सूक्ष्म जीवों से लेकर कीट-पतंगे और जीव-जंतु... और भी बहुत कुछ हमारे पर्यावरण के अंतर्गत आते हैं। पर्यावरण हमारे जीवन का आधार है, इसलिए इसकी देखभाल, इसका संरक्षण करना जरूरी है, हमारा दायित्व है।

**पहले कुछ ऐसा था हमारा पर्यावरण:** लाखों वर्ष पहले हम मनुष्यों का अस्तित्व इस पृथ्वी पर प्रारंभ हुआ। उस वक्त हमारा पर्यावरण आज के पर्यावरण से एकदम अलग था। तब हमारे चारों ओर थे हरे-भरे वन, ऊंची पर्वत मालाएं, गहरी घाटियां, साफ-सुथरी हवा, कल-कल करती नदियां, झरने और दूर-दूर तक फैले चौरस मैदान। ऊपर नीला आकाश था और नीचे धरती पर सागर और सागर तटों से टकराती लहरें। सागरों में भी विविधताओं से भरी जीव-जंतुओं की दुनिया। ऋतुएं आती और जाती थीं- कभी वसंत और कभी ग्रीष्म, पावस, हेमंत, शरद और शीत ऋतु। इसी ऋतु चक्र में पक्षी चहचहाते, फूलों पर तितलियां मंडरातीं, आसमान में बादल उमड़ते और झमाझम बारिशें बरसतीं। सब कुछ प्राकृतिक, सुंदर, मनोरम।

**जरा याद करके बताओ:** अच्छा बच्चो, जरा याद करो कि पिछली बार कब सुनी थी तुमने किसी नदी की कल-कल, झरनों की झर-झर और हरे-भरे पेड़ों से आती हवा की सांय-सांय की आवाज? कब देखी थी तुमने फूलों पर मंडराती मनमोहक तितली, कब सुनी थी फूलों पर मंडराते भौंरों की गुनगुन, कब चहकी थी तुम्हारी मुंडेर पर गौरैया और कब पास की अमराई में कूकी थी कोयल? नहीं याद आ रहा न! अगर तुम शहर में रहते हो, तो तुम्हारे लिए इन प्रश्नों का उत्तर देना कठिन होगा।



**ऐसे बदला परिदृश्य:** बच्चो, अठारहवीं सदी में एक दिन कोयलों की आग से धधकता, धुआं उगलता, धड़धड़ाता भाप का इंजन आ धमका। उसके साथ ही दुनिया में औद्योगिक युग की शुरुआत हो गई। कोयला बनाने के लिए पेड़ कटने लगे। हरे-भरे वनों का सफाया शुरू हो गया। हरियाली सिमटने लगी, जीव-जंतुओं के घर उजड़ने लगे। धीरे-धीरे गांव और कस्बे शहरों में बदलने लगे। यहां पर सीमेंट-कंक्रीट की ऊंची-ऊंची इमारतें दिखाई देने लगीं। कल-कारखाने हवा में जहरीला धुआं उगलने लगे और नदियों में जहरीला कचरा पहुंचने लगा। जहरीले कीटनाशकों के अंधाधुंध प्रयोग से हमारी नदियां और खेतों की माटी बुरी तरह प्रदूषित होने लगी। हम मनुष्यों ने विरासत में मिली अपनी प्यारी दुनिया बदल दी। इस नई दुनिया में खुद हम मनुष्यों का जीवन भी संकट में पड़ने लगा।

**हम समझें अपनी जिम्मेदारी:** सच कहा जाए तो विकास की दौड़ में हमने प्रकृति संरचना को बुरी तरह बिगाड़ दिया है। अब स्वयं हमारे लिए और हमारे लाखों साथी जीवों के लिए पृथ्वी पर जीना



दिनों-दिन मुश्किल होता जा रहा है। अगर अब भी हम पेड़ों से प्यार नहीं करेंगे, जंगलों की हरियाली नहीं बढ़ाएंगे, हवा में जहरीला धुआं और नदियों-तालाबों और सागरों के पानी में विषैले रसायनों का जहर घोलना बंद नहीं करेंगे तो लाखों जीव नष्ट हो जाएंगे। यही हाल रहा तो आने वाले समय में यह पृथ्वी रहने लायक नहीं रहेगी। इसलिए आओ बच्चो, हम साथ मिलकर पर्यावरण को बचाएं। *

### कोविड हमें लाया प्रकृति के करीब

बच्चो, आज से कुछ साल पहले जब दुनिया कोरोना महामारी से जूझ रही थी, लॉकडाउन चल रहा था, तब हमारे पर्यावरण में कुछ सकारात्मक और हैरान कर देने वाले बदलाव देखने को मिले। गैस चैंबर बने शहरों की हवा में केवल डेढ़-दो माह के भीतर गर्दो-गुबार इतना कम हो गया कि आसमान नीला दिखाई देने लगा! रातों को आसमान में झिलमिलाते तारे नजर आने लगे। हवा में प्राणवायु ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ गई। नदियों के काले, कलुषित पानी में मछलियां दिखाई देने लगीं। स्कूटर, कार, बसें, मेट्रो, रेलगाड़िया और हवाई जहाज न चलने के कारण शहर में कर्कश कोलाहल नहीं रहा, जिसके कारण चारों ओर शांति छा गई। चिड़ियां हमारे घरों के करीब चली आईं। हमें भोर में चिड़ियों की मधुर चहचहाहट सुनाई देने लगी। कहीं मोर नाचने लगे तो कहीं सड़कों पर नीलगाएं घूमने लगीं। जो कल तक अकल्पनीय था, वह संभव हो गया। प्रकृति ने हमें साफ संदेश दे दिया कि अगर हम प्रकृति को प्रदूषित न करें, हमारे कल-कारखाने हवा और नदियों में जहरीले रसायन न उगलें और हम हरियाली को पनपने दें तो हमारा पर्यावरण साफ स्वच्छ रहेगा, गांवों ही नहीं, शहरों की सुबहें भी पंछियों के कलरव से भर जाएंगी।

स्पेशल: वर्ल्ड साइकिल-डे, 3 जून

# बड़े काम की है ईको-फ्रेंडली व्हीकल साइकिल

जानकारी
कुमार गौरव अजीतेंदु

बच्चो, आज से कुछ साल पहले साइकिल यातायात के प्रमुख साधनों में से एक हुआ करती थी। लेकिन आजकल लोगों में साइकिल के प्रति क्रेज कम हो गया है। साइक्लिंग के प्रति लोगों में जागरूकता और लगाव बढ़ाने के उद्देश्य से संयुक्त राष्ट्र (यूनाइटेड नेशंस) ने विश्व साइकिल दिवस यानी 'वर्ल्ड साइकिल-डे' मनाने का निर्णय लिया। पहला आधिकारिक विश्व साइकिल दिवस 3 जून, 2018 को मनाया गया था।



**कैसे आई दुनिया में साइकिल:** साइकिल के प्रयोग को मूर्तरूप सर्वप्रथम सन 1817 में पेरिस के एक कारीगर कार्ल वॉन ड्रैस ने दिया। उसने जो वाहन बनाया, उसे हॉबी हॉर्स यानी काठ का घोड़ा कहा जाता था। यह वाहन साइकिल जैसा ही था, लेकिन इसमें पैडल नहीं थे, इसे पैरों से धक्का देकर आगे बढ़ाना होता था।

**पैडल वाले साइकिल का आविष्कार:** पैर से घुमाए जाने वाले पैडलयुक्त पहिए का आविष्कार सन 1865 ई. में पेरिस (फ्रांस) निवासी लालेमेंट ने किया। इस यंत्र को वेलॉसिपीड कहते थे। इंग्लैंड, फ्रांस और अमेरिका के यंत्र निर्माताओं ने इसमें अनेक महत्वपूर्ण सुधार कर सन 1872 में इसे एक सुंदर और हल्का रूप दे दिया। इसमें पैडल के अतिरिक्त वेयरिंग और ब्रेक भी लगाए गए थे। इससे इसे चलाना आसान हो गया। *

### भारत में साइकिल

दुनिया में जब जगह-जगह साइकिल प्रचलन में आ गई तो भारत में भी इसे खूब उपयोग किया जाने लगा। आजादी से पहले और आजादी के कुछ सालों बाद भी जब गांवों में अधिकतर सड़कें कच्ची थीं, उस समय साइकिल को आवा-गमन के लिए बहुत ही उपयोगी वाहन के रूप में लोग उपयोग करने लगे। दूधवाले, किसान, पोस्टमैन और आम जनता साइकिल का उपयोग धड़ल्ले से करती थी। आजादी की लड़ाई के दौरान भी हमारे क्रांतिकारियों ने साइकिल का उपयोग किया।



### साइकिल से जुड़ी कुछ रोचक बातें

- **Bicycle** शब्द फ्रेंच भाषा के **bicyclette** वर्ड से निकला है।
- नीदरलैंड को 'साइकिलों का देश' कहा जाता है। बताया जाता है, वहां के प्रधानमंत्री भी साइकिल से अपने ऑफिस जाते हैं।
- डेनमार्क के कोपेनहेगेन को 'सिटी ऑफ साइक्लिस्ट' भी कहा जाता है। यहां की तकरीबन 52 प्रतिशत आबादी साइकिल चलाती है।
- बोनशेकर साइकिल का वजन अस्सी किलोग्राम था।
- रोजाना 30 मिनट साइकिल चलाने वाले व्यक्ति का दिमाग साधारण व्यक्ति के मुकाबले ज्यादा एक्टिव रहता है, इतना ही नहीं ब्रेन पॉवर भी 15 से 20 फीसदी ज्यादा होती है।

कविता / अखिलेश श्रीवास्तव 'चमन'

## जीवन की नींव



जैसे हम जगते, सोते हैं
पेड़ भी जगते, सोते हैं।
जैसे हम हंसते, रोते हैं
पेड़ भी हंसते, रोते हैं।
पेड़ भी खाते हैं, पीते हैं
पेड़ भी सांस लिया करते।
कार्बनडाईऑक्साइड ले
ऑक्सीजन हमें दिया करते।
पहले सभी समझते थे कि
प्राण हीन होते हैं वन।
जे.सी. बोस ने यह बतलाया
पौधों में भी है जीवन।
चाहे पेड़ और पौधा हो
चाहे हो कोई भी जीव।
छोटी सृजक कोशिका होती है
सब के जीवन की नींव।

## एंवॉयर्नमेंट नॉलेज



**Q** : भारतीय वन सर्वेक्षण का मुख्यालय कहां स्थित है?
**A** : देहरादून में।

**Q** : राष्ट्रीय वन नीति के अनुसार कितने प्रतिशत भू-भाग पर वन होना अनिवार्य है?
**A** : 33 प्रतिशत।

**Q** : चिपको आंदोलन के पीछे मुख्य उद्देश्य क्या था?
**A** : वनों की सुरक्षा।

**Q** : देश का पारिस्थितिकी अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र कहां स्थित है?
**A** : बैंग्लुरु (कर्नाटक)।

**Q**: ग्रीन हाउस प्रभाव क्या है?



**A** : ग्रीन हाउस प्रभाव में सूर्य की किरणें पृथ्वी पर आ तो जाती हैं, लेकिन कार्बन डाइऑक्साइड गैस के घेरे के कारण वापस नहीं जा पाती हैं।

**Q** : भारत का पर्यावरण शिक्षा केंद्र कहां स्थित है?
**A** : अहमदाबाद (गुजरात)।

**Q** : इंदिरा गांधी वानिकी अकादमी कहां स्थित है?
**A** : देहरादून (उत्तराखंड)।

**Q** : विश्व वानिकी दिवस कब मनाया जाता है?
**A** : 21 मार्च।

**Q** : भारतीय वन प्रबंधन संस्थान कहां है?
**A** : भोपाल में।

**Q** : भारत में सबसे अधिक वन किस प्रदेश में हैं?
**A** : मध्य प्रदेश।

**Q** : पौधे अपनी खाद्य निर्माण प्रक्रिया में कार्बन डाइऑक्साइड गैस वायुमंडल से लेते हैं और बदले में जीवधारियों को सांस लेने के लिए क्या मुक्त करते हैं?
**A** : ऑक्सीजन।

**Q** : कार्बन डाइऑक्साइड, सल्फर डाइऑक्साइड, कार्बन मोनो ऑक्साइड गैसों द्वारा कौन-सा प्रदूषण होता है?
**A** : वायु प्रदूषण।

**Q** : बायोकेमिकल ऑक्सीजन डिमांड परीक्षा किस प्रदूषण को मापने के लिए की जाती है?
**A** : जल प्रदूषण।

**Q** : परॉक्सीएसेटिल नाइट्रेट क्या है?
**A** : वायु प्रदूषक।

**Q** : राष्ट्रीय पर्यावरण अनुसंधान केंद्र कहां पर स्थित है?
**A** : नागपुर (महाराष्ट्र)।

**Q** : वायुमंडल में ओजोन परत हमारी रक्षा किन किरणों से करती है?
**A** : पराबैंगनी किरणों से।

**Q** : वायुमंडल में कौन-सी गैस सर्वाधिक पाई जाती है?
**A** : नाइट्रोजन।

प्रस्तुति: दीपक कोहली

निर्मला आंटी को यह बिल्कुल नहीं पसंद था, उनके घर के सामने खुले मैदान में बच्चे क्रिकेट-फुटबॉल खेलें और गेंद-फुटबॉल उनके लॉन में रखे गमलों पर गिरे, पौधे बर्बाद हों। लेकिन एक बार जब उन्हें जरूरी काम से शहर के बाहर जाना पड़ा, लौटकर जब वह आईं, अपने लॉन के पेड़-पौधों को उन्होंने जिस हालत मे देखा, वह आश्चर्यचकित रह गईं।

# ओह! यह तो वही लड़का है



कहानी
सिराज अहमद



निर्मला आंटी थोड़ी सख्त मिजाज की थीं। पिछले साल ही वह इस कॉलोनी में शिफ्ट हुई थीं। उनके घर के सामने एक खुला मैदान था, जहां शाम में बच्चे इकट्ठे होकर खेलते रहते। कभी क्रिकेट तो कभी फुटबॉल। कभी-कभी ऐसा होता कि क्रिकेट खेलते वक्त गेंद निर्मला आंटी के घर में चली जाती। कोई बच्चा जब गेंद मांगने जाता तो वह मुंह लटकाए खाली हाथ ही वापस आता।

निर्मला आंटी गेंद कभी वापस नहीं करतीं। वह बच्चों पर खूब बरसतीं। बच्चे उनसे गेंद देने की सिर्फ रिक्वेस्ट करते, कुछ न कह पाते और खेल बंद हो जाता। बच्चे कितनी बार नई गेंद खरीद कर लाएं? हर बार उनके लिए पैसों का बंदोबस्त कर पाना मुश्किल होता।

निर्मला आंटी के घर के अंदर लॉन में ढेर सारे गमलों में तरह-तरह के खूबसूरत पेड़-पौधे लगे थे। उन्हें इस बात का डर था कि कहीं गेंद उनके लगाए गए पौधों को बर्बाद न डाले। निर्मला आंटी को पेड़-पौधों से बेइंतहा मोहब्बत थी। मोहल्ले में उन्होंने पेड़ लगाने की जोरदार मुहिम चलाई थी कि घर-घर पेड़ होने चाहिए। कम ही समय में उनकी मेहनत रंग लाई और कॉलोनी में हरियाली दिखने लगी थी। एक रोज की बात है। उन्हें खबर मिली कि उनकी मम्मी की तबीयत ज्यादा खराब है। उन्हें आनन-फानन में दूसरे शहर जाना पड़ा।

अब क्या था? उनके जाने से बच्चों को फायदा हुआ। गेंद जब भी उनके घर में जाती तो वे छोटी-छोटी बाउंड्री फांदकर फौरन गेंद वापस ले आते। कोई चिकचिक नहीं। कोई डांट-फटकार नहीं। कोई देखने-पूछने वाला नहीं। देखते-देखते निर्मला आंटी को गए दो महीने हो गए थे। इधर बच्चे मस्ती में क्रिकेट का लुत्फ उठा रहे थे। वो भी बिना किसी रोक-टोक के।

एक रोज भी ऐसा ही हुआ। खेलते-खेलते गेंद घर के अंदर चली गई। चहकता हुआ सौरभ दौड़ा और बाउंड्री फांदकर फौरन घर के अंदर कूदा। वह गेंद ढूंढ़ ही रहा था, इतने में ही निर्मला आंटी की गाड़ी गेट के पास आकर रुकी। बाहर खेल रहे बच्चे भागकर अपने-अपने घरों में जा छुपे। बेचारा सौरभ फंस गया था। गेट पर उनकी आवाज सुनकर उसे मालूम पड़ गया कि निर्मला आंटी आ गई हैं। वह चुपचाप एक जगह खड़ा हो गया। निर्मला आंटी ने जैसे ही गेट खोला, सौरभ को सामने खड़ा पाया। उसके हाथों में गेंद थी।

फिर तो पूछिए नहीं। निर्मला आंटी ने उसे खूब खरी-खोटी सुनाई। उस पर खूब चिल्लाईं। चोर भी बोला, जबकि वह बार-बार यह कहता रहा कि वह सिर्फ गेंद लेने ही आया था। उन्होंने उसे धमकी दी कि वह उसके घर आकर उसके पापा से शिकायत जरूर करेंगी। उदास सौरभ वहां से घर की ओर चल पड़ा। उसने यह तय किया कि अब वह कभी यहां खेलने नहीं आएगा।

शाम हो चुकी थी। निर्मला आंटी बाहर ही कुर्सी डाल कर बैठ गईं। तभी उनकी नजर लॉन में रखे सभी गमलों पर गई तो वह हैरान रह गईं और सोचने लगी, 'गमलों में पानी किसने डाला? वह तो महीनों से बाहर थीं।'

वह फटाफट अंदर गईं। घर में लगे सीसीटीवी कैमरे की रिकॉर्डिंग खंगालने लगीं। तभी अचानक उनकी नजरें एक वीडियो पर जम गईं, जो कि उनके जाने के दो दिन बाद की थी।

एक बच्चा गेंद उठाने बाउंड्री से अंदर आता है। गेंद उठा कर वह थोड़ा ठहर जाता है, वहां रखे गमले को देखता है। फिर वहीं पर रखे जग में पानी की टोटी से पानी भरता है, सारे गमलों में अच्छी तरह से पानी डालता है। पेड़ों को फुहार मार कर नहलाता है। फिर हंसता हुआ गेंद लेकर बाहर निकल जाता है।

निर्मला आंटी ने और भी कई वीडियो देखे, जिसमें वह लड़का अंदर आता है और सिर्फ पौधों में पानी डाल कर वापस चला जाता है। वह सिर्फ यही करने अंदर आता है।

निर्मला आंटी द्वारा लगाए गए सभी पौधे हरे-भरे थे। कुछ में फूल भी खिले थे। यह तो तय था कि अगर उनमें पानी न दिया जाता तो वे सूख जाते, मुरझा जाते।

निर्मला आंटी ने कैमरे को जूम करके बच्चे को पहचानने की कोशिश की तो और भी हैरान रह गईं, 'ओह, यह तो वही लड़का है, जिसे मैंने बुरी तरह डांटा है-सौरभ।' आज जाने से पहले उन्होंने उसका नाम पूछ लिया था।

सौरभ का उदास और डरा हुआ चेहरा निर्मला आंटी के मन में आया। उन्होंने मन ही मन निर्णय ले लिया था, वह सौरभ के घर जाकर उसके मम्मी-पापा से उसकी तारीफ करेंगी, उसे शाबाशी देंगी और उसे फूलों वाला एक गमला भी उपहार में देंगी। *

कविता
रजनीकांत शुक्ल



## फिर नवजीवन पाना

नदिया पर्वत झील समंदर
सारे करें इशारे
जब भी मन ना लगे कहीं
तो आना पास हमारे।
चहकें चिड़िया जहां दूर तक
फैल रही हरियाली
चले हवा तो उसकी धुन सुन
लहके डाली-डाली।
कोलाहल से दूर शांति की
बस्ती बसी निराली
आसमान में बादल घूमें
हवा चले मतवाली।
झर-झर झरते मन को हरते
झरनों की मनहर धुन
कुहू-कुहू कोयल का गाना
भौंरों की यह गुन-गुन।
जब भी जी ना लगे तुम्हारा
पास हमारे आना
नई ऊर्जा भर जाएगी
फिर नवजीवन पाना।

## रंग भरो-176

**रंग भरो-176** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





आस्तिका, चांपा



अयान, रायपुर



कृतिका, सीपत



तेजू, रायपुर



शौर्य, जांजगीर




अरल, बिलासपुर

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

आतिया-बहादुरगढ़, भूमिका-बागबाहरा, दीप्ति-दुर्ग, दिव्यांश-दुर्ग, डॉली-मटियारी, रोशनी-दुर्ग, संस्कार-बलौदा बाजार, श्वेता-रायपुर, तन्मय-दुर्ग, अमन-रायपुर, नेहा-बिलासपुर, सक्षम-रायगढ़, जिया-महासमुंद, कल्पना-राजनांदगांव, राज-भोपाल

## रंग भरो 177



बच्चो, यहां दिए गए ब्लैक एंड व्हाइट चित्र में मनन पौधा लगाकर फावड़े से मिट्टी गोड़ रहा है। पास ही खड़ी खुशी पौधे में पानी डाल रही है। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।



## सीएम ने कुरुक्षेत्र से किया विकसित कृषि संकल्प अभियान का शुभारंभ, बोले

**नरेंद्र मोदी ने किसानों को किया सशक्त**

# 55 साल तक सत्ता का सुख भोगने वाली कांग्रेस किसानों की हालत की जिम्मेदार

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ कुरुक्षेत्र

नायब सिंह सैनी ने कुरुक्षेत्र के कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित विकसित कृषि संकल्प अभियान का शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने प्रदेशभर से आए किसानों को संबोधित किया। कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा कि 55 सालों तक सत्ता सुख भोगने वाली कांग्रेस सरकार किसानों की हालत की जिम्मेदार रही है, जबकि वर्ष 2014 में देश के प्रधान सेवक के रूप में देश की बागडोर संभालने के बाद नरेंद्र मोदी ने लगातार किसानों को न केवल सशक्त और मजबूत किया है, बल्कि उन्हें विकसित भारत का महत्वपूर्ण स्तंभ मानते हुए आत्मनिर्भर बनाने का काम किया है। कांग्रेस नेताओं ने चुनाव के समय किसानों को गुमराह करने के लिए कहा कि यदि नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने तो एमएसपी को खत्म कर देंगे।



**कुरुक्षेत्र।** अभियान का शुभारंभ करते सीएम नायब सैनी, साथ हैं कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा।


**कुरुक्षेत्र।** कार्यक्रम में किसानों को संबोधित करते मुख्यमंत्री नायब सैनी

### नई तकनीक सीखेंगे किसान

विकसित कृषि संकल्प अभियान का उद्देश्य किसानों को नई तकनीक, योजना और नवाचार से जोडकर कृषि क्षेत्र में सुधार लाना है। किसानों को खरीफ फसलों की वैज्ञानिक तकनीकों की जानकारी देना, मृदा स्वास्थ्य कार्ड के महत्व को समझाना और सरकारी योजनाओं व नीतियों का लाभ पहुंचाना है। इस अभियान के तहत किसानों से सीधा संवाद करके फीडबैक लेकर कृषि अनुसंधान को एक नई दिशा मिलेगी।

### 55 टीम करेंगी जागरूक

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव डा. राजा शेखर वुंदरु ने कहा कि पहली बार प्रदेश में विकसित कृषि संकल्प अभियान की शुरूआत हो रही है। प्रदेश के 22 जिलों, 109 ब्लॉकों में 55 टीमें इस अभियान की जानकारी किसानों तक पहुंचाएंगी। इनमें कृषि विभाग के अधिकारी, वैज्ञानिक, केन्द्रीय टीम का सदस्य सहित अन्य विभाग के अधिकारी शामिल होंगे।

### केंद्र सरकार ने बनाई योजना

किसानों की फसलों का उत्पादन बढ़ाने के लिए केन्द्र सरकार ने बनाई योजना है। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि देश में किसानों की फसलों का उत्पादन बढ़ाने के लिए 15 दिनों का विकसित कृषि संकल्प अभियान कार्यक्रम लांच किया गया है। ये कार्यक्रम प्रदेश के किसानों को उनकी भूमि की जानकारी मुहैया करवाने, सरकार की योजनाओं का किसानों तक लाभ पहुंचाने और उनके संदेश को कृषि विभाग तक पहुंचाने का काम करेगा।

### पत्रिकाओं का विमोचन

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने 5 विभागों की पत्रिकाओं का विमोचन और आईसीएआर विभाग की तरफ से अभियान के पोस्टर को हस्ताक्षर करके लॉच किया। इनमें कृषि विभाग की पत्रिकाएं स्मारिका एवं किसान मार्ग दर्शिका और मृदा उर्वरता मानचित्र कुरुक्षेत्र, बागवानी विश्वविद्यालय की पत्रिका हरियाणा बागवानी, बागवानी विभाग की पत्रिका किसानों के लिए कार्यक्रम एवं अनुदान योजनाएं 2025-26, खरीफ फसलों के समय- सिफारिशें,

## कोयला लोड करते समय दबा मजदूर, मौत

**रायगढ़।** भूपदेवपुर थाना क्षेत्र के ग्राम परसदा के पास स्थित कोल डिपो में ट्रेलर में कोयला लोड करते समय चालक की कोयले के नीचे दबकर मौत हो गई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, बुधवार दोपहर करीब 11 बजे ट्रेलर चालक फूलचंद उरांव (32 वर्ष, निवासी झारखंड) कोयला लेने परसदा कोल डिपो पहुंचा था। कोयला लोडिंग के बाद वह अचानक लापता हो गया। आसपास के लोगों ने उसकी खोजबीन की, लेकिन वह नहीं मिला। गुरुवार शाम को जब ट्रेलर से कोयला खाली किया गया तो उसी में फूलचंद का शव कोयले के नीचे दबा हुआ मिला। इस घटना से कोल डिपो में सनसनी फैल गई। भूपदेवपुर पुलिस को सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि कोयला लोडिंग के दौरान चालक ट्राले में मौजूद था और कोयले के नीचे दबने से उसकी मौत हो गई। मौत के सटीक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद चलेगा। पुलिस ने मामले में आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।



## सीएम ने स्टार्ट-अप अभियान में महिला स्व-सहायता समूहों की कंपनियों में 8 करोड़ से

- डॉ. यादव ने सारणी में 464 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का किया लोकार्पण एवं भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मप्र के साथ पूरा देश लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती मना रहा है। हमारी सरकार महिला स्वावलंबन तथा सशक्तिकरण की दिशा में लगातार काम कर रही है। उन्होंने बैतूल के विकास पर केंद्रित पुस्तिका विकास के पथ पर अग्रसर का विमोचन किया।

मुख्यमंत्री ने स्व-सहायता समूह से स्टार्ट-अप अभियान के तहत 4 स्व-सहायता समूह की महिलाओं को स्टार्ट-अप कंपनियों में 8 करोड़ 10 लाख रुपए के इंट्रेस्ट टू इन्वेस्ट पत्र वितरित किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को बैतूल जिले के सारणी में स्व-सहायता समूह सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने यहां 464 करोड़ रुपए से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। मुख्यमंत्री ने सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्यम, मप्र डे राज्य शहरी आजीविका मिशन, मप्र राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन सहित लोक स्वास्थ्य परिवार कल्याण, वन की प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

## सर छोटूराम एजुकेशनल एंड कल्चरल सोसाइटी ने किया सांसद धर्मबीर का स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

गुरुग्राम द्वारा को अपने परिसर में माननीय सांसद धर्मबीर सिंह मुख्य अतिथि के स्वागत एवं अभिनंदन समारोह का भवय आयोजन किया गया, जिसमें अनेक गणमान्य अतिथियों, समाजसेवियों, शिक्षाविदों एवं छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धर्मबीर सिंह (सांसद, भिवानी-महेन्द्रगढ़) ने अपने संबोधन में शिक्षा को सर्वाधिक आवश्यक बताते हुए कहा कि शिक्षा हमारे जीवन के हर क्षेत्र में विकास की नींव है और सर छोटूराम सोसाइटी इस दिशा में सराहनीय कार्य कर रही है। समारोह की अध्यक्षता श्री गोपीचंद गहलोत्त (पूर्व डिप्टी स्पीकर, हरियाणा सरकार) ने की, जिन्होंने सर छोटूराम के विचारों को आज की प्रेरणा बताते हुए समाज में जागरूकता लाने हेतु ऐसे आयोजनों की आवश्यकता पर बल दिया। एजुकेशन कमेटी के चेयरमैन जनरल रणजीत सिंह ने सभा को संबोधित करते हुए 'ऑपरेशन सिंदूर' का उल्लेख किया और बताया कि किस प्रकार भारतीय सेना ने साहसपूर्वक सर्जिकल स्ट्राइक को अंजाम दिया, जो देश की सुरक्षा और सेना की रणनीतिक कुशलता का प्रतीक है। संस्थान के प्रधान श्री राजवीर सिंह ठाकरान ने संस्थान के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह संस्थान सामाजिक क्षेत्र में कार्य कर रही है जैसे निर्धन विद्यार्थियों को निशुल्क शिक्षा देना बालिकाओं की शिक्षा को बढ़ावा एवं सांस्कृतिक जागरूकता अभियान ,प्रतियोगिता परीक्षाओं के लिए मार्गदर्शन आदि क्षेत्र में सफलतापूर्वक कार्य कर रही है श्री राजवीर सिंह ने बतलाया कि इस वर्ष हमारे विद्यालय का परिणाम भी बहुत उत्कृष्ट एवं शत प्रतिशत रहा। मंच पर उपस्थित संस्थान के पदाधिकारी, श्री के. के. श्योकंद (महासचिव), कुलवंत दहिया (उप प्रधान), मनोज खांडसा (सह सचिव), देवेंद्र महलावत (कोषाध्यक्ष), विनोद कटारिया (लेखा परीक्षक) एवं विद्यालय के प्राचार्य डॉ. नरेंद्र डबास उपस्थित रहे। दीप प्रज्वलन के साथ सरस्वती और दीनबंधु सर छोटूराम जी को नमन करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया, जिसके उपरांत अनेक रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।




## जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र की फीस तय सर्वर डाउन होने से अटकी रसीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जन्म-मृत्यु प्रमाण-पत्र बनवाने में अब फीस तय होने के बाद पहले ही दिन आईएसबीटी स्थित कार्यालय में लोगों की भीड़ बढ़ गई, लेकिन रसीद नहीं कटने से आवेदकों को घंटों इंतजार करना पड़ा।

बार-बार सर्वर डाउन होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। इधर, आधार और पासपोर्ट बनवाने में जन्म प्रमाण-पत्र अनिवार्य होने की वजह से भी यहां भीड़ बढ़ गई है। काउंटर पर रसीद काट रहे कर्मचारियों का कहना है कि एक-एक रसीद काटने में 10 से 15 मिनट का समय लगा। बुधवार से जन्म-

### पहले ही दिन प्रमाण पत्र बनवाने वालों की लगी भीड़

मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने का शुल्क लगने लगा है। रसीद भी ऑनलाइन ही कट रही है। पहले ऑफलाइन रसीद कट जाती थी, जिसे कर्मचारी बाद में अपलोड कर देते थे, लेकिन अब पोर्टल ही फीस तय करता है, इसलिए बिना ऑनलाइन प्रक्रिया के आवेदन जमा नहीं हो रहे। ऐसे में एक-एक आवेदन और रसीद काटने में 10 से 15 मिनट का समय लग रहा है। वहीं दोपहर 2 बजे के बाद अचानक सर्वर भी ठप हो गया और देखते ही देखते काउंटर के बाहर कतारें लग गईं।


## ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियाँ-2025

रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा निम्नलिखित ग्रीष्मकालीन स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ियों का संचालन किया जायेगा, जिनका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:-

| गाड़ी संख्या | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | आवृत्ति | चलने के दिन | चलने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 04088 | नई दिल्ली | 15:50 | पटना जंक्शन | 08:40 | प्रतिदिन | | 10.07.2025 तक |
| 04087 | पटना जंक्शन | 10:00 | नई दिल्ली | 03:20 | | | 11.07.2025 तक |
| 04064 | नई दिल्ली | 09:30 | शेखपुरा | 04:30 | द्वि-साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04063 | शेखपुरा | 06:00 | नई दिल्ली | 01:10 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04066 | नई दिल्ली | 21:35 | सहरसा जंक्शन | 22:00 | द्वि-साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04065 | सहरसा जंक्शन | 23:55 | नई दिल्ली | 23:30 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04022 | नई दिल्ली | 14:00 | गोरखपुर | 05:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04021 | गोरखपुर | 07:00 | नई दिल्ली | 23:10 | | शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04081 | नई दिल्ली | 23:45 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 11:40 | त्रि-साप्ताहिक | सोमवार, बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04082 | श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा | 21:20 | नई दिल्ली | 09:30 | | मंगल, गुरु, रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04012 | दिल्ली जंक्शन | 19:30 | दरभंगा जंक्शन | 20:30 | द्वि-साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04011 | दरभंगा जंक्शन | 22:00 | दिल्ली जंक्शन | 22:40 | | बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04024 | दिल्ली जंक्शन | 19:30 | वाराणसी जंक्शन | 09:45 | त्रि-साप्ताहिक | सोम,गुरु,शनि | 10.07.2025 तक |
| 04023 | वाराणसी जंक्शन | 18:35 | दिल्ली जंक्शन | 08:50 | | मंगल,शुक्र,रवि | 11.07.2025 तक |
| 04026 | दिल्ली जंक्शन | 23:05 | रक्सौल जंक्शन | 19:00 | साप्ताहिक | गुरुवार | 10.07.2025 तक |
| 04025 | रक्सौल जंक्शन | 22:00 | दिल्ली जंक्शन | 17:45 | | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04018 | आनंद विहार (ट) | 09:00 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 04:30 | साप्ताहिक | गुरुवार | 10.07.2025 तक |
| 04017 | मुजफ्फरपुर जं | 06:15 | आनंद विहार (ट) | 03:10 | | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04020 | आनंद विहार (ट) | 19:30 | बरौनी जंक्शन | 18:00 | साप्ताहिक | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04019 | बरौनी जंक्शन | 20:00 | आनंद विहार (ट) | 19:00 | | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04070 | आनंद विहार (ट) | 00:20 | राजगीर | 19:50 | द्वि-साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04069 | राजगीर | 21:45 | आनंद विहार (ट) | 19:00 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04096 | आनंद विहार (ट) | 04:59 | जयनगर | 05:20 | द्वि-साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04095 | जयनगर | 07:30 | आनंद विहार (ट) | 08:10 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04098 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | सीतामढी | 02:30 | द्वि-साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04097 | सीतामढी | 03:45 | आनंद विहार (ट) | 01:30 | | बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04094 | आनंद विहार (ट) | 23:55 | जोगबनी | 07:30 | साप्ताहिक | गुरुवार | 10.07.2025 तक |
| 04093 | जोगबनी | 09:30 | आनंद विहार (ट) | 16:00 | | शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04207 | लखनऊ जंक्शन | 08:05 | नई दिल्ली | 18:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04208 | नई दिल्ली | 20:20 | लखनऊ जंक्शन | 06:35 | | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04213 | अयोध्या कैंट | 18:20 | आनंद विहार (ट) | 06:00 | त्रि-साप्ताहिक | रवि,मंगल,गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04214 | आनंद विहार (ट) | 09:00 | अयोध्या कैंट | 22:00 | | सोम,बुध,शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04687 | बनिहाल | 18:40 | बडगाम | 20:20 | सप्ताह में 06 दिन | शुक्रवार को छोड़कर | 03.06.2025 तक |
| 04688 | बडगाम | 08:35 | बनिहाल | 10:40 | | | 03.06.2025 तक |
| 04217 | वाराणसी जंक्शन | 06:25 | लखनऊ जंक्शन | 11:45 | प्रतिदिन | | 30.06.2025 तक |
| 04218 | लखनऊ जंक्शन | 16:30 | वाराणसी जंक्शन | 21:50 | | | 30.06.2025 तक |
| 04219 | शाहगंज जंक्शन | 22:35 | अयोध्या धाम जंक्शन | 01:40 | प्रतिदिन | | 10.07.2025 तक |
| 04220 | अयोध्या धाम जंक्शन | 02:10 | शाहगंज जंक्शन | 04:40 | | | 10.07.2025 तक |
| 02270 | लखनऊ जंक्शन (वंदे भारत स्पेशल) | 14:15 | छपरा | 21:30 | सप्ताह में 06 दिन | मंगलवार को छोड़कर | 11.07.2025 तक |
| 02269 | छपरा | 23:00 | लखनऊ जंक्शन | 06:30 | | | 11.07.2025 तक |
| 04604 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 18:15 | वाराणसी जंक्शन | 19:00 | साप्ताहिक | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04603 | वाराणसी जंक्शन | 05:00 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 06:00 | | मंगलवार | 08.07.2025 तक |
| 04206 | वाराणसी जंक्शन | 14:50 | चंडीगढ़ | 07:45 | साप्ताहिक | शनिवार | 05.07.2025 तक |
| 04205 | चंडीगढ़ | 09:30 | वाराणसी जंक्शन | 01:20 | | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04518 | बठिण्डा जंक्शन | 20:50 | वाराणसी जंक्शन | 17:30 | द्वि-साप्ताहिक | सोम, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04517 | वाराणसी जंक्शन | 20:40 | बठिण्डा जंक्शन | 17:00 | | मंगल, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04209 | लखनऊ जंक्शन | 20:45 | चंडीगढ़ | 07:55 | त्रि-साप्ताहिक | सोम,बुध,शुक्र | 09.07.2025 तक |
| 04210 | चंडीगढ़ | 10:20 | लखनऊ जंक्शन | 21:30 | | मंगल,गुरु,शनि | 10.07.2025 तक |
| 04503 | पटना जंक्शन | 22:45 | चंडीगढ़ | 23:10 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 30.05.2025 तक |
| 04302 | योग नगरी ऋषिकेश | 15:20 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 13:00 | साप्ताहिक | मंगलवार | 15.07.2025 तक |
| 04301 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 15:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 14:20 | | बुधवार | 16.07.2025 तक |
| 04606 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 21:30 | गुवाहाटी | 20:20 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 30.05.2025 तक |
| 04605 | गुवाहाटी | 23:00 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 20:45 | | सोमवार | 02.06.2025 तक |
| 04610 | जम्मू तवी | 06:20 | वाराणसी जंक्शन | 05:10 | साप्ताहिक | गुरुवार | 09.07.2025 तक |
| 04609 | वाराणसी जंक्शन | 09:00 | जम्मू तवी | 07:45 | | शुक्रवार | 10.07.2025 तक |
| 04304 | योग नगरी ऋषिकेश | 15:20 | गोरखपुर | 06:20 | साप्ताहिक | शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04303 | गोरखपुर | 09:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 00:55 | | रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04602 | फिरोजपुर कैंट जंक्शन | 15:10 | पटना जंक्शन | 18:00 | द्वि-साप्ताहिक | बुध, शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04601 | पटना जंक्शन | 20:50 | फिरोजपुर कैंट जंक्शन | 23:55 | | गुरु, रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04608 | अमृतसर जंक्शन | 20:10 | दरभंगा जंक्शन | 02:30 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04607 | दरभंगा जंक्शन | 04:00 | अमृतसर जंक्शन | 10:30 | | रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04212 | सुल्तानपुर जंक्शन | 04:00 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 14:00 | साप्ताहिक | सोमवार | 23.06.2025 तक |
| 04211 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 16:35 | सुल्तानपुर जंक्शन | 23:00 | | मंगलवार | 24.06.2025 तक |
| 05559 | रक्सौल जंक्शन | 05:30 | उधना जंक्शन | 12:35 | साप्ताहिक | शनिवार | 26.07.2025 तक |
| 05560 | उधना जंक्शन | 15:35 | रक्सौल जंक्शन | 00:15 | | रविवार | 27.07.2025 तक |
| 04058 | नई दिल्ली | 19:30 | सहरसा जं. | 19:50 | द्वि-साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04057 | सहरसा जं. | 21:40 | नई दिल्ली | 23:30 | | बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04072 | दिल्ली जं. | 11:00 | दरभंगा जं. | 13:30 | द्वि-साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04071 | दरभंगा जं. | 15:00 | दिल्ली जं. | 18:50 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04074 | आनंद विहार (ट) | 23:55 | जोगबनी | 07:30 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04073 | जोगबनी | 09:30 | आनंद विहार (ट) | 16:00 | | रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04060 | नई दिल्ली | 09:30 | खोरधा रोड जं. | 17:05 | साप्ताहिक | शनिवार | 14.06.2025 तक |
| 04059 | खोरधा रोड जं. | 18:30 | नई दिल्ली | 00:30 | | रविवार | 15.06.2025 तक |
| 03255 | पटना जंक्शन | 22:20 | आनंद विहार (ट) | 18:35 | द्वि-साप्ताहिक | रवि, गुरु | 02.01.2025 से अगले आदेश तक |
| 03256 | आनंद विहार (ट) | 23:30 | पटना जंक्शन | 18:35 | | सोम, शुक्र | 03.01.2025 से अगले आदेश तक |
| 05049 | छपरा | 10:15 | अमृतसर जंक्शन | 13:50 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 07.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05050 | अमृतसर जंक्शन | 17:45 | छपरा | 23:55 | | शनिवार | 08.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05305 | छपरा | 22:00 | आनंद विहार (ट) | 22:10 | द्वि-साप्ताहिक | सोम, गुरु | 17.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05306 | आनंद विहार (ट) | 00:20 | छपरा | 22:50 | | बुध, शनि | 19.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05057 | गोरखपुर जंक्शन | 22:45 | दिल्ली जंक्शन | 12:50 | साप्ताहिक | गुरुवार | 06.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05058 | दिल्ली जंक्शन | 14:00 | गोरखपुर जंक्शन | 06:25 | | शुक्रवार | 07.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 01701 | जबलपुर | 19:40 | अयोध्या कैंट | 11:00 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 01702 | अयोध्या कैंट | 13:30 | जबलपुर | 04:15 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 03309 | धनबाद जंक्शन | 10:10 | जम्मू तवी | 22:40 | द्वि-साप्ताहिक | मंगल, शनि | 28.06.2025 तक |
| 03310 | जम्मू तवी | 23:30 | धनबाद जंक्शन | 13:00 | | बुध, रवि | 29.06.2025 तक |
| 02397 | गया | 14:15 | आनंद विहार (ट) | 07:10 | साप्ताहिक | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 02398 | आनंद विहार (ट) | 08:20 | गया | 00:30 | | सोमवार | 30.06.2025 तक |
| 03257 | दानापुर | 07:30 | आनंद विहार (ट) | 00:30 | साप्ताहिक | रविवार | 27.07.2025 तक |
| 03258 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | दानापुर | 20:45 | | सोमवार | 28.07.2025 तक |
| 03697 | गया | 14:15 | दिल्ली जंक्शन | 07:45 | सप्ताह में 6 दिन | रवि को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 03698 | दिल्ली जंक्शन | 08:55 | गया | 00:30 | | सोम को छोड़कर | 01.07.2025 तक |
| 05577 | सहरसा जंक्शन | 20:00 | आनंद विहार (ट) | 00:30 | सप्ताह में 5 दिन | गुरु, शनि को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 05578 | आनंद विहार (ट) | 05:15 | सहरसा जंक्शन | 10:30 | | शनि, सोम को छोड़कर | 02.07.2025 तक |
| 02393 | राजेंद्र नगर (ट) | 19:45 | नई दिल्ली | 12:10 | सप्ताह में 6 दिन | गुरुवार को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 02394 | नई दिल्ली | 18:30 | राजेंद्र नगर (ट) | 10:00 | | शुक्र को छोड़कर | 01.07.2025 तक |
| 02877 | रांची | 23:55 | नई दिल्ली | 03:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 02878 | नई दिल्ली | 04:00 | रांची | 05:00 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 05736 | कटिहार जंक्शन | 21:00 | अमृतसर जंक्शन | 09:45 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 05735 | अमृतसर जंक्शन | 13:25 | कटिहार जंक्शन | 23:45 | | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 09183 | मुंबई सेंट्रल | 22:50 | वाराणसी जंक्शन | 10:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 09184 | वाराणसी जंक्शन | 14:30 | मुंबई सेंट्रल | 04:20 | | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 03223 | राजगीर | 06:05 | हरिद्वार जंक्शन | 06:05 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 03224 | हरिद्वार जंक्शन | 07:20 | राजगीर | 07:15 | | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 03221 | राजगीर | 14:00 | शहीद कप्तान तुषार महाजन | 23:05 | साप्ताहिक | सोमवार | 30.06.2025 तक |
| 03222 | शहीद कप्तान तुषार महाजन | 03:15 | राजगीर | 15:00 | | बुधवार | 02.07.2025 तक |
| 05742 | न्यू जलपाईगुड़ी | 13:40 | अयोध्या कैंट | 09:30 | साप्ताहिक | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 05741 | अयोध्या कैंट | 11:40 | न्यू जलपाईगुड़ी | 09:30 | | सोमवार | 30.06.2025 तक |
| 03311 | धनबाद जंक्शन | 23:50 | चंडीगढ़ | 04:30 | द्वि-साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 27.06.2025 तक |
| 03312 | चंडीगढ़ | 06:00 | धनबाद जंक्शन | 09:00 | | गुरु, रवि | 29.06.2025 तक |
| 05113 | छपरा | 15:45 | आनंद विहार (ट.) | 14:25 | साप्ताहिक | बुधवार | 16.07.2025 तक |
| 05114 | आनंद विहार (ट.) | 16:00 | छपरा | 14:00 | | गुरुवार | 17.07.2025 तक |
| 05301 | मऊ जंक्शन | 04:00 | अंबाला कैंट | 00:30 | साप्ताहिक | गुरुवार | 17.07.2025 तक |
| 05302 | अम्बाला कैंट | 01:40 | मऊ जंक्शन | 22:00 | | शुक्रवार | 18.07.2025 तक |
| 05193 | छपरा | 14:00 | शहीद कप्तान तुषार महाजन | 23:05 | साप्ताहिक | सोमवार | 14.07.2025 तक |
| 05194 | शहीद कप्तान तुषार महाजन | 00:10 | छपरा | 08:00 | | बुधवार | 16.07.2025 तक |
| 07363 | हुब्बल्ली जंक्शन | 20:30 | योग नगरी ऋषिकेश | 23:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 24.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 07364 | योग नगरी ऋषिकेश | 06:15 | हुब्बल्ली जंक्शन | 06:30 | | गुरुवार | 27.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 01491 | पुणे | 17:30 | हजरत निजामुद्दीन | 18:10 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 01492 | हजरत निजामुद्दीन | 22:10 | पुणे | 23:55 | | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 09101 | वडोदरा जंक्शन | 16:45 | हरिद्वार जंक्शन | 14:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 09102 | हरिद्वार जंक्शन | 16:45 | वडोदरा जंक्शन | 12:00 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 07023 | चर्लपल्ली | 20:45 | हजरत निजामुद्दीन | 02:00 | साप्ताहिक | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 07024 | हजरत निजामुद्दीन | 04:00 | चर्लपल्ली | 06:30 | | मंगलवार | 01.07.2025 तक |
| 07621 | हुजूर साहिब नांदेड़ | 08:45 | हजरत निजामुद्दीन | 14:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 07622 | हजरत निजामुद्दीन | 21:40 | हुजूर साहिब नांदेड़ | 00:35 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 09309 | इंदौर जंक्शन | 17:00 | हजरत निजामुद्दीन | 05:00 | द्वि-साप्ताहिक | शुक्र, रवि | 29.06.2025 तक |
| 09310 | हजरत निजामुद्दीन | 08:20 | इंदौर जंक्शन | 21:00 | | शनि, सोम | 30.06.2025 तक |
| 09003 | मुंबई सेंट्रल | 10:30 | दिल्ली जंक्शन | 10:00 | द्वि-साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 27.06.2025 तक |
| 09004 | दिल्ली जंक्शन | 13:05 | मुंबई सेंट्रल | 13:30 | | बुध, शनि | 28.06.2025 तक |
| 09425 | साबरमती | 17:20 | हरिद्वार जंक्शन | 17:00 | द्वि-साप्ताहिक | गुरु, रवि | 29.06.2025 तक |
| 09426 | हरिद्वार जंक्शन | 21:00 | साबरमती | 22:30 | | शुक्र, सोम | 30.06.2025 तक |
| 09603 | उदयपुर सिटी | 01:50 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 06:35 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 09604 | श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा | 10:50 | उदयपुर सिटी | 13:55 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 01705 | जबलपुर | 15:45 | हरिद्वार जंक्शन | 13:50 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 01706 | हरिद्वार जंक्शन | 17:40 | जबलपुर | 17:50 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 04050 | नई दिल्ली | 21:35 | ऐशबाग | 12:35 | द्वि-साप्ताहिक | शुक्र, रवि | 13.07.2025 तक |
| 04049 | ऐशबाग | 18:45 | नई दिल्ली | 11:00 | | शनि, सोम | 14.07.2025 तक |
| 04525 | सहारनपुर जं. | 04:40 | अम्बाला कैंट | 06:45 | प्रतिदिन | | 15.07.2025 तक |
| 04526 | अम्बाला कैंट | 20:20 | सहारनपुर जं. | 22:30 | | | 15.07.2025 तक |
| 04068 | नई दिल्ली | 14:00 | भागलपुर | 13:30 | द्वि-साप्ताहिक | रवि, बुध | 09.07.2025 तक |
| 04067 | भागलपुर | 14:30 | नई दिल्ली | 14:30 | | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04030 | आनंद विहार (ट) | 09:00 | मुजफ्फरपुर जं. | 04:30 | द्वि-साप्ताहिक | मंगल, शनि | 08.07.2025 तक |
| 04029 | मुजफ्फरपुर जं. | 06:15 | आनंद विहार (ट) | 03:10 | | बुध, रवि | 09.07.2025 तक |
| 04618 | अमृतसर | 20:10 | सहरसा जं. | 02:30 | द्वि-साप्ताहिक | सोम, मंगल | 08.07.2025 तक |
| 04617 | सहरसा जं. | 04:40 | अमृतसर | 14:00 | | बुध, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04520 | बठिण्डा जं. | 20:50 | वाराणसी | 17:30 | द्वि-साप्ताहिक | बुध, शनि | 09.07.2025 तक |
| 04519 | वाराणसी | 20:40 | बठिण्डा जं. | 17:00 | | गुरु, रवि | 10.07.2025 तक |
| 05219 | मुजफ्फरपुर जं. | 13:30 | आनंद विहार (ट) | 10:00 | साप्ताहिक | शनि | 19.07.2025 तक |
| 05220 | आनंद विहार (ट) | 12:00 | मुजफ्फरपुर जं. | 09:45 | | रवि | 20.07.2025 तक |
| 05447 | पीलीभीत जं. | 12:10 | शाहजहाँपुर | 13:50 | प्रतिदिन | | 30.06.2025 तक |
| 05448 | शाहजहाँपुर | 14:35 | पीलीभीत जं. | 16:30 | | | 30.06.2025 तक |
| 05283 | मुजफ्फरपुर जं. | 06:30 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | साप्ताहिक | शुक्र | 27.06.2025 तक |
| 05284 | आनंद विहार (ट) | 07:00 | मुजफ्फरपुर जं. | 04:50 | | शनि | 28.06.2025 तक |

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय-सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

उत्तर रेलवे
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ
पर हमें फॉलो करें

# नवाचार से बढ़ रहा कोयला क्षेत्र



उपलब्धियां
जी. किशन रेड्डी

'शक्ति नीति' में संशोधन कोयला क्षेत्र में सुधारों की एक सतत शृंखला में से एक है जिसका उद्देश्य थर्मल पावर प्लांट्स (टीपीपी) को पारदर्शी तरीके से कोयला आवंटित करना और इसके आसपास की प्रक्रियाओं को सरल बनाना है। यह पिछले वित्तीय वर्ष में कोयला उत्पादन और प्रेषण में 1 बिलियन मीट्रिक टन को पार करने वाली भारत की दोहरी उपलब्धि के बाद आया है, जो सीधे तौर पर खनन से जुड़े लगभग 5 लाख श्रमिकों की कड़ी मेहनत का प्रमाण है। अनेक लोग और भी हैं जो अप्रत्यक्ष रूप से इस क्षेत्र में योगदान करते हैं। भारत को ये उपलब्धियां एक दशक के अथक प्रयास, कड़े परिश्रम, गहन सुधारों और ऐतिहासिक निर्णयों का परिणाम है।

बीते दिनों जब सीमा पर संघर्ष चरम पर था और भारतीय वीर जवान ऑपरेशन सिंदूर के द्वारा हमारे निर्दोष लोगों की हत्या और हमारी 'नारी शक्ति' के अपमान का बदला दुश्मन से ले रहे थे, तब आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) ने ऊर्जा सुरक्षा के लिए 'शक्ति नीति' में संशोधन को मंजूरी दी, जिससे एक बार फिर दिखा कि सरकार की बहु-कार्य क्षमताएं कई मुद्दों पर कई परिणामों को एक साथ प्राथमिकता दे सकती हैं। 'शक्ति नीति' में संशोधन कोयला क्षेत्र में सुधारों की एक सतत शृंखला में से एक है जिसका उद्देश्य थर्मल पावर प्लांट्स (टीपीपी) को पारदर्शी तरीके से कोयला आवंटित करना और इसके आसपास की प्रक्रियाओं को सरल बनाना है। यह पिछले वित्तीय वर्ष में कोयला उत्पादन और प्रेषण में 1 बिलियन मीट्रिक टन को पार करने वाली भारत की दोहरी उपलब्धि के बाद आया है, जो सीधे तौर पर खनन से जुड़े लगभग 5 लाख श्रमिकों की कड़ी मेहनत का प्रमाण है। इसके अलावा अनेक लोग और भी हैं जो अप्रत्यक्ष रूप से इस क्षेत्र में योगदान करते हैं।

भारत को ये उपलब्धियां रातों-रात प्राप्त नहीं हुई है, बल्कि ये परिवर्तन एक दशक के अथक प्रयास, कड़े परिश्रम, अटूट विश्वास, गहन सुधारों और ऐतिहासिक निर्णयों का परिणाम है। 2014 में कोयला क्षेत्र पूरी तरह अव्यवस्थित था। तेजी से बढ़ती मांग की तुलना में कोयले के उत्पादन में गंभीर घाटा था। कोयला और लिग्नाइट उत्पादन में 2009-2010 में 566 मिलियन टन से 2013-2014 में 610 मिलियन टन की एक मामूली वृद्धि देखी गई। एक बढ़ती अर्थव्यवस्था के रूप में हमारी जरूरतों के लिए 1.5% की संचयी वार्षिक वृद्धि दर पर्याप्त नहीं थी। 2014 में इसे नव निर्वाचित नरेंद्र मोदी सरकार के लिए सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक माना जा रहा था। 2015 में सुप्रीम कोर्ट द्वारा 204 कोयला ब्लॉकों को रद करने से सरकार को परिवर्तनकारी बदलाव की तलाश करने का अवसर मिला। ग्यारह साल बाद मार्च-2025 तक, लगभग 150 कोयला खदानों की सफलतापूर्वक नीलामी की जा चुकी है।

जून, 2020 में भारत के प्रधानमंत्री द्वारा वाणिज्यिक कोयला खनन के शुभारंभ के बाद से, 11 दौर पूरे हो चुके हैं और वाणिज्यिक कोयला खदान नीलामी का 12वां दौर जो हाल ही में मार्च, 2025 में शुरू किया गया था, प्रगति पर है। परिणाम खुद ही बोलते हैं : पिछले एक दशक में भारत के कोयला उत्पादन में 70% की वृद्धि देखी गई है। ये पारदर्शिता, दक्षता और स्थिरता के साथ एक बड़ी वृद्धि भी है और एक बड़ी उपलब्धि भी, जिसमें राज्य सरकारें सबसे बड़े लाभार्थियों में से एक रही हैं, जिन्होंने पूरे खनन क्षेत्र के लिए लगभग 4.4 लाख करोड़ रुपये और विशेष रूप से कोयला क्षेत्र के लिए 1.6 लाख करोड़ रुपये, केवल नीलामी प्रीमियम और विभिन्न राज्य सरकार के खजाने में प्राप्त रॉयल्टी के माध्यम से प्राप्त किए हैं। स्वतंत्रता के बाद, कोयला उत्पादन को बढ़ाने और विकास के एक नए युग की शुरुआत करने का एक बड़ा अवसर था। मगर निजी क्षेत्र का प्रभावी ढंग से लाभ उठाने के लिए रणनीतिक समझ की कमी नुकसानदेह थी। माल ढुलाई समानीकरण नीति जैसी नीतियों ने खनन क्षेत्रों के करीब उद्योग स्थापित करने के लिए कोई प्रोत्साहन नहीं दिया, बल्कि कारखानों को दूर स्थापित



करने के लिए प्रोत्साहित किया, जिससे सरकारी खजाने को भारी नुकसान हुआ। 17 मई 1957 को तत्कालीन इस्पात, खान और ईंधन मंत्री सरदार स्वर्ण सिंह ने कोयला खनन उद्योग पर अधिक सार्वजनिक नियंत्रण प्राप्त करने के इरादे से लोकसभा में "कोयला धारक क्षेत्र (अधिग्रहण और विकास) विधेयक" पेश किया। 1951 से 1956 के बीच पहली पंचवर्षीय योजना के अंत में भारत का कोयला उत्पादन 38 मिलियन टन था। चर्चा निजी क्षेत्र के अंतर्निहित अविश्वास के इर्द-गिर्द केंद्रित थी। निजी क्षेत्र की नवाचार और जोखिम लेने की क्षमताओं और भारतीय युवाओं की उद्यमशीलता की भावना में इस अविश्वास के परिणामस्वरूप 1990 में कोयला उत्पादन लगभग 200 मिलियन मीट्रिक टन तक ही पहुंच पाया। 2020 से शुरू की गई वाणिज्यिक नीलामी व्यवस्था अतीत से एक महत्वपूर्ण बदलाव है। दशकों से कोयला और खदान क्षेत्र में पर्यावरण संबंधी चिंताओं को नजरअंदाज किया जाता रहा है। मगर पिछले एक दशक में सस्टेनेबिलिटी सबसे आगे आ गई है। वर्तमान में चल रही सौर और पवन परियोजनाओं, पंप स्टोरेज प्लांट और कोल इंडिया के पहले गैर-कोयला महत्वपूर्ण खनिज ब्लॉक अधिग्रहण के साथ विविधीकरण ने गति पकड़ी है। इसके अलावा, कैबिनेट ने 8500 करोड़ रुपये के कोयला गैसीकरण कार्यक्रम को हरी झंडी दे दी है और निवेश को और बढ़ाने की योजना बनाई है।

अगले कुछ वर्षों में, खदान बंद करना एक मुख्य प्राथमिकता बनी रहेगी और निर्बाध, प्रगतिशील और टिकाऊ खदान बंद करने की गतिविधियों को सक्षम करने के लिए दिशानिर्देशों को संशोधित किया जा रहा है। भूमिगत खनन के पर्यावरणीय लाभों को पहचानते हुए हमने 2029-30 तक 100 मीट्रिक टन तक पहुंचने के लिए एक स्पष्ट रोडमैप निर्धारित किया है और इसे पूरी प्रतिबद्धता के साथ लागू किया जा रहा है। इसके अलावा, मंत्रालय फर्स्ट माइल कनेक्टिविटी (एफएमसी) परियोजनाओं को तेजी से आगे बढ़ा रहा है, जिससे यह सुनिश्चित होगा कि 90 प्रतिशत कोयले को कन्वेयर बेल्ट जैसे मशीनीकृत और पर्यावरण के अनुकूल प्रणालियों के माध्यम से लोड किया जाएगा। रिकॉर्ड कोयला उत्पादन के बावजूद, भारत का प्रति व्यक्ति कोयला ऊर्जा उपयोग चीन, अमेरिका और यूरोप से बहुत कम है।

पिछले एक दशक में, बिजली की समग्र स्थापित क्षमता में कोयले का योगदान कम होता गया है। 2014-2015 में स्थापित क्षमता में 60 प्रतिशत योगदान देने से यह अब घटकर 47 प्रतिशत हो गया है, जबकि सौर और अन्य नवीकरणीय स्त्रोतों में तेजी आई है। जैसे-जैसे हम आगे बढ़ते रहेंगे और 2047 तक पूरी तरह से विकसित 35 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था में तब्दील हो जाएंगे, हमारी ऊर्जा की ज़रूरतें बढ़ती रहेंगी और कोयला हमारे ऊर्जा मिश्रण का एक महत्वपूर्ण स्तंभ बना रहेगा। भारत का कोयला क्षेत्र न केवल भारत के विकास को बढ़ावा दे रहा है, बल्कि यह आधुनिक खनन अर्थव्यवस्था के नियमों को भी पुनः लिख रहा है। कोयला व्यापार विनिमय (कोल ट्रेडिंग एक्सचेंज) जैसे नवाचारों और भविष्य की पहलों के साथ, अब कोयला क्षेत्र में सुरक्षा, दक्षता और डिजिटल जुड़ाव के साथ-साथ एआई, 5जी और जीपीएस ट्रैकिंग को तैनात कर रही है। एक समय भ्रष्टाचार से ग्रस्त, असंतुलित और अकुशल कोयला और खनन क्षेत्र में पिछले दशक में एक बड़ा बदलाव आया है। जब हम आधुनिकीकरण, अंतरराष्ट्रीय सहयोग और टिकाऊ प्रथाओं पर निरंतर ध्यान केंद्रित करते हुए भविष्य की ओर देखते हैं, तो और भी अधिक महत्वपूर्ण उपलब्धियां सामने आएंगी, जो वैश्विक खनन और संसाधन अर्थव्यवस्था में एक अग्रणी के रूप में भारत की भूमिका को मजबूत करेंगी।

(लेखक केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## चिंतन

# अर्थव्यवस्था के आकार में वृद्धि ठीक, पर आर्थिक सुधार जरूरी

अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर नई उपलब्धियों से भारत का आर्थिक आकार और बड़ा हो गया है। केंद्रीय बैंक के आकार में 33 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। इस बढ़ोतरी से वित्त वर्ष 2024-25 में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के बही-खाते का आकार बढ़कर 76.25 लाख करोड़ रुपये हो गया है। यह 31 मार्च, 2024 तक 70.47 लाख करोड़ रुपये था। यह उपलब्धि विदेशी मुद्रा लेनदेन में हुई वृद्धि के चलते हासिल हुई है। अभी कुछ दिन पहले ही रिजर्व बैंक ने केंद्र सरकार को 2.7 लाख करोड़ रुपये का बड़ा लाभांश दिया है। यह बड़ी धनराशि है, जो रिजर्व बैंक की मजबूती को दिखाता है। नीति आयोग के मुताबिक, क्रय शक्ति समता (पीपीपी) के संदर्भ में भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार पहले से ही 15,000 अरब डॉलर है, जो अमेरिकी अर्थव्यवस्था के आधे से भी अधिक है। अमेरिका की अर्थव्यवस्था 29,000 अरब डॉलर पर है। क्रय शक्ति समता (पीपीपी) का उपयोग विभिन्न देशों के बीच मुद्राओं के सापेक्ष मूल्य की तुलना करने के लिए किया जाता है। बाजार विनिमय दर का उपयोग करने के बजाय, पीपीपी उन वस्तुओं और सेवाओं की मात्रा पर ध्यान केंद्रित करता है जिन्हें प्रत्येक देश में मुद्रा की एक निश्चित राशि के साथ खरीदा जा सकता है। नीति आयोग ने अभी आंकड़े जारी कर कहा था कि भारत विश्व की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। इसको लेकर कुछ आलोचना भी हुई, क्योंकि भारत के अधिकांश आर्थिक संकेतक या तो नीचे हैं या सुस्त हैं। इस पर ही नीति आयोग ने एक तरह से सफाई दी है कि बड़ी या छोटी अर्थव्यवस्था बाजार मूल्यों पर आंके जाते हैं, जबकि उत्पादकता को मापने का वास्तविक तरीका क्रय शक्ति समता (पीपीपी) है। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के वार्षिक व्यापार शिखर सम्मेलन में नीति आयोग ने आंकड़ा दिया कि हम बाजार मूल्यों पर 4,000 अरब डॉलर के जीडीपी पर हैं, पर पीपीपी के संदर्भ में, हम 15,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था हैं। आरबीआई ने अपनी 2024-25 की वार्षिक रिपोर्ट में भरोसा दिया है कि देश वित्त वर्ष 2025-26 में भी दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहेगा। दीर्घकालीन भू-राजनीतिक तनाव और भू-आर्थिक विखंडन के बीच, मजबूत वृहद आर्थिक बुनियादी आंकड़ों और सक्रिय नीतिगत उपायों के समर्थन से 2024-25 में अर्थव्यवस्था ने जुझारू क्षमता दिखाई। रिजर्व बैंक को महंगाई दर चार फीसदी के लक्ष्य के अनुरूप रहने की पूरी उम्मीद है, इससे कर्ज महंगे होने की संभावना क्षीण दिखाई दे रही है। महंगाई दर में गिरावट के बाद केंद्रीय बैंक ने लगातार दो समीक्षाओं में प्रमुख नीतिगत दर रेपो में कटौती की है। भारतीय रिजर्व बैंक ने अपनी रिपोर्ट में यह भी कहा है कि देश में डिजिटल मुद्रा का चलन बढ़ रहा है। मार्च 2025 के अंत तक केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा (सीबीडीसी) या ई-रुपये का मूल्य बढ़कर 1,016 करोड़ रुपये हो गया, जो इससे एक साल पहले 234 करोड़ रुपये था। अब सीबीडीसी के जरिये सीमापार भुगतान को प्रायोगिक आधार पर शुरू करने की संभावनाओं पर विचार किया जा रहा है। यह रिजर्व बैंक का डिजिटल अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने का भविष्योन्मुखी प्लान है। अर्थव्यवस्था के आकार में वृद्धि और डिजिटल करेंसी की दिशा में प्रगति से भारतीय अर्थव्यवस्था की मूल समस्याएं ज्यों की त्यों हैं। जीडीपी सुस्त है, निर्यात घट रहा है, व्यापार घाटा चिंताजनक स्तर पर है, विदेशी निवेश में उत्साह नहीं है, औद्योगिक उत्पादन सूचकांक और आठ कोर इंडस्ट्री सेक्टर में गिरावट है। देश को तत्काल आर्थिक सुधार की जरूरत है।

प्रेरणा
सोनम लववंशी



# देश को मिजोरम शिक्षा मॉडल की ज़रूरत!

जब भारत के कई राज्य अब भी शिक्षा के बुनियादी लक्ष्यों को छूने के लिए संघर्ष कर रहे हैं, ऐसे समय में मिजोरम ने इतिहास रच दिया है। यह कोई सामान्य उपलब्धि नहीं, बल्कि वह मशाल है, जो देश के लिए दिशा और प्रेरणा दोनों बन सकती है। आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) 2023-24 के अनुसार, मिजोरम ने 98.2 प्रतिशत की साक्षरता दर के साथ 'पूर्ण साक्षरता' का गौरव प्राप्त कर लिया है और इसी के साथ यह भारत का पहला ऐसा राज्य बन गया है जहां हर दस में लगभग दस व्यक्ति पढ़ना-लिखना जानते हैं। यह सिर्फ एक आंकड़ा नहीं, बल्कि उस सामाजिक चेतना, प्रतिबद्ध प्रशासन और शिक्षकों की निःस्वार्थ भागीदारी की गाथा है, जिसने शिक्षा को अधिकार नहीं, ज़िम्मेदारी माना। अक्सर हाशिए पर रखे जाने वाले उत्तर-पूर्वी राज्यों में से एक, मिजोरम ने दिखा दिया है कि विकास केवल संसाधनों पर नहीं, संकल्प और सहभागिता पर निर्भर करता है। शिक्षा को लेकर यह राज्य जिस प्रकार आगे बढ़ा है, वह भारत की समग्र शिक्षा नीति पर एक मौन प्रश्नचिह्न भी है कि जो छोटे और संसाधन वंचित राज्य कर सकते हैं, वह बड़े और अपेक्षाकृत समृद्ध राज्य क्यों नहीं? 2023 में केंद्र सरकार द्वारा शुरू किए गए 'उल्लास' नव-साक्षरता अभियान को मिजोरम ने केवल सरकारी योजना की तरह नहीं लिया, बल्कि उसे एक सामाजिक आंदोलन में तब्दील कर दिया। समग्र शिक्षा और नव भारत साक्षरता कार्यक्रम को जोड़ते हुए इसे मिशन मोड में उतारा गया। राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण का गठन हुआ और एससीईआरटी के अंतर्गत एक 'राज्य साक्षरता केंद्र' की स्थापना की गई। यहां मिज़ो भाषा में 'वर्टियन' नामक अध्ययन सामग्री तैयार की गई, स्वयंसेवी शिक्षकों के लिए 'मार्गदर्शक' पुस्तिका बनाई गई और छात्रों के लिए 'रोमी' जैसे संसाधन विकसित किए गए। क्लस्टर रिसोर्स सेंटर समन्वयकों ने अगस्त-सितंबर 2023 में घर-घर जाकर 15 वर्ष से अधिक आयु के 3,026 अशिक्षित लोगों की पहचान की। यह अभियान किसी नियम का पालन मात्र नहीं था, यह उस भावना का प्रकटीकरण था जो समाज को पूर्ण ज्ञान से जोड़ना चाहता है। इनमें से 1,692 लोगों ने स्वयं आगे बढ़कर शिक्षा ग्रहण करने की इच्छा जताई। यह आंकड़े नहीं, बल्कि बदलती चेतना और सामाजिक परिवर्तन के प्रमाण हैं। यही वजह है कि मिजोरम की यह उपलब्धि महज केरल को पीछे छोड़ने की बात नहीं है, बल्कि यह दिखाती है कि शिक्षा जब जीवन के ताने-बाने में बसी हो, तो वह संख्याओं से आगे जाकर एक संस्कृति बन जाती है। जब देश की औसत साक्षरता दर अब भी 85 प्रतिशत के आसपास है, तब मिजोरम का 98.2 प्रतिशत तक पहुंचना यह सिद्ध करता है कि संसाधनों की बहुलता नहीं, दिशा और नीयत महत्वपूर्ण है। यह राज्य, जो भौगोलिक रूप से दूरस्थ और आर्थिक रूप से सीमित है, उसने यह कर दिखाया। भारत के बाकी राज्यों के लिए यह मात्र एक मिसाल नहीं, एक चेतावनी भी है कि अगर शिक्षा अब भी प्राथमिकता नहीं बनी, तो हम अपने सबसे मूल्यवान संसाधन, यानी युवा पीढ़ी को खो बैठेंगे। शिक्षा को लेकर मिजोरम की यह प्रतिबद्धता एक और बात सिद्ध करती है कि कोई भी नीति, चाहे वह कितनी भी सुंदर क्यों न हो, तब तक निष्फल है जब तक समाज उसे अपने मूल्य की तरह नहीं अपनाता। मिजोरम की सफलता का रहस्य केवल सरकारी योजनाओं या आंकड़ों में नहीं छिपा, बल्कि समाज के उस गहरे भाव में है जिसने शिक्षा को आत्मसम्मान, आत्मनिर्भरता और नागरिक चेतना का औजार बना लिया है। वहाँ शिक्षा किसी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी मात्र नहीं है, न ही डिग्री प्राप्ति की दौड़। गाँवों में भी विद्यालय महज सरकारी उपस्थिति का प्रमाण नहीं हैं, बल्कि वहाँ शिक्षक समय पर आते हैं, छात्र पूरे समर्पण से पढ़ते हैं और अभिभावक शिक्षा को जीवन का अविभाज्य हिस्सा मानते हैं। हमें ऐसी व्यवस्था बनानी होगी, जहां शिक्षा केवल मंत्रालयों का विषय न होकर हर नागरिक की साझी जिम्मेदारी बने। ऐसे शिक्षक चाहिए जो केवल पढ़ाएं नहीं, बल्कि प्रेरणा बनें; ऐसे पाठ्यक्रम चाहिए जो स्थानीयता से जुड़े हों और ऐसी व्यवस्थाएं चाहिए जो विद्यालयों को किसी कोने की फाइल नहीं, व्यवस्था का केंद्रीय स्तंभ बनाएं। मिजोरम ने हमें यह दिखाया है कि शिक्षा का वास्तविक अर्थ सामाजिक चेतना, आत्मनिर्भरता और नागरिक जिम्मेदारी में है। अब समय आ गया है कि देश इस मॉडल को केवल सराहे नहीं, बल्कि इसे अपनाए। जब तक हम शब्दों से निकलकर ज़मीन पर नहीं उतरेंगे, तब तक 'ज्ञान की महाशक्ति' बनने का सपना अधूरा ही रहेगा।

(लेखिका स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# असंयम लक्ष्य विमुख कर देता हैं



संकलित
दर्शन

भगवान श्रीराम हर पल आत्मस्थिति में रहे। वे तनिक भी असंयमित नहीं हुए। असंयम लक्ष्य विमुख कर देता है। जब हम किसी से प्रतिस्पर्धा का भाव रखते हैं, तब उस व्यक्ति के गुण और उसके कार्यों को हम किसी और ढंग से देखते हैं। उसी व्यक्ति से जब हमारा राग होता है, तो हम उसके हर कार्य में श्रेष्ठता ही देखते हैं। द्वेष होने पर हम न्यूनता और दोषों को ही खोजते हैं। आसक्ति होने पर उसके प्रति हम अपना सर्वस्व न्योछावर करने में भी तनिक संकोच नहीं करते हैं। हमारी यह इंद्रधनुषीय दृष्टि और वृत्ति जब किसी पद और अधिकार प्राप्त व्यक्ति के साथ जुड़ जाती हैं, तब वह व्यक्ति विकार को और भी विकृत कर उसे व्यापक बना देता है, तब उस मनःस्थिति में निर्णय देने, सामाजिक व्यवहार करने में वह अपने अधिकारों का दुरुपयोग करता हुआ स्वयं और समाज को गर्त में डाल देता है। श्रीराम चरित मानस में गुरु वशिष्ठ ने श्रीभरत के अंदर तब इस त्रिपुटी की प्रधानता स्वीकारी, जब श्रीभरत भगवान की पादुकाओं को अपने सिर पर लेकर आए और गुरुदेव वशिष्ठ से पूछा कि यदि आपका मंगलाशासन हो तो मैं पादुका रूप प्रभु को नंदीग्राम जाकर सिंहासनासीन कर वहीं से राज्य का कार्य संभाल लूंगा? तब गुरुदेव ने मानो भरत से यही कहा कि समुझव (समझ) के रूप में तुम्हारे अंदर विधायिका के गुण हैं, कहब (कथन) के रूप में न्यायपालिका के गुण हैं और करब (करनी) के रूप में कार्यपालिका के गुण हैं। भरत ऐसे भक्त हैं, जिन्होंने अपनी समझ, कथन, और करनी का योग भगवान के चरणों में अर्पित कर दिया।

# कर्म महत्वपूर्ण है



संकलित
प्रेरणा

एक निक्कमे आदमी की पत्नी ने उसे घर से निकलते हुए कहा आज कुछ न कुछ कमा कर ही लौटना नहीं तो घर में नहीं घुसने दूगीं। आदमी दिन भर इधर-उधर भटकता रहा, लेकिन उसे कुछ काम नहीं मिला। निराश मन से वह जा रहा थी कि उसकी नजर एक मरे हुए सांप पर पड़ी। उसने एक लाठी पर सांप को लटकाया और घर की और जाते हुए सोचने लगा, इसे देखकर पत्नी डर जाएगी और आगे से काम पर जाने के लिए नहीं कहेगीं। घर जाकर उसने सांप को पत्नी को दिखाते हुए कहा, ये कमाकर लाया हूँ। पत्नी ने लाठी को पकड़ा और सांप को घर की छत पर फेंक दिया।वह सोचने लगी कि मेरे पति की पहली कमाई जो कि एक मरे हुए सांप के रूप में मिली, ईश्वर जरुर इसका फल हमें देगें क्योंकिं मैंने सुना हैं कि कर्म का महत्व होता हैं। वह कभी व्यर्थ नहीं जाता। तभी एक बाज़ उधर से उड़ते हुए निकला जिसने चोंच में एक कीमती हार दबा रखा था। बाज़ की नजर छत पर पड़े हुए सांप पर पड़ी उसने हार को वहीं छोड़ा और सांप को लेकर उड़ गया। पत्नी ने हार को पति को दिखाते हुए सारी बात बताई। पति अब कर्म के महत्व को समझ चुका था, उसने हार को बेचकर अपना व्यवसाय शुरू किया। कल का एक गरीब इन्सान आज का सफल व्यवसायी बनकर इज्जत की जिंदगी जी रहा हैं। चलने वाला मंजिल पाता, बैठा पीछे रहता हैं, ठहरा पानी सड़ने लगता, बहता निर्मल रहता हैं। पैर मिले हैं चलने को तो, पांव पसारे मत बैठो, आगे-आगे चलना हैं तो, हिम्मत हारे मत बैठो।

## राफ्टिंग का आनंद



पर्यटक कुल्लू जिले में गुरुवार को मनाली के पास ब्यास नदी में रिवर राफ्टिंग का आनंद लेते हुए।

## आज की पाती

### क्यों थम गए पाकिस्तान के परमाणु धमकी के बोल?

बहुत सारे बड़बोले पाकिस्तानी नेता, उग्रवादी व सेना के लोग अक्सर भारत को परमाणु बम की खोखली धमकियां देते रहे हैं। जवाब में भारत भी तुरंत कह देता है कि अगर पाकिस्तान हमारे विरुद्ध परमाणु अस्त्रों का प्रयोग करने का दु:साहस करेगा, तो हम पाकिस्तान को तबाह करते हुए समूल ही नष्ट कर देंगे। आश्चर्यजनक रूप से पिछले लगभग एक महीने से हालात और भारत के बयान बिल्कुल ही बदल गए हैं। भारत सरकार के अधिकारी यही कहते हैं कि हम पाकिस्तान की गीदड़ भभकियों से डरने वाले नहीं हैं। ऐसा लगता है कि भारत सरकार और सेना की ओर से कुछ ठोस उपाय किए जा रहे हैं। यही कारण है कि अब पाकिस्तान से आने वाली ऐसी धमकियों पर कुछ हद तक रोक लगी है। भारतीय लोगों को एकजुट रहकर, संयम बनाए रखने की जरूरत है। *– प्रदीप डांगे, भिलाई*

## ट्रेंड

### घरेलू प्रणालियां मजबूत



आज हम सिर्फ़ लड़ाकू विमान या मिसाइल सिस्टम नहीं बना रहे हैं, बल्कि हम नये युग की युद्ध तकनीक के लिए भी तैयार हो रहे हैं। हमारी घरेलू प्रणालियों ने यह साबित किया है कि हम दुश्मन के किसी भी कवच को भेदने की ताकत रखते हैं।
**- राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री**

### मल्चिंग पेपर तकनीक



नागपुर के धापेवाड़ा स्थित हमारे भक्ति फार्म में मेरी पत्नी कांचन ने एक अनूठा प्रयोग करते हुए, मल्चिंग पेपर तकनीक का इस्तेमाल कर एक किलो तक वज़न वाले ऑर्गेनिक प्याज़ का सफल उत्पादन किया है। इससे खरपतवार नहीं उगती है।
**-नितिन गड़करी, केंद्रीय राजमार्ग मंत्री**

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर पूरा विश्व योग दिवस मना रहा है और अब योग हमारी जीवनशैली का अभिन्न अंग बन चुका है। हरियाणा भी 21 जून को 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर उत्साहित है।
**- नायब सिंह सैनी, सीएम, हरियाणा**

### पुंछ को पुनर्वास पैकेज मिले



पुंछ का दर्द वहां जाकर ही महसूस होता है। आग्रह नहीं, सरकार को ज़िम्मेदारी की याद दिला रहा हूं कि पाकिस्तान की गोलाबारी से प्रभावित इलाकों के लिए ठोस, उदार और तात्कालिक राहत व पुनर्वास पैकेज तैयार किया जाए।
**- राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद**

## करंट अफेयर

# अमेरिका में कोविड टीका बच्चों को अनिवार्य नहीं



अमेरिका के स्वास्थ्य और मानव सेवा (एचएचएस) मंत्री रॉबर्ट एफ. कैनेडी जूनियर ने 27 मई, 2025 को घोषणा की कि रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्र (सीडीएस)अब स्वस्थ बच्चों और गर्भवती महिलाओं के लिए अनुशंसित टीकाकरण की सूची में कोविड-19 के टीके को शामिल नहीं करेगा। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर साझा एक वीडियो में की गई यह घोषणा 20 मई को की गई एक अन्य घोषणा की पृष्ठभूमि में आई है, जिसमें खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) ने खुलासा किया था कि वह केवल 65 वर्ष या उससे अधिक उम्र के वयस्कों और गंभीर कोविड-19 के सबसे अधिक जोखिम वाले लोगों के लिए ही टीके के नए संस्करणों को मंजूरी देगा। एफडीए ने टीके निर्माताओं से यह अपेक्षा की है कि वे चिकित्सीय परीक्षण करें, ताकि यह साबित किया जा सके कि टीका कम जोखिम वाले समूहों के लिए लाभकारी है। द कन्वर्सेशन की अमेरिकी इकाई ने जन स्वास्थ्य संवर्धन से जुड़ी पर्ड्यू विश्वविद्यालय की नर्सिंग प्रोफेसर लिब्बी रिचड्र्स से पूछा कि वे बताएं कि आम जनता के लिए इन घोषणाओं का क्या अभिप्राय है।
क्यों एचएचएस और एफडीए पूर्व की व्यवस्था को समाप्त कर रहे हैं ?

## ऑफ बीट

# चिर तनाव है मनोभ्रंश जोखिम का कारक



किसी भी अमेरिकी व्यक्ति के अपने जीवनकाल में मनोभ्रंश से ग्रस्त हो जाने की संभावना पहले की अपेक्षा कहीं अधिक हो सकती है। एक अध्ययन में पाया गया कि 55 से 95 वर्ष तक की आयु के लोगों में मनोभ्रंश विकसित होने की औसत संभावना 42 प्रतिशत थी। चिर तनाव संज्ञानात्मक दृष्टिकोण से लोगों की उम्र बढ़ने में क्या भूमिका निभा सकता है तथा उनमें मनोभ्रंश का जोखिम भी कितना बढ़ा सकता है। हालिया शोध से पता चलता है कि वर्तमान में मध्यम आयु वर्ग या उससे अधिक उम्र के अमेरिकी लोग पिछली पीढ़ियों की तुलना में अधिक बार तनावपूर्ण घटनाओं का अनुभव करते हैं। शोध के एक मजबूत निकाय ने कम से कम 14 विभिन्न कारकों के महत्व पर प्रकाश डाला है जो अल्जाइमर रोग- मनोभ्रंश का एक सामान्य और विनाशकारी रूप - और मनोभ्रंश के अन्य रूपों के आपके जोखिम से संबंधित हैं। हालांकि इनमें से कुछ कारक आपके नियंत्रण से बाहर हो सकते हैं, जैसे कि मधुमेह या अवसाद। इनमें से कई कारक उन चीजों से संबंधित हैं जो लोग करते हैं, जैसे कि शारीरिक गतिविधि, स्वस्थ भोजन और सामाजिक जुड़ाव।

अपने विचार
**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

कांग्रेस की तेजतर्रार प्रवक्ता रागिनी नायक ने उठाए कई सवाल

# 'सिंदूर' पर सियासत तेज, कांग्रेस ने भाजपा के 'सिंदूरी अभियान' पर जताया एतराज, हमला

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता रागिनी नायक ने भाजपा के 'सिंदूर दान' अभियान और ऑपरेशन सिंदूर को लेकर केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने सिंदूर के प्रतीकात्मक और सांस्कृतिक महत्व को रेखांकित करते हुए भाजपा पर इसे राजनीतिक लाभ के लिए इस्तेमाल करने का आरोप लगाया। भाजपा द्वारा 9 जून से घर-घर जाकर महिलाओं को सिंदूर बांटने के अभियान को रागिनी नायक ने 'राजनीतिक नौटंकी' करार देते हुए कहा, पराए आदमी के जरिए दिया गया ये सिंदूर किसके काम आएगा? और किसके लिए काम आएगा? भारतीय नारी को तो सिंदूर पति और ससुराल से मिलता है। उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस में अपने माथे पर सिंदूर दिखाते हुए कहा, मेरे हाथ और मांग में सिंदूर है। इसका भारतीय महिला के लिए क्या महत्व है, ये मैं भाजपा के नेताओं को बताना चाहती हूं। सुहाग का, प्रेम का, सात जन्मों के साथ का। सुहाग की रक्षा के लिए, सिंदूर भारतीय नारी की आन-बान और शान है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपानीत केंद्र सरकार अपनी ₹राजनीतिक और कूटनीतिक विफलताओं₹ को छिपाने के लिए सिंदूर को ढाल बना रही है। रागिनी नायक ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा, एक चुटकी सिंदूर की कीमत तुम क्या जानो नरेंद्र बाबू? यह बयान भाजपा के सिंदूर अभियान और ऑपरेशन सिंदूर को लेकर उनकी आलोचना का हिस्सा था। उन्होंने पूछा कि बीजेपी और मोदी सरकार सेना की वर्दी और मांग के सिंदूर का इस्तेमाल राजनीतिक लाभ के लिए क्यों कर रही है। उन्होंने नोटबंदी, कोविड, और तीन कृषि कानूनों के खिलाफ आंदोलन का जिक्र करते हुए कहा, नोटबंदी के दौरान जिन 200 लोगों की अपनी जमा पूंजी निकालते समय जान चली गई, उनकी विधवाओं के सिंदूर की गवाही कौन देगा? तीन काले कानूनों के खिलाफ आंदोलन में शहीद हुए 700 किसानों की पत्नियों की सूनी मांग का जिम्मेदार कौन है? क्या भाजपा उनके घर सिंदूर लेकर जाएगी? उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि महंगाई के दौर में जो महिलाएं अपना मंगलसूत्र गिरवी रखकर दो वक्त की रोटी खा रही हैं, क्या भाजपा उनके घर भी सिंदूर लेकर जाएगी? रागिनी नायक ने पहलगाम आतंकी हमले का जिक्र करते हुए बीजेपी पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि भाजपा ने इस हमले को राजनीतिक लाभ के लिए इस्तेमाल किया, लेकिन पीड़ित परिवारों के लिए क्या किया गया? उन्होंने पूछा, पहलगाम में आतंकियों ने जिन महिलाओं के सिंदूर मिटाने की कोशिश की, उनकी रक्षा के लिए सरकार ने क्या कदम उठाए? ऑपरेशन सिंदूर को लेकर उन्होंने केंद्र सरकार की मंशा पर सवाल उठाए और पूछा, ट्रंप और ट्रेड के दबाव में सिंदूर का सौदा क्यों किया गया?

## सुरजेवाला का केंद्र पर जोरदार प्रहार, न युवाओं को रोजगार मिला न किसानों को एमसपी और न ही बेटियों का सिंदूर सुरक्षित

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी के महासचिव, कर्नाटक प्रभारी और राज्यसभा सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला ने केंद्र सरकार और भाजपा पर तीखा हमला बोला। खासकर किसानों की समस्याओं, न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी), और सरकार की नीतियों के खिलाफ। सुरजेवाला ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने किसानों को लागत प्लस 50 फीसदी मुनाफा देने के वादे को पूरा नहीं किया। उन्होंने कहा कि एमएसपी पर फसलों की खरीद सुनिश्चित नहीं की जा रही, जिसके कारण किसान परेशान हैं और आंसू बहा रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि मोदी सरकार किसानों की आय बढ़ाने के जुमले तो सुनाती है, लेकिन जमीनी हकीकत में किसानों को उनके हक से वंचित किया जा रहा है। उन्होंने सरकार से सवाल किया कि एमएसपी गारंटी कानून क्यों नहीं बनाया जा रहा, जो किसानों को उनकी फसलों का उचित मूल्य दिला सके। सुरजेवाला ने पीएम नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि उनकी सरकार किसानों के साथ किए गए वादों को निभाने में नाकाम रही है। उन्होंने पूछा, क्या पीएम की जुबान की कोई कीमत है या नहीं? यह बयान पहले के उनके बयानों से भी मेल खाता है, जहां उन्होंने खनौरी बॉर्डर पर किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल से मुलाकात के दौरान सरकार की जवाबदेही पर सवाल उठाए थे। उन्होंने सरकार की नीतियों को किसान विरोधी करार दिया और कहा कि किसानों को दिल्ली जाकर अपनी मांगें उठाने से रोका जा रहा है, जो लोकतंत्र पर प्रहार है।

सुरजेवाला ने किसानों के साथ-साथ बेरोजगारी के मुद्दे को भी उठाया। उन्होंने गत 26 मार्च को दिल्ली के जंतर-मंतर पर बेरोजगारों के प्रदर्शन में शामिल होने के दौरान खाली पड़े सरकारी पदों का मुद्दा उठाया था और पूछा था कि इन पदों पर भर्ती क्यों नहीं हो रही। आज की प्रेस कॉन्फ्रेंस में भी उन्होंने इस तरह के मुद्दों को जोर-शोर से उठाने की बात दोहराई। उन्होंने कहा कि देश का अन्नदाता अपने हकों के लिए भूखा बैठा है और सरकार उनकी मांगों को अनसुना कर रही है। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर भी सुरजेवाला ने केंद्र पर हमला बोला। उन्होंने सवाल किया आतंकवादियों को कब सजा मिलेगी, ताकि देश की बेटियों का सिंदूर सुरक्षित रह सके। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि भाजपा सरकार के दौरान ही आतंकी हमले बढ़े हैं।

सुरजेवाला ने सीएम नायब सिंह सैनी पर पलटवार किया, जिसमें सैनी ने सुरजेवाला पर जाति विशेष का नाम लेकर टिप्पणी की थी। सुरजेवाला ने इसे दलित समाज का अपमान बताया। दलित समाज के बिना हरियाणा की संस्कृति और संस्कार अधूरे हैं। उन्होंने किसानों को धान का उचित भाव 3,100 प्रति क्विंटल न मिलने का मुद्दा भी उठाया।

## भाजपा ने जयराम के बयान को बताया शर्मनाक-निंदनीय

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



भाजपा ने गुरुवार को कांग्रेस नेता जयराम रमेश के एक बयान को लेकर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की। भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि जयराम का यह सबसे शर्मनाक, निंदनीय और बेबुनियाद बयान है। जयराम ने एएनआई से कहा कि पहलगाम के ये आतंकवादी चार हमलों में शामिल थे और फिर भी वे इधर-उधर घूम रहे हैं। हमारे सांसद घूम रहे हैं और आतंकवादी भी घूम रहे हैं। हम ये सवाल गंभीरता से पूछ रहे हैं। उन्होंने कहा कि सुनने में आ रहा है कि 25 और 26 जून को संसद का विशेष सत्र बुलाया जा सकता है क्योंकि यह आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ है। हमारे देश में 2014 से अघोषित आपातकाल लागू है। वह 50 साल पहले जो हुआ उसके लिए विशेष सत्र बुलाना चाहते हैं? आज के सवालों से ध्यान हटाने के लिए वे इस बारे में बात कर रहे हैं। हम आरएसएस की भूमिका को भी उजागर करेंगे, हम हकीकत को पूरे देश के सामने रखेंगे। पूनावाला ने कहा कि यह सबसे शर्मनाक, निंदनीय और बेबुनियाद बयान है। संसद की विशेषाधिकार समिति को तुरंत इसका संज्ञान लेकर कार्रवाई करनी चाहिए। हमारे सांसद पाक को बेनकाब करने के लिए साझेदार देशों का दौरा कर रहे हैं और जयराम ने उनकी तुलना आतंकवादियों से की है। यह वही पार्टी है जिसने सेना प्रमुख को 'गुंडा' कहा था... ये वही लोग हैं जिन्होंने बालाकोट हवाई हमलों का सबूत मांगा था। उन्होंने बार-बार सेना का अपमान किया है। सैन्य हमले पर सवाल उठाने के बाद अब वे कूटनीतिक हमले पर सवाल उठा रहे हैं। पहले उन्होंने अपने ही सांसद शशि थरूर को घेरा और अब अपने सहयोगी सांसदों के खिलाफ यह टिप्पणी निंदनीय है। जयराम रमेश पाकिस्तान के डीजी-आईएसपीआर की भाषा बोल रहे हैं। पाकिस्तान भी यही चाहता है।

> हमारे सांसद पाक को बेनकाब करने साझेदार देशों का दौरा कर रहे हैं और जयराम ने उनकी तुलना आतंकवादियों से की है: पूनावाला

# चुनाव आयोग ने 4 राज्यों के 373 चुनाव अधिकारियों का प्रशिक्षण शुरू किया

» मध्य प्रदेश से 130, छत्तीसगढ़ से 96 , हरियाणा से 29 और उत्तर प्रदेश से 118 प्रतिभागी सम्मिलित

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली




नई दिल्ली स्थित भारतीय अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र एवं चुनाव प्रबंधन संस्थान (आईआईआईडीईएम) में बूथ स्तर के अधिकारियों (बीएलओ) पर्यवेक्षकों के लिए प्रशिक्षण का आठवां बैच गुरुवार को शुरू हुआ। मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार ने छत्तीसगढ़, हरियाणा, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के बीएलओ, बीएलओ पर्यवेक्षकों, निर्वाचन पंजीकरण अधिकारियों सहित प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रतिभागियों को संबोधित किया। आईआईआईडीईएम में प्रशिक्षित होने वाले जमीनी स्तर के चुनाव अधिकारियों का अब तक का सबसे बड़ा बैच है। इसमें उत्तर प्रदेश से 118, मध्य प्रदेश से 130, छत्तीसगढ़ से 96 और हरियाणा से 29 प्रतिभागी सम्मिलित हैं। इसके साथ ही, पिछले दो महीनों में चुनाव आयोग द्वारा नई दिल्ली में 3,720 से अधिक जमीनी अधिकारियों को प्रशिक्षित किया गया है।

अपने उद्घाटन भाषण में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1950, 1951, मतदाता पंजीकरण नियम 1960, चुनाव संचालन नियम, 1961 और चुनाव आयोग द्वारा समय-समय पर जारी निर्देशों के अनुसार चुनावों का संचालन सुनिश्चित करने के लिए ये प्रशिक्षण कार्यक्रम आवश्यक हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त ने यह भी रेखांकित किया कि प्रशिक्षण के माध्यम से प्रतिभागी राज्य/केंद्र शासित प्रदेश के मुख्य चुनाव अधिकारी (सीईओ) के साथ प्रकाशित अंतिम मतदाता सूची के खिलाफ पहली और दूसरी अपील के प्रावधानों से स्वंय को लैस करेंगे। उन्होंने बीएलओ और बीएलओ पर्यवेक्षकों को अपने क्षेत्र स्तर के सत्यापन के दौरान मतदाताओं को इन प्रावधानों से अवगत कराने के लिए भी प्रोत्साहित किया।

प्रशिक्षण का उद्देश्य विशेष रुप से मतदाता पंजीकरण, प्रपत्र निगरानी और चुनावी प्रक्रियाओं के क्षेत्र-स्तरीय कार्यान्वयन के क्षेत्रों में प्रतिभागियों के व्यावहारिक ज्ञान में वृद्धि करना है। प्रतिभागियों को आईटी उपकरणों पर व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। इसके साथ ही अधिकारियों को चुनाव का पूर्वाभ्यास सहित ईवीएम और वीवीपैट का तकनीकी प्रदर्शन और प्रशिक्षण भी दिया जाएगा।

**सुप्रीम कोर्ट ने कहा-7 साल की बेटी के यौन उत्पीड़न का आरोपी राहत के लायक नहीं**

# विकृत लोग सजा माफी के हकदार नहीं, आरोपी डॉक्टर की याचिका खारिज की


एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट ने सात साल की बेटी के यौन उत्पीड़न के आरोपी डॉक्टर को राहत देने से इनकार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने डॉक्टर की याचिका खारिज करते हुए कहा कि विकृत लोग सजा माफी के हकदार नहीं हैं। आरोपी डॉक्टर ने ससजा माफ करने की अपील की थी। डॉक्टर का तर्क है कि उसकी बेटी को सिखाया गया था और उसने झूठी गवाही दी। कोर्ट ने इस तर्क को खारिज कर दिया। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने कहा कि आरोपी डॉक्टर को निचली अदालत ने दोषी माना है, ऐसे में उसे सजा माफी नहीं दी जा सकती। पीठ ने कहा कि बच्चे के साथ जो तुमने किया है, ऐसे में तुम राहत पाने के अधिकारी नहीं हो। बच्चे ने खुद बयान दिया है। वह एक विकृत व्यक्ति है और वह सजा माफी का हकदार नहीं है।

### व्यक्ति शराब के नशे में राक्षस बनता जा रहा

पीठ ने कहा कि तुम अपनी बेटी के साथ ऐसा कैस कर सकते हो? बच्ची भी अपने पिता के खिलाफ गवाही क्यों देगी? वह एक छोटी बच्ची है, जो बार-बार पूछने के बाद भी अपने बयान पर कायम रही है। व्यक्ति शराब के नशे में राक्षस बन जाता है। हमें ये बात नहीं कहनी चाहिए, लेकिन हम बहुत उदार पीठ हैं और अगर हम जमानत नहीं दे रहे हैं तो इसकी कुछ वजह है।

# सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में चीन को चुनौती देने की स्थिति में है भारत

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

'फैबलेस चिप' बनाने वाली कंपनी थर्ड आईटेक की मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) वृंदा कपूर ने कहा है कि सेमीकंडक्टर उद्योग में चीन के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए कुशल कार्यबल के साथ भारत एकमात्र देश है।


- दुनिया के 20 फीसदी चिप डिजाइनर भारत के बेंगलुरु, हैदराबाद व पुणे में

सीईओ ने कहा कि दुनिया की 20 प्रतिशत सेमीकंडक्टर डिजाइन प्रतिभा बेंगलुरु, हैदराबाद और पुणे में है। उन्होंने कहा कि दशकों से वैश्विक प्रौद्योगिकी दिग्गजों द्वारा भारत में बड़े अनुसंधान एवं विकास केंद्र स्थापित करने के कारण बनी इस अद्वितीय बढ़त ने देश को वैश्विक सेमीकंडक्टर क्षमता में, खासकर रक्षा इलेक्ट्रॉनिक्स में चीन के प्रभुत्व को चुनौती देने की स्थिति में रखा है।

## चीन से प्रतिस्पर्धा करने भारत के पास कुशल कार्यबल

### भारत को प्रतिभा का लाभ होगा

हालांकि, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत को इस प्रतिभा का पूरी तरह से लाभ तभी मिलेगा जब भारतीय उत्पाद कंपनियां उभरेंगी और घरेलू पूंजी से मजबूत समर्थन प्राप्त होगा। कपूर ने कहा, "दुनिया की कुल सेमीकंडक्टर डिजायन प्रतिभा का 20 प्रतिशत तीन भारतीय शहरों - बेंगलुरु, हैदराबाद और पुणे में स्थित है।



### 70 के दशक में विदेशी कंपनियां भारत आई

70 के दशक से ही अमेरिकी कंपनियां भारत आई हैं। यूरोपीय कंपनियां भारत आई हैं और उन्होंने विशाल प्रौद्योगिकी केंद्र स्थापित किए हैं। इसलिए, हमारे जीसीसी (वैश्विक क्षमता केंद्र) आखिरकार रंग ला रहे हैं।

### क्वालकॉम का चिप 100 फीसदी भारत में तैयार

क्वालकॉम का 5जी चिप 100 प्रतिशत भारत में डिजायन किया गया था। तो, क्या बदलने की जरूरत है? भारतीय उत्पाद कंपनियों को उभरने की जरूरत है, और भारतीय पूंजी को उनका समर्थन करने की जरूरत है।

*चीन की हिस्सेदारी 65 फीसदी रहने की उम्मीद*


*रक्षा इलेक्ट्रॉनिक्स में 2030 तक चीन की हिस्सेदारी 65 प्रतिशत रहने की संभावना है। उद्योग मंडल भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के वैश्विक व्यापार शिखर सम्मेलन-2025 को संबोधित करते हुए कपूर ने कहा, "भारत एकमात्र ऐसा देश है जिसके पास चीन के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए पर्याप्त कुशल जनशक्ति है।*

*अगली पीढ़ी के चिप का उत्पादन करना*

*थर्ड आईटेक अमेरिकी स्पेस फोर्स और भारत सेमी (थर्ड आईटेक की होल्डिंग कंपनी) के साथ एक रणनीतिक साझेदारी का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य एक सेमीकंडक्टर संयंत्र स्थापित करना है जो सैन्य हार्डवेयर और अगली पीढ़ी के दूरसंचार में उपयोग किए जाने वाले चिप का उत्पादन करेगा।*

## खबर संक्षेप

### स्कोडा ट्यूब्स को दूसरे दिन 8.11 गुना अभिदान मिला




**नई दिल्ली।** स्टेनलेस स्टील ट्यूब और पाइप विनिर्माता स्कोडा ट्यूब्स के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को बृहस्पतिवार को बोली के दूसरे दिन 8.11 गुना अभिदान मिला। एनएसई के आंकड़ों के अनुसार, निवेशकों ने 1,18,46,169 शेयरों की पेशकश पर 9,60,85,200 शेयरों के लिए बोली लगाई।

### सोना 500 रुपए टूटा, चांदी स्थिर



**नई दिल्ली।** कमजोर वैश्विक संकेतों के बीच बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 500 रुपये घटकर 98,500 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 500 रुपये घटकर 98,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गई।

### वेलस्पन कॉर्प का शुद्ध लाभ 143 प्रतिशत से अधिक




**नई दिल्ली।** वेलस्पन कॉर्प लिमिटेड (डब्ल्यूसीएल) का जनवरी-मार्च तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 143 प्रतिशत से अधिक बढ़कर 699.19 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी का पिछले वर्ष इसी अवधि में मुनाफा 287.28 करोड़ रुपये रहा था। उसकी आय घटकर 3,966.86 करोड़ रुपये रह गई, जो एक साल पहले इसी अवधि में 4,543.70 करोड़ रुपये थी। वहीं व्यय सालाना आधार पर ,292.37 करोड़ रुपये से घटकर 3,639.32 करोड़ रुपये हो गए।

## आरबीआई ने जारी की वर्ष 2024-25 के लिए वार्षिक रिपोर्ट

# रिजर्व बैंक के बही-खाते का आकार 33 फीसदी बढ़कर हुआ 76.25 लाख करोड़ रुपये

एजेंसी ⏭ मुंबई

*विदेशी मुद्रा लेनदेन में करीब 33 प्रतिशत की बढ़ोतरी से वित्त वर्ष 2024-25 में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के बही-खाते का आकार बढ़कर 76.25 लाख करोड़ रुपये हो गया है। इसके दम पर ही केंद्रीय बैंक ने सरकार को 2.7 लाख करोड़ रुपये का बड़ा लाभांश दिया है।*

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बृहस्पतिवार को जारी अपनी 2024-25 की वार्षिक रिपोर्ट में कहा कि देश वित्त वर्ष 2025-26 में भी दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहेगा। इसमें कहा गया कि मजबूत वृहद आर्थिक बुनियादी आंकड़ों और सक्रिय नीतिगत उपायों के समर्थन से 2024-25 में अर्थव्यवस्था ने जुझारू क्षमता दिखाई।

- विदेशी मुद्रा लेनदेन में करीब 33 फीसदी की वृद्धि
- केंद्रीय बैंक ने सरकार को दिया 2 .7 लाख करोड़ रुपए का लाभांश
- भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था

### मुद्रास्फीति चार फीसदी पर रहने का भरोसा

वार्षिक रिपोर्ट में कहा गया कि अब 12 महीने की अवधि में कुल मुद्रास्फीति के चार प्रतिशत के लक्ष्य के अनुरूप बने रहने को लेकर " अधिक भरोसा " है। इसमें सुझाव दिया गया कि ब्याज दर जोखिम की गतिशील प्रकृति को ध्यान में रखते हुए बैंकों को व्यापार और बैंकिंग दोनों प्रकार के बही जोखिमों से निपटने की आवश्यकता है, खासकर शुद्ध ब्याज 'मार्जिन' में कमी के मद्देनजर।

### 2000 के 98 फीसदी से अधिक नोट बैंकिंग प्रणाली में वापस

कम मूल्यवर्ग के बैंक नोट (10 रुपये, 20 रुपये और 50 रुपये) की चलन वाले कुल बैंक नोट में हिस्सेदारी 31.7 प्रतिशत रही। मई, 2023 में 2000 रुपये के बैंक नोट को चलन से वापस लेने की शुरुआत की गई थी, जो गत वित्त वर्ष में भी जारी रही। घोषणा के समय चलन में रहे 3.56 लाख करोड़ रुपये में से 98.2 प्रतिशत 31 मार्च, 2025 तक बैंकिंग प्रणाली में वापस आ गए।




### 500 रुपए के नोट की हिस्सेदारी 86 फीसदी

रिपोर्ट के मुताबिक, " 2024-25 के दौरान 500 रुपये के बैंक नोट की हिस्सेदारी 86 प्रतिशत रही, जो मूल्य के हिसाब से मामूली रूप से घटी है। इसमें कहा गया है कि मात्रा की दृष्टि से प्रचलन में मौजूद कुल बैंक नोट में 500 रुपये मूल्यवर्ग के नोट की हिस्सेदारी सबसे अधिक 40.9 प्रतिशत रही। इसके बाद 10 रुपये मूल्यवर्ग के नोट की हिस्सेदारी 16.4 प्रतिशत रही।

### ई-रूपी का मूल्य 334 प्रतिशत बढ़ा

वित्त वर्ष 2024-25 में चलन में मौजूद ई-रुपी का मूल्य 334 प्रतिशत बढ़ा। चलन में मौजूद मुद्रा में बैंक नोट, केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा (सीबीडीसी) और सिक्के शामिल हैं। वर्तमान में दो रुपये, पांच रुपये, 10 रुपये, 20 रुपये, 50 रुपये, 100 रुपये, 200 रुपये, 500 रुपये के मूल्यवर्ग के नोट चलन में हैं।

### छह मूल्य वर्ग के सिक्के चलन में


सिक्कों की बात करें तो 50 पैसे और एक रुपये, दो रुपये, पांच रुपये, 10 रुपये और 20 रुपये मूल्यवर्ग के सिक्के चलन में मौजूद हैं। जाली नोटों के संबंध में रिपोर्ट में कहा गया कि 2024-25 के दौरान बैंकिंग क्षेत्र में जब्त किए गए कुल जाली भारतीय मुद्रा नोट (एफआईसीएन) में से 4.7 प्रतिशत रिजर्व बैंक में पकड़े गए।

# स्पेक्ट्रम की नीलामी के लिए ट्राई से मांगे सुझाव

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दूरसंचार विभाग ने 800 मेगाहर्ट्ज, 900 मेगाहर्ट्ज, 1,800 मेगाहर्ट्ज, 2,100 मेगाहर्ट्ज और 2,300 मेगाहर्ट्ज सहित आठ मौजूदा बैंड में मोबाइल स्पेक्ट्रम की नीलामी के लिए आरक्षित मूल्य, ब्लॉक आकार, मात्रा एवं अन्य तौर-तरीकों पर भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) से सुझाव मांगे हैं। सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि इनके अलावा 2,500 मेगाहर्ट्ज, 3,300 मेगाहर्ट्ज और 2,6 गीगाहर्ट्ज बैंड के बारे में दूरसंचार विभाग (डीओटी) ने दूरसंचार नियामक ट्राई से सुझाव मांगे हैं। दूरसंचार विभाग ने दूरसंचार नियामक से 600 मेगाहर्ट्ज बैंड में स्पेक्ट्रम की नीलामी के लिए भी सुझाव देने को कहा है। ट्राई को हाल ही में पहचाने गए 6,425-6,725 मेगाहर्ट्ज और 7,025-7,125 मेगाहर्ट्ज बैंड के लिए नीलामी की संभावना पर विचार करने को भी कहा गया है ताकि नीलामी के समय, बैंड योजना, आरक्षित मूल्य एवं नियम व शर्तों को लेकर सुझाव दिए जा सकें। इससे पहले 2024 में आयोजित नीलामी में, सुनील भारती मित्तल की एयरटेल मोबाइल फोन वॉइस एवं डेटा सिग्नल को संचारित करने के लिए उपयोग की जाने वाली रेडियो तरंगों के लिए सबसे बड़ी बोली लगाने वाली कंपनी के रूप में उभरी थी। जून में दो दिन तक चली बोली में बेचे गए 11,341 करोड़ रुपये के स्पेक्ट्रम में से करीब 60 प्रतिशत इस कंपनी ने हासिल किए थे।

- दूरसंचार विभाग ने आठ मौजूदा बैंड के मोबाइल स्पेक्ट्रम की नीलामी करने जा रहा



### शुरुआती कीमत 96,238 करोड़ रुपए थी

वर्ष 2024 की नीलामी में कुल 141.4 मेगाहर्ट्ज रेडियो तरंगें 11,340.78 करोड़ रुपये में बेची गई थीं। सरकार ने 800 मेगाहर्ट्ज से 26 गीगाहर्ट्ज के बीच कुल 10 गीगाहर्ट्ज स्पेक्ट्रम की पेशकश की थी, जिसकी कीमत आधार या नीलामी की शुरुआती कीमत पर 96,238 करोड़ रुपये थी।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

### जवाबी शुल्क पर अमेरिकी अदालत की रोक के बाद शेयर बाजार में तेजी


**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजार में लगातार दो दिन की गिरावट के बाद बृहस्पतिवार को तेजी रही। अमेरिका में एक अदालत ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन के 'जवाबी शुल्क' के फैसले पर रोक लगा दी है, जिससे वैश्विक बाजारों में उछाल आया। इससे स्थानीय शेयर बाजार भी चढ़ गया। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 320.70 अंक यानी 0.39 प्रतिशत चढ़कर 81,633.02 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 504.57 अंक चढ़कर 81,816.89 अंक तक पहुंच गया था। निफ्टी 81.15 अंक या 0.33 प्रतिशत चढ़कर 24,833.60 अंक पर बंद हुआ। जियोजीत इन्वेस्टमेंट लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, "अमेरिकी अदालत ने ट्रंप की 'जवाबी' शुल्क नीति पर रोक लगाई, जिसके बाद वैश्विक धारणा में सुधार हुआ।

# जमाखोरी रोकने सरकार ने गेहूं की स्टॉक सीमा बढ़ाई

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सरकार ने जमाखोरी और सट्टेबाजी रोकने तथा खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के मकसद से व्यापारियों, थोक विक्रेताओं, खुदरा विक्रेताओं और बड़ी खुदरा श्रृंखला के विक्रेताओं के लिए गेहूं का स्टॉक रखने की समयसीमा का अगले साल मार्च तक के लिए विस्तार किया है।

एक सरकारी बयान में कहा गया है कि 27 मई को जारी किए गए निर्दिष्ट खाद्य पदार्थों (संशोधन) आदेश, 2025 के तहत लाइसेंस आवश्यकताओं, स्टॉक सीमा और परिवहन प्रतिबंधों को हटाने का निर्देश 31 मार्च, 2026 तक लागू रहेगा। फसल वर्ष 2024-25 (जुलाई-जून) में 11.75 करोड़ टन के रिकॉर्ड गेहूं उत्पादन के बावजूद गेहूं पर स्टॉक रखने की सीमा बढ़ाई गई है। नए नियमों के तहत, व्यापारी और थोक व्यापारी 3,000 टन गेहूं तक का स्टॉक कर सकते हैं, जबकि खुदरा विक्रेता प्रत्येक खुदरा बिक्री केन्द्र के लिए 10 टन तक का स्टॉक रख सकते हैं।



### गेहूं की कमी को रोकने बारीकी से निगरानी

केंद्र और राज्य सरकार के अधिकारी कृत्रिम गेहूं की कमी को रोकने के लिए प्रवर्तन की बारीकी से निगरानी करेंगे। केंद्र ने 27 मई, 2025 तक एजेंसियों और भारतीय खाद्य निगम के माध्यम से 298.17 लाख टन गेहूं की खरीद की है, जो सार्वजनिक वितरण प्रणाली, खुला बाजार बिक्री योजना और अन्य बाजार हस्तक्षेप कार्यक्रमों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पर्याप्त है।

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**
**(ई-टेंडरिंग द्वारा)**

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम तथा स्थान | दिल्ली डिवीजन के NDLS-ANVT-GZB सेक्शन में नए एसपी, एसएसपी और टीएसएस कार्य के संबंध में सिग्नल यूटिलिटीज की शिफ्टिंग से जुड़ा सिग्नलिंग कार्य। |
| कार्य की अनुमानित लागत (रू) | Rs. 3,99,64,918.62/- |
| धरोहर राशि (रू) | Rs. 3,49,800.00/- |
| कार्यालय का पता | वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता-C, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली-110055 |
| निविदा प्रपत्र जमा करने तथा निविदा खुलने का दिनांक तथा समय। | निविदा प्रपत्र अपलोड करने का समय दिनांक 28.05.2025 / निविदा खुलने का दिनांक 19.06.2025 15:00 बजे तक |
| वेब साइट एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहां से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है | उत्तर रेलवे की वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखें या देखे नोटिस बोर्ड, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली-110055 |

निविदा संख्याः 558-Sig-16-M-TENDER-1449 दिनांकः 28.05.2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1593/25

## राशिफल

**मेष** — रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा।

**वृष** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। मानसिक शान्ति रहेगी,परन्तु बातचीत में संयत रहें। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**मिथुन** — तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।सेहत का ध्यान रखें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। कार्यक्षेत्र में कुछ समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

**कर्क** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**सिंह** — कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। यात्रा खर्च बढ़ सकते हैं। किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

**कन्या** — परिवार की जिम्मेदारी बढ़ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** — धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

**वृश्चिक** — भाग-दौड़ अधिक रहेगी। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखने का प्रयास करें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं।

**धनु** — कार्यक्षेत्र में तरक्की के योग हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति हो सकती है।

**मकर** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है।

**कुंभ** — तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के स्रोत विकसित होंगे।

**मीन** — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर बढ़ेंगे। वाणी में मधुरता रहेगी।

# भारतीय कंपनियां लाभ के अनुरूप कर्मचारियों का बढ़ाएं वेतन

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी अनंत नागेश्वरन ने बृहस्पतिवार को 6.5 प्रतिशत से अधिक की दर से वृद्धि करने और वर्ष 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने के लिए भारतीय कंपनियों से अपना पूंजीगत व्यय बढ़ाने और लाभप्रदता वृद्धि के अनुरूप कर्मचारियों का वेतन बढ़ाने को कहा। नागेश्वरन ने 'निवेश के पुण्य चक्र' की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बढ़े हुए निवेश से न केवल क्षमता बढ़ेगी बल्कि अधिक वेतन वाली अधिक नौकरियां पैदा होंगी जिसका नतीजा बढ़ी हुई घरेलू बचत के रूप में निकलेगा।

- भारतीय कंपनियां पूंजीगत व्यय को बढ़ाएं

### घरेलू आय और बचत में वृद्धि की जरूरत



सीईए ने कहा कि इसके साथ ही निजी क्षेत्र को पूंजी और श्रम के संतुलित उपयोग पर भी ध्यान केंद्रित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत को अगले 25 वर्षों में बुनियादी ढांचे के क्षेत्र सहित क्षमता निर्माण में बहुत अधिक निवेश की जरूरत होगी। उन्होंने कहा कि भारत की पूंजी जरूरतों को पूरा करने के लिए घरेलू आय और बचत में स्थिर वृद्धि की जरूरत होगी जो तभी संभव हो सकता है जब उनकी आय बढ़े।

### भारत का पूंजी निर्माण केवल तीन फीसदी बढ़ा

सीईए ने यहां उद्योग मंडल सीआईआई के एक कार्यक्रम में कहा कि इस तरह की चुनौती का सामना आमतौर पर विकसित देशों को करना पड़ता है, न कि भारत जैसे विकासशील देशों को। मुख्य आर्थिक सलाहकार ने कहा, "उदाहरण के तौर पर, भारत के निजी क्षेत्र की लाभप्रदता मार्च, 2024 तक 7.2 लाख करोड़ रुपये से चार गुना बढ़कर 28.7 लाख करोड़ रुपये हो गई लेकिन दूसरे दशक में पूंजी निर्माण केवल तीन गुना बढ़ा।"

### पूंजी निर्माण ने भर्तियों को पीछे छोड़ा

नागेश्वरन ने कहा, "हम ऐसी चुनौती का सामना कर रहे हैं कि लाभप्रदता में वृद्धि न केवल पूंजी निर्माण में वृद्धि से अधिक हो गई है, बल्कि लाभ कमाने की क्षमता में वृद्धि ने वेतन वृद्धि और भर्तियों को भी पीछे छोड़ दिया है। यह कुछ ऐसी स्थिति है जिसे हम अगले 25 या 30 वर्षों तक नहीं झेल सकते हैं।"

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सीता राम पासवान, पिताः राम परसाद पासवान, पताः ई-35, गली नं. 2, गणेश नगर, पांडव नगर परिसर, दिल्ली** ने **FIR No. 157/2022, dated 01.06.2022, U/s 174 A IPC, पुलिस थाना हजरत निजामुद्दीन, नई दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **सीता राम पासवान** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **सीता राम पासवान** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 157/2022, dated 01.06.2022, U/s 174 A IPC, पुलिस थाना हजरत निजामुद्दीन, नई दिल्ली** के अभियुक्त **सीता राम पासवान** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **30.06.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री कार्तिक तपरिया
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-03
कमरा नं. 512
साकेत कोर्ट, नई दिल्ली

DP/6784/SE/2025

## शब्द पहेली - 5882




**बाएँ से दाएँ**
1.अशांति, उपद्रव-5
4.गुंडा, बदमाश-3
6.समान-2
7.वारंट, निर्गमपत्र-3
8.पत्र, पाती-2
10.आश्रय-3
11.भेंट, पुरस्कार-4
14.अनुमान, अंदाज-3
16.जो लायक न हो-4
17.एक खलनायक-2
18.जीव, जीवन-2
19.जांचना-परखना-4
21.ख्वाब, स्वप्न-3
22.बलशाली-4
24.रेखा, पंक्ति-3
25.प्यार (अंग्रेजी में-2)
27.भाग्य, किस्मत-3
28.पैंतरा, पारी-2
29.डांट-डपट, घुड़की-3
30.तसल्ली, विश्वास, भरोसा-5

**ऊपर से नीचे**
1.समानता का विलोम-5
2.सीता के पति-2
3.रोना, विलाप करना-4
4.सोच-विचार-3
5.जूं का अंडा-2
7.चाहने का भाव-2
9.भारत-पाक विभाजन की त्रासदी पर बना धारावाहिक-3
12.दशानन-3
13.मधुशाला-4
15.गुजर-बसर-3
16.नामांकित-4
17.मसविदा, रुप-रेखा-3
18.गंवार-3
20.मन को भाने वाला-5
21.आसान, सीधा-3
22.बारिश-4
23.पागल-3
24.होठ, अधर-2
26.हत्या-2
28.अन्न का एक कण-2

**शब्द पहेली- 5881 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | म | हा | भा | र | त | | प | र | वा | ना |
| त | न | | स्क | | मा | हि | र | | र | ग |
| न | | त | र | क | श | | ख | र | | वा |
| ब | न्ध | क | | | बी | वी | | न | ज | र |
| द | | दी | | दा | न | | फां | | ल | |
| न | ज | र | बं | द | | न | सी | ब | वा | ला |
| | रु | | दी | | म | न | | च | | प |
| श | री | र | | जं | हा | | | प | गा | र |
| रा | | न | म | | सा | ग | वा | न | | वा |
| फ | ल | | स | ज | ग | | च | | आ | ह |
| त | क्ष | शि | ला | | र | द्द | क | र | ना | |






# ज्योति और साबले बने चैंपियन, एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में जीते स्वर्ण पदक

एजेंसी ▶▶| गुमी

भारत की महिला बाधा दौड़ की नंबर एक धाविका ज्योति याराजी और राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी स्टीपलचेज धावक अविनाश साबले ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गुरुवार को यहां 26वीं एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में अपनी-अपनी स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक जीते। साबले सत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए की 3000 मीटर स्टीपलचेज स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने वाले 36 साल में पहले भारतीय पुरुष बन गए।

इसके तुरंत बाद ज्योति ने महिलाओं की 100 मीटर बाधा दौड़ में शानदार प्रदर्शन करते हुए 12.96 सेकंड का चैंपियनशिप का नया रिकॉर्ड बनाते हुए इस प्रतियोगिता में अपना दूसरा स्वर्ण पदक जीता। पिछला रिकॉर्ड 13.04 सेकंड का था, जिसे 1998 में कजाकिस्तान की ओल्गा शिशिगिना और 2011 में चीन की सन यावेई ने बनाया था।



### पदक का बचाव करने वाली 5वीं एथलीट

ज्योति ने 2023 में एशियाई चैंपियनशिप में 13.09 सेकंड के प्रयास के साथ स्वर्ण पदक जीता। उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय 12.78 सेकंड है जो राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी है। एशियाई खेलों की रजत पदक विजेता ज्योति एशियाई चैंपियनशिप की 100 मीटर बाधा दौड़ में स्वर्ण पदक का बचाव करने वाली पांच एथलीटों के चुनिंदा क्लब में शामिल हो गईं। उनसे पहले यह उपलब्धि जापान की एमी अकीमोटो (1979, 1981, 1983) तथा चीन की तीन खिलाड़ियों झांग यू (1991, 1993), सु यिनपिंग (2003, 2005) और सुन यावेई (2009, 2011) ने हासिल की थी।



### दूसरा एशियन पदक

साबले ने 8:20.92 सेकंड का समय लेकर पहला स्थान हासिल किया। यह एशियाई चैंपियनशिप में उनका दूसरा पदक है। इससे पहले उन्होंने 2019 में रजत पदक जीता था। उनका आज का प्रदर्शन हालांकि 2024 में हासिल किए गए उनके 8:09.91 सेकंड के राष्ट्रीय रिकॉर्ड के कहीं भी करीब नहीं था। भारत की तरफ से इससे पहले दीनाराम ने 1989 में इस स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था। हरबेल सिंह 1975 में पुरुषों की स्टीपलचेज स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय थे।

### साबले का शानदार प्रदर्शन

ज्योति से पहले साबले ने अपनी पसंदीदा स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते स्वर्ण पदक जीता और चैंपियनशिप में भारत की स्थिति मजबूत की। जापान के युतारो नीनाए ने 8:24.41 सेकंड के साथ रजत पदक जीता। वह अंतिम लैप की शुरुआत में आगे चल रहे थे, लेकिन साबले ने शानदार प्रयास करते हुए उन्हें पीछे छोड़ दिया और स्वर्ण पदक हासिल किया। कतर के जकारिया इलाहलामी ने 8:27.12 सेकंड का समय लेकर कांस्य पदक जीता।

खास खबर

## नमन और अंशुल थाईलैंड ओपन के फाइनल में पहुंचे



**बैंकॉक।** भारत के हैवीवेट मुक्केबाज नमन तंवर (90 किग्रा) और अंशुल गिल (90 किग्रा से अधिक) ने बृहस्पतिवार को यहां उज्बेकिस्तान के अपने अपने प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ चुनौतीपूर्ण मुकाबले में जीत हासिल कर थाईलैंड ओपन अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। नमन ने जुराबोव एल्योरबेक को 4-1 से हराया जबकि अंशुल ने रुस्तमोव अब्दुरखमोन को 3-2 से मात दी। दोनों भारतीयों ने धीमी शुरुआत की लेकिन फिर नियंत्रण बनाते हुए दमदार मुक्के जमाकर विभाजित फैसले में जीत से एक जून को होने वाले फाइनल में जगह पक्की की। भारत ने इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में 19 सदस्यीय मजबूत दल उतारा है जिसमें चीन, कजाकिस्तान, उज्बेकिस्तान, दक्षिण कोरिया और मेजबान थाईलैंड जैसे मजबूत देशों के प्रतिभाशाली मुक्केबाज शामिल हैं। महिलाओं के सेमीफाइनल में तमन्ना (51 किग्रा), प्रिया (57 किग्रा) और लालफाकमावी (80 किग्रा) संघर्ष के बाद बाहर हो गईं और तीनों को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा।

### भारतीय हॉकी टीम यूरोप रवाना

**बेंगलुरु।** दुनिया के हॉकी खेलने वाले कुछ शीर्ष देशों के खिलाफ अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद के साथ भारतीय पुरुष टीम गुरुवार को एफआईएच प्रो लीग 2024-25 के यूरोपीय चरण के लिए रवाना हुई। प्रतियोगिता का यूरोपीय चरण सात से 22 जून के बीच नीदरलैंड के एम्सटेलवीन और बेल्जियम के एंटवर्प में होगा। टीम के रवाना होने से पहले कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा, 'यूरोपीय चरण हमारे लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि हमारा सामना दुनिया की कुछ सर्वश्रेष्ठ टीमों से होगा।

### भारतीय महिला टीम ऑस्ट्रेलिया के साथ खेलेगी तीन वनडे मैच

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम इस साल देश में होने वाले आईसीसी विश्व कप की तैयारी के तौर पर सितंबर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैच की घरेलू एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला खेलेगी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने बुधवार को यह जानकारी दी। बीसीसीआई ने साथ ही कहा कि ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका की पुरुष 'ए' टीमें सितंबर से नवंबर के बीच भारत का दौरा करेंगी और इस दौरान बहुदिवसीय और सीमित ओवरों के क्रिकेट मैच खेले जाएंगे।

### टी20 श्रृंखला के लिए भारतीय टीम का चयन



**नई दिल्ली।** भारतीय दिव्यांग क्रिकेट परिषद ने इंग्लैंड के खिलाफ पहली बार हो रही मिश्रित दिव्यांग खिलाड़ियों टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए 16 सदस्यीय टीम की घोषणा की। यह श्रृंखला जून-जुलाई में लॉर्ड्स सहित कई प्रतिष्ठित स्थलों पर खेली जाएगी। रविंद्र गोपीनाथ संते टीम की अगुआई करेंगे जबकि वीरेंद्र सिंह को उपकप्तान बनाया गया है। इस दौरे का मुख्य आकर्षण 25 जून को लॉर्ड्स में होने वाला तीसरा टी20 मैच होगा जिससे भारत की मिश्रित दिव्यांग टीम को 'क्रिकेट का मक्का' कहे जाने वाले इस प्रतिष्ठित स्थल पर प्रतिस्पर्धा करने का दुर्लभ मौका मिलेगा।



| ऑरेंज कैप | पर्पल कैप |
|---|---|
| निकोलस पूरन | नूर अहमद |
| 189 रन | 09 विकेट |
| लखनऊ | चेन्नई |

## खबर संक्षेप



### हां, बिल्कुल है : कप्तानी के सपने पर बोले जडेजा

**नई दिल्ली।** भले ही कप्तानी के दावेदारों में उनका नाम शामिल नहीं रहा हो लेकिन अनुभवी हरफनमौला रविंद्र जडेजा ने कहा कि वह एक दिन भारतीय टेस्ट टीम की कप्तानी करना चाहेंगे। इंग्लैंड दौरे के लिए युवा बल्लेबाज शुभमन गिल को भारतीय टेस्ट टीम का कप्तान बनाया गया है। क्या वह भारत के टेस्ट कप्तान बनना चाहते हैं, यह पूछने पर जडेजा ने भारत के पूर्व क्रिकेटर रविचंद्रन अश्विन के यूट्यूब चैनल पर कहा, हां, बिल्कुल। इतने सालों में मैने अलग अलग कप्तानों के साथ खेला है। मुझे हर कप्तान की शैली के बारे में पता है और यह भी समझता हूं कि खिलाड़ी क्या सोचते हैं और चाहते हैं।'

### पाक ने बांग्लादेश को 37 रन से हराया



**लाहौर।** तेज गेंदबाज हसन अली ने 30 रन देकर पांच विकेट चटकाए जिससे पाकिस्तान ने पहले टी20 में बांग्लादेश को 37 रन से हराकर तीन मैच की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त बना ली। पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली आगा ने इससे पहले करियर की सर्वश्रेष्ठ 56 रन की पारी खेली जिससे मेजबान टीम ने सात विकेट पर 201 रन का स्कोर खड़ा किया। शादाब खान ने 48 जबकि हसन नवाज ने 44 रन का योगदान दिया। इसके जवाब में बांग्लादेश की टीम 19.2 ओवर में 164 रन पर सिमट गई।

### कतर, बहरीन और ब्रुनेई से भिड़ेगा भारत




**नई दिल्ली।** भारतीय अंडर-23 पुरुष राष्ट्रीय टीम को गुरुवार को एएफसी अंडर-23 एशियाई कप क्वालीफायर के ग्रुप एच में रखा गया और वह मेजबान कतर, बहरीन तथा ब्रुनेई दारुस्सलाम से भिड़ेगा। ड्रॉ का आयोजन कुआलालंपुर में एएफसी हाउस में किया गया। ग्रुप एच की मेजबानी ग्रुप की शीर्ष वरीयता प्राप्त टीम कतर को मिली है और ग्रुप के मैच एक से नौ सितंबर के बीच खेले जाएंगे। क्वालीफायर के लिए 44 टीम को चार-चार टीम के 11 ग्रुप में बांटा गया है। प्रत्येक ग्रुप के विजेता और चार सर्वश्रेष्ठ उप विजेता के अलावा मेजबान सऊदी अरब सहित 16 टीम जनवरी 2026 में होने वाले एएफसी अंडर-23 एशियाई कप के सातवें सत्र में हिस्सा लेंगी।

पहले क्वालीफायर में पंजाब किंग्स को आठ विकेट से हराया

# सॉल्ट का अर्धशतक, आरसीबी चौथी बार आईपीएल के फाइनल में पहुंची

मुल्लांपुर ▶▶| भाषा




रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (आरसीबी) ने गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद सलामी बल्लेबाज फिल सॉल्ट (नाबाद 56 रन) के अर्धशतक से बृहस्पतिवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के पहले क्वालीफायर में पंजाब किंग्स को 10 ओवर रहते आठ विकेट से हराकर तीन जून को होने वाले फाइनल में प्रवेश किया। आईपीएल प्लेऑफ में यह बची हुई गेंद (60 गेंद) के लिहाज से सबसे बड़ी जीत है। इस तरह आरसीबी ने चौथी दफा आईपीएल फाइनल में जगह बनाई। यह 2016 के बाद उसका पहला फाइनल होगा।पंजाब किंग्स हारने के बावजूद फाइनल में पहुंचने का एक और मौका मिलेगा जो दूसरे क्वालीफायर में गुजरात टाइटंस और मुंबई इंडियंस के बीच होने वाले एलिमिनेटर के विजेता से भिड़ेगी। आरसीबी ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला किया और गेंदबाजों ने परिस्थितियों का पूरा फायदा उठाते हुए पंजाब किंग्स को 14.1 ओवर में महज 101 रन पर समेट दिया। फिर सॉल्ट ने विराट कोहली (12) के साथ पहले विकेट के लिए 20 गेंद में 30 रन और मयंक अग्रवाल (19) के साथ दूसरे विकेट के लिए 27 गेंद में 54 रन जोड़कर आरसीबी को 10 ओवर में दो विकेट पर 106 रन बनाकर आसान जीत दिलाई। लक्ष्य का पीछा करते हुए कोहली ने पारी की दूसरी गेंद पर अर्शदीप सिंह पर चौका जड़ा और अगले ओवर में काइल जैमीसन की गेंद को सीमारेखा के पार सॉल्ट ने तीसरे ओवर में अर्शदीप पर एक चौका और डीप मिडविकेट पर एक छक्का जड़ा। पर कोहली 12 रन बनाकर जल्दी आउट हो गए। वह चौथे ओवर में जेमीसन की गेंद पर बल्ला छुआकर विकेटकीपर जोश इंगलिस को कैच दे बैठे। सूयश शर्मा की जगह 'इम्पैक्ट प्लेयर' के तौर पर उतरे मयंक अग्रवाल को जैमीसन ने दबाव में लाने का प्रयास किया। लेकिन दूसरे छोर पर खड़े सॉल्ट ने दमदार शॉट लगाकर टीम को आसानी से फाइनल में पहुंचने की ओर अग्रसर किया। पावरप्ले के अंतिम ओवर में सॉल्ट ने जैमीसन पर तीन चौके और एक छक्के से 21 रन जुटाए जिससे आरसीबी ने छह ओवर में एक विकेट पर 61 रन बना लिए। सॉल्ट ने 23 गेंद में पांच चौके और तीन छक्के से अपना अर्धशतक पूरा किया। यह उनका आईपीएल में सबसे तेज अर्धशतक भी है। कप्तान रजत पाटीदार (नाबाद 15 रन) ने 10वें ओवर की अंतिम गेंद पर छक्का जड़कर टीम को जीत दिलाई।पंजाब किंग्स को अपने अति-आक्रामक रवैये का खामियाजा भुगतना पड़ा जिससे उसके सिर्फ तीन बल्लेबाज ही दोहरे अंक तक पहुंच सके जिसमें मार्कस स्टाइनिस ने सर्वाधिक 26 रन बनाए। आरसीबी के लिए जोश हेजलवुड (21 रन देकर तीन विकेट), भुवनेश्वर कुमार (17 रन देकर एक विकेट) और यश दयाल (26 रन देकर दो विकेट) की तेज गेंदबाजी तिकड़ी ने पिच का पूरा फायदा उठाया जिसके बाद लेग स्पिनर सुयश शर्मा (17 रन देकर तीन विकेट) ने घरेलू टीम के लिए मुश्किल खड़ी की। पंजाब किंग्स 2014 के बाद अपने पहले प्लेऑफ मुकाबले में खेल रही है। सलामी बल्लेबाज प्रियांश आर्य के दूसरे ही ओवर में आउट होने से पंजाब किंग्स के विकेट गिरने का सिलसिला शुरू हुआ और 15वें ओवर तक पूरी टीम पवेलियन में थी। प्रियांश गेंद को ड्राइव करने के प्रयास में दयाल की गेंद पर कवर पर कैच आउट हुए और उनके सलामी जोड़ीदार प्रभसिमरन सिंह (10 गेंद में 18 रन) अगले ओवर में भुवनेश्वर को विकेट दे बैठे।

फ्रेंच ओपन

## बोपन्ना और बालाजी जीते, पुरुष युगल के दूसरे दौर में 3 भारतीय



एजेंसी ▶▶| पेरिस

रोहन बोपन्ना और एन श्रीराम बालाजी ने रोलां गैरो पर अपने-अपने जोड़ीदारों के साथ विपरीत अंदाज में जीत दर्ज करते फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष युगल के दूसरे दौर में जगह बनाई।

भारत के तीन खिलाड़ी पुरुष युगल के दूसरे दौर में पहुंच चुके हैं। बोपन्ना और चेक गणराज्य के उनके जोड़ीदार एडम पावलासेक ने रॉबर्ट कैश और जेजे ट्रेसी की अमेरिकी की जोड़ी को बुधवार देर रात 7-6, 5-7, 6-1 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। बोपन्ना और पावलासेक ने दो घंटे और 11 मिनट चले कड़े मुकाबले में चार बार विरोधी जोड़ी की सर्विस तोड़ी और अपनी पहली सर्विस पर 68 प्रतिशत अंक जीते। बालाजी और मैक्सिको के उनके जोड़ीदार मिगुएल रेयेस वारेला ने पहले दौर के एकतरफा मुकाबले में सिर्फ 51 मिनट में चीन के युनचाओकेट बू और अर्जेंटीना के कैमिलो उगो काराबेली को 6-2, 6-1 से हराया।

भारत और मैक्सिको की जोड़ी ने शुरुआत से ही दबदबाव बनाते हुए चार ऐस लगाए और अपनी पहली सर्विस पर 81 प्रतिशत अंक जीते। इस जोड़ी ने 10 में से चार ब्रेक प्वाइंट को भुनाया। इससे पहले पुरुष युगल में युकी भांबरी और अमेरिका के रॉबर्ट गैलोवे ने रोबिन हास और हेंड्रिक जेबेन्स को 6-3, 6-7, 6-3 से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया।

### अनकैप्ड खिलाड़ी हमारी सफलता की कुंजी

**मुल्लांपुर।** पंजाब किंग्स टीम में आए बदलाव के सूत्रधार रहे रिकी पोंटिंग का मानना है कि नीलामी में टीम की रणनीति और 'अनकैप्ड' खिलाड़ियों के प्रदर्शन ने इस सत्र में अलग तरह से खेलने की उनकी योजना को फलीभूत करने में मदद की। पंजाब किंग्स ने 2014 के बाद पहली बार प्लेआफ में जगह बनाई है। पोंटिंग ने कहा, 'हमने नीलामी से ही शुरुआत कर दी थी जब सिर्फ दो अनकैप्ड खिलाड़ियों को बरकरार रखा जिसके लिए काफी आलोचना भी हुई। लोगों को लगा कि हमने गलती कर दी लेकिन मैं काफी स्पष्ट था कि टीम को कहां ले जाना चाहता हूं और उसके लिए हमने सही खिलाड़ी चुने।'

### सात्विक और चिराग की शानदार जीत, सिंधू-प्रणय हारकर बाहर

**सिंगापुर।** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी ने गुरुवार को यहां सिंगापुर ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। पूर्व विश्व चैंपियन पीवी सिंधू हार के साथ टूर्नामेंट से बाहर हो गईं। सात्विक और चिराग ने दूसरे दौर के मुकाबले में साबर कार्यमन गुटामा और मोह रेजा पहलवी इस्फहानी की सातवीं वरीयता प्राप्त इंडोनेशियाई जोड़ी के खिलाफ पहला गेम गंवाने के बाद वापसी करते हुए एक घंटे 14 मिनट तक में 19-21, 21-16, 21-19 से जीत हासिल की। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू को हालांकि दुनिया की पांचवें नंबर की खिलाड़ी चीन की चेन यूफेई के खिलाफ 65 मिनट चले कड़े मुकाबले में 9-21, 21-18, 16-21 से हार का सामना करना पड़ा। पुरुष एकल में भी भारत को निराशा हाथ लगी जब एचएस प्रणय प्री क्वार्टर फाइनल में फ्रांस के क्रिस्टो पोपोव के खिलाफ 16-21, 14-21 से हारकर बाहर हो गए।



## नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट : गुकेश ने की 19वें जन्मदिन पर नाकामूरा को हराकर वापसी

एजेंसी ▶▶| स्टेवेंगर

विश्व चैंपियन डी गुकेश ने अपने 19वें जन्मदिन के मौके पर तीसरे दौर में अमेरिका के दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी हिकारू नाकामूरा को हराकर अपने अंकों का खाता खोला।

नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में गुरुवार को यहां अर्जुन एरिगेसी को पहली हार का सामना करना पड़ा। शुरुआती दो दौर में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन और हमवतन अर्जुन एरिगेसी के खिलाफ शिकस्त झेलने वाले गुकेश ने रेपिड और ब्लिट्ज के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक नाकामूरा को समय के दबाव में रखा और 42 चाल में बाजी जीतकर तीन अंक जुटाए। गुकेश सफेद



मोहरों से खेलते हुए छह खिलाड़ियों के इस डबल राउंड रोबिन टूर्नामेंट में पहली जीत दर्ज करके तीन अंक के साथ चीन के नंबर एक खिलाड़ी वेई यी से आगे पांचवें स्थान पर हैं। गुकेश ने कहा, 'काफी अच्छा महसूस कर रहा हूं। मुझे लगता है कि पहले की तुलना में आज मेरा समय प्रबंधन काफी बेहतर था। उसे (नाकामूरा को) कुछ मौके मिले लेकिन कुल मिलाकर मुकाबला अच्छा था।' अच्छी शुरुआत करने के बाद एरिगेसी को ग्रैंडमास्टर फाबियानो करुआना के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। गत चैंपियन कार्लसन को आर्मागेडोन टाईब्रेक में चीन के वेई यी ने हराया।

#### करुआना छह अंक के साथ शीर्ष पर

करुआना तीन और अंक जुटाकर छह अंक के साथ शीर्ष पर हैं। कार्लसन पांच अंक के साथ दूसरे स्थान पर हैं। एरिगेसी और नाकामूरा 4.5 अंक के साथ संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर हैं।

अनाधिकृत टेस्ट : इंग्लैंड के खिलाफ भारत का मुकाबला आज से

## लायंस के खिलाफ हालात को समझने उतरेंगे टेस्ट क्रिकेटर

एजेंसी ▶▶| कैंटरबरी

सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और हरफनमौला नीतिश कुमार रेड्डी समेत कई प्रमुख टेस्ट क्रिकेटर इंग्लैंड के हालात में ढलने की कोशिश करेंगे। भारत ए टीम शुक्रवार से यहां इंग्लैंड लायंस के खिलाफ चार दिवसीय अनाधिकृत टेस्ट खेलेगी।

जायसवाल और नीतिश के अलावा भारत ए टीम में अभिमन्यु ईश्वरन, ध्रुव जुरेल, करुण नायर, तेज गेंदबाज आकाश दीप और शार्दुल ठाकुर भी हैं। भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट श्रृंखला 20 जून से लीड्स पर शुरू होगी। करुण को छोड़कर बाकी सभी का यह पहला इंग्लैंड दौरा है। ईश्वरन की बात करें तो रोहित शर्मा के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास के बाद भारत को जायसवाल के साथ पारी की शुरुआत के



लिए एक बल्लेबाज चाहिए। इसके साथ ही विराट कोहली के संन्यास के बाद चौथे नंबर के लिए भी बल्लेबाज चाहिए। ईश्वरन प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 101 मैचों में पारी का आगाज कर चुके हैं।

वह कई मौकों पर पहले भी अंतिम एकादश में जगह बनाने के करीब पहुंचे लेकिन चूक गए। अब रोहित के संन्यास के बाद वह सलामी बल्लेबाज या तीसरे नंबर के बल्लेबाज के तौर पर टीम में जगह बना सकते हैं। चयनकर्ता अगर केएल राहुल को सलामी बल्लेबाज की भूमिका देते हैं तो वह तीसरे नंबर पर और नए कप्तान शुभमन गिल चौथे नंबर पर उतर सकते हैं। करुण भी आठ साल बाद भारतीय टीम में लौटे हैं जिन्होंने 2023-24 सत्र में घरेलू क्रिकेट में काफी रन बनाए हैं।

### गेंदबाजी में हो आक्रामकता

भारत ए टीम और टेस्ट टीम में ठाकुर के चयन से साबित है कि टीम प्रबंधन गेंदबाजी में और आक्रामकता चाहता है। ऐसे में ठाकुर अपनी उपयोगिता साबित करना चाहेंगे। टेस्ट टीम में शामिल जुरेल और एक बार फिर उपेक्षा का शिकार हुए सरफराज खान खुद को तैयार रखेंगे ताकि अगर मौका मिलता है तो वे इसे भुना सकें।

**टीमें इस प्रकार हैं:**

**भारत ए :** अभिमन्यु ईश्वरन (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, करूण नायर, ध्रुव जुरेल, नीतिश कुमार रेड्डी, शार्दुल ठाकुर, ईशान किशन, मानव सुतार, तनुष कोटियान, मुकेश कुमार, आकाश दीप, हर्षित राणा, अंशुल कम्बोज, खलील अहमद, रूतुराज गायकवाड़, सरफराज खान, तुषार देशपांडे, हर्ष दुबे।

**इंग्लैंड लायंस :** जेम्स रियू (कप्तान), फरहान अहमद, रेहान अहमद, सोनी बेकर, जोर्डन कॉक्स, रॉकी फ्लिंटॉफ, एमिलियो गे, टॉम हैंस, जॉर्ज हिल, जोश हुल, एडी जैक, बेन मैकिनी, डान माउसली, अजीत सिंह डेल, क्रिस वोक्स , मैक्स होल्डन।



## वायुसेना प्रमुख ने ये भी कहा

- लड़ाकू विमानों की डिलीवरी में हो रही देरी ने कई प्रमुख परियोजनाओं को प्रभावित किया है, जिसमें तेजस एमके 1 ए लड़ाकू विमान भी शामिल हैं।
- तेजस एमके1 की डिलीवरी में देरी हो रही है।
- तेजस एमके2 का प्रोटोटाइप अभी तक रोल आउट नहीं हुआ है।
- स्टील्थ एएमसीए फाइटर का अभी तक कोई प्रोटोटाइप नहीं है।

डिलीवरी में देरी पर कहा- नहीं दे सकते तो वादा मत करो

# प्राण जाए पर वचन न जाए कहते हुए वायुसेना प्रमुख बोले- एक बार जो हमने 'कमिट' किया, फिर अपने आप की भी नहीं सुनते

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने गुरुवार को 'ऑपरेशन सिंदूर' को राष्ट्रीय की जीत बताया। उन्होंने कहा कि सभी भारतीय बलों ने मिलकर इसे बहुत ही पेशेवर तरीके से अंजाम दिया। सीआईआई बिजनेस समिट में अपने संबोधन में उन्होंने यह भी कहा, हम सच्चाई के रास्ते पर चल रहे थे, मुझे लगता है कि इसमें भगवान भी हमारे साथ थे। इस दौरान उन्होंने 'प्राण जाय पर वचन न जाए...' और एक बार हमने जो कमिट कर लिया है, उसके बाद अपने आपकी भी नहीं सुनता जैसी बातें भी कहीं।

वायुसेना प्रमुख ने कहा, हम जिस ऑपरेशन सिंदूर के बारे में बात कर रहे हैं, यह एक राष्ट्रीय जीत है। मैं हर भारतीय का शुक्रिया अदा करता हूं। मुझे यकीन है कि हर भारतीय इस जीत की उम्मीद कर रहा था। उन्होंने कहा, जैसा कि बार-बार कहा जाता रहा है कि यह एक ऐसा ऑपरेशन था, जिसे सभी ने बहुत ही पेशेवर तरीके से अंजाम दिया, सभी एजेंसियां, सभी बल, हम सभी एक साथ आए और जब सच्चाई आपके साथ होती है, तो सब कुछ अपने आप हो जाता है।

### वायु सेना के बिना नहीं कर सकते कोई भी ऑपरेशन

चाहे वह जमीन की ताकत हो या जल की, वायुसेना हमेशा रहेगी। वायु सेना को इन दोनों के लिए दिलचस्प होना होगा। हम जो भी ऑपरेशन करते हैं, हम उसे वायु सेना के बिना नहीं कर सकते। मुझे लगता है कि इस ऑपरेशन के दौरान भी यह बहुत अच्छी तरह से साबित हुआ है। हम सिर्फ भारत में उत्पादन के बारे में बात नहीं कर सकते। हमें भारत में ही डिजाइनिंग और विकास शुरू करने की जरूरत है। जब संख्या में उत्पादन की बात आती है तो क्षमता सामने आती है।

### युद्ध का चरित्र बदला है और ऐसा होता रहेगा: नौसेना प्रमुख

इससे पहले सीआईआई वार्षिक व्यापार शिखर सम्मेलन में नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने भी हिस्सा लिया। उन्होंने कहा, ...युद्ध का चरित्र तेजी से बदला है और ऐसा होता रहेगा। सबसे पहले युद्ध और शांति के बीच की रेखाएं तेजी से धुंधली होती जा रही हैं। दूसरे, वाणिज्यिक प्रौद्योगिकी युद्ध को लोकतांत्रिक बनाती है, जिससे यह गैर-सरकारी लोगों के लिए उपलब्ध हो जाता है। अंत में, सटीकता के युग में प्रवेश करते हुए, जहां अत्यधिक सटीक क्षमताएं और बड़ी संख्या दोनों ही हमारे लिए महत्वपूर्ण हैं।

### हम ऐसा वादा क्यों करें जो पूरा नहीं हो सकता

*वायुसेना प्रमुख सिंह ने कहा, समयसीमा एक बड़ा मुद्दा है। इसलिए एक बार समयसीमा तय हो जाने के बाद मुझे लगता है कि एक भी परियोजना समय पर पूरी नहीं हुई है। इसलिए हमें इस पर गौर करना होगा। हम ऐसा वादा क्यों करें जो पूरा नहीं हो सकता? अनुबंध पर हस्ताक्षर करते समय कभी-कभी हमें यकीन होता है कि यह काम पूरा नहीं होगा, लेकिन हम अनुबंध पर हस्ताक्षर कर देते हैं।*

### ऑपरेशन सिंदूर एक राष्ट्रीय जीत

सीआईआई वार्षिक व्यापार शिखर सम्मेलन 2025 को संबोधित करते हुए एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने कहा, मैं ऑपरेशन सिंदूर को रिकॉर्ड में रखना चाहता हूं, जिसके बारे में हम बात कर रहे हैं। यह एक राष्ट्रीय जीत है। मैं यहां मौजूद हर भारतीय को धन्यवाद देता हूं। मुझे यकीन है कि हर भारतीय ने इस जीत में योगदान दिया है। जैसा कि बार-बार कहा गया है, यह एक ऐसा ऑपरेशन था, जिसे सभी एजेंसियों, सभी बलों की ओर से बहुत ही पेशेवर तरीके से अंजाम दिया गया था। हम सभी एक साथ आए और जब सच्चाई एक साथ होती है, तो सब कुछ अपने आप हो जाता है। उन्होंने कहा, 'जब हम एक राष्ट्र की बात करते हैं तो इसमें हम सभी सेना, नौसेना, वायु सेना, विभिन्न एजेंसियां, उद्योग, डीआरडीओ एक बड़ी श्रृंखला की कड़ी हैं। हम सभी को यह सुनिश्चित करना होगा कि हमारा समूह, जिससे मैं संबंधित हूं, वह कमजोर समूह न हो जिसके कारण यह श्रृंखला टूट जाए।


### अभी से भविष्य के लिए तैयार रहना

एयर चीफ मार्शल ने कहा, ऐसा समय था, जब हमें भारतीय उद्योग पर हमेशा संदेह रहता था कि यह वह उत्पाद नहीं दे सकता जो हम चाहते थे और हम बाहर की ओर अधिक देखते थे, लेकिन पिछले एक दशक से अधिक समय में चीजें काफी बदल गई हैं। अब दुनिया की मौजूदा स्थिति ने हमें एहसास दिलाया है कि आत्मनिर्भरता ही एकमात्र समाधान है, हमें अभी से भविष्य के लिए तैयार रहना होगा।

## खबर संक्षेप

### एक्ट्रेस बोली- कराची एयरपोर्ट पर पानी खत्म

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के कराची एयरपोर्ट पर पानी खत्म हो गया है।



पाकिस्तानी एक्ट्रेस हिना ख्वाजा ने वीडियो बनाकर बताया कि एयरपोर्ट के वॉशरूम में पानी नहीं है। हिना ने सवाल उठाते हुए कहा कि,आज के दिन जब हमें पाकिस्तान की उपलब्धियों को लेकर जश्न मनाना चाहिए, यहां किसी वॉशरूम में पानी नहीं आ रहा है। लोग वुजू करना चाह रहे हैं, बच्चों को लेकर वॉशरूम जाना चाह रहे हैं और पानी नहीं है। हमारे एयरपोर्ट्स का, हमारे इंस्टीट्यूशन्स का, हमारे सिस्टम्स का यह हाल क्यों हो गया है।

### ब्रिटिश कोलंबिया विधानसभा पहुंचे 3 पंजाबी सिंगर

**अमृतसर।** जिने मेरा दिल लुटेया, 'नाग' और 'जवानी' जैसे गाने



वाले पंजाबी सिंगर जैजी बी एक बार फिर विवाद में घिर गए है। इस बार मामला ब्रिटिश कोलंबिया की राजधानी विक्टोरिया में प्रांतीय विधान सभा का है, जिसका जैजी बी ने दो अन्य पंजाबी सिंगरों चन्नी नट्टन और इंद्रपाल मोगा के साथ दौरान किया। संसदीय डाइनिंग रूम में लंच किया, विधायकों के साथ फोटो सेशन कराया। इनके फोटो सोशल मीडिया पर आते ही विवाद भी शुरू हो गया है।

पाक पर अफगानिस्तान ने किया हमला

# बीएलए ने किया दावा कहा दोनों देशों के बीच जंग शुरू



एजेंसी ▶▶ काबुल

भारत के साथ ऑपरेशन सिंदूर में तगड़ी मार खाने के बाद पाकिस्तान पर एक और बड़ी मुसीबत आ गई है। बलूचिस्तान आर्मी ने दावा किया है कि पाकिस्तान पर अफगानिस्तान की सेना ने हमला शुरू कर दिया। बीएलए का दावा है कि अफगानिस्तान की सेना पाकिस्तान के अंदर घुस गई है।

बीएलए ने एक वीडियो भी शेयर किया है, जिसमें पाकिस्तान-अफगानिस्तान के बॉर्डर पर बमबारी और टैंकों की तैनाती दिखाई गई है। बताया जा रहा है कि पहले पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के कुछ इलाकों पर गोलीबारी की थी। इसके बाद अफगानिस्तान की ओर से तालिबान आर्मी ने जवाबी कार्रवाई शुरू की है। रिपोर्टों के अनुसार, अफगानिस्तान की ओर से पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में हमला किया गया है। इस हमले का दावा बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने किया है। घटना के बाद दोनों देशों के बीच सैन्य गतिरोध बढ़ गया है और सीमावर्ती इलाकों में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी ने दावा किया है कि पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच यह जंग पाक बॉर्डर से लगे चाघी जिले में शुरू हुई है। जहां पर पाकिस्तान और तालिबान फोर्सेज में तेज झड़प जारी है। दोनों पक्षों में जमकर गोलीबारी शुरू हो गई है। बीएलए ने दावा किया है कि तालिबान आर्मी ने पाक अधिकृत कश्मीर के रावलकोट पर भी हमला कर दिया है। वहीं लाहौर में ब्लैकआउट होने का भी दावा किया गया है। घटना के बाद पाकिस्तान-अफगानिस्तान सीमा पर तनाव काफी बढ़ गया है। सीमावर्ती जिलों में सुरक्षाबलों की तैनाती बढ़ा दी गई है और सेना को हाई अलर्ट पर रखा गया है। कई ग्रामीण इलाकों से नागरिकों के पलायन की खबरें भी सामने आ रही हैं।

## भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने इंडोनेशिया को बताई पाकिस्तान की करतूत

# इंडोनेशिया ने भारत को दिलाया भरोसा कहा आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में देंगे पूरा साथ

*जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) नेता संजय झा के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल इंडोनेशिया दौरे पर है। संजय कुमार झा के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को इंडोनेशिया के विचारकों, विद्वानों और शोधकर्ताओं के साथ महत्वपूर्ण चर्चा की।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे जेडीयू सांसद संजय कुमार झा ने बातचीत में कहा कि हमने आसियान के महासचिव से मुलाकात की। हम यहां के उप विदेश मंत्री और स्थानीय थिंक टैंक के प्रतिनिधियों से भी मिले। हमें बहुत सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है। इंडोनेशिया एक बहुसांस्कृतिक समाज है, जहां मुस्लिम बहुसंख्यक हैं, लेकिन भारत के रुख को लेकर यहां बहुत सम्मान है। हाल में भारत पर हुए हमले की यहां के राष्ट्रपति ने निंदा की थी। हमने इस घटना और 'ऑपरेशन सिंदूर' के संबंध में यहां अपना पक्ष स्पष्ट रूप से रखा है। भाजपा सांसद बृजलाल ने बातचीत में कहा, इंडोनेशिया में बहुत अच्छी बातचीत हुई है।

हमने यहां नेताओं से बात की, फिर कल शाम हमने आसियान राजदूतों से बातचीत की और गुरुवार को हमने थिंक टैंक से मुलाकात की। हमने उनके साथ भारत की स्थिति साझा की। हमने कहा कि भारत एक शांतिप्रिय देश है। हम अब दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं और 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने का लक्ष्य रखते हैं। हालांकि, हमारे पड़ोसी की मानसिकता सही नहीं है।




### इंडोनेशिया ने भारत को दिया समर्थन

*कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद ने बताया, मुझे खुशी इस बात से है कि इंडोनेशिया की समझ और सोच बहुत ही सकारात्मक है। इंडोनेशिया का अनुभव और यहां की जनसंख्या की स्थिति भारत से काफी मिलती-जुलती है। हमें यहां आकर काफी सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली। इंडोनेशिया भी आतंकवाद को लेकर चिंतित है और वह भी इसका सामना कर चुके हैं, इसलिए हमारी चिंताएं और परेशानियां उन्हें अच्छी तरह समझ आती हैं।*

### आतंकवाद पर पाकिस्तान का विरोध

भाजपा सांसद अपराजिता सारंगी ने कहा कि इंडोनेशिया में बहुत अच्छा अनुभव रहा है। हमारे प्रतिनिधिमंडल के सभी सदस्यों ने यहां के राजनेताओं से मुलाकात की और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों से भी बातचीत की। यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगा कि सभी लोग आतंकवाद के खिलाफ हैं। सभी ने आतंकवाद के उन्मूलन की इच्छा जाहिर की।

**इंडोनेशिया ने कहा पूरी दुनिया से आतंक खत्म होना जरूरी**

### पाक ने आतंकियों के खिलाफ कुछ नहीं किया

*जेडीयू सांसद संजय झा के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के सदस्य और टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी ने इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता में कहा, 'पाकिस्तान अपनी अर्थव्यवस्था में संकट का सामना कर रहा है, जबकि भारत तेजी से विकास कर रहा है। हम चाहते हैं कि आप सही के लिए खड़े हों और इस मुद्दे को महत्वपूर्ण बहुपक्षीय मंचों पर उठाएं। हमने पाकिस्तान सरकार द्वारा आतंकवादियों के खिलाफ किसी कार्रवाई का 2 हफ्ते इंतजार किया लेकिन उन्होंने कुछ नहीं किया। जिसके बाद भारत ने एयर स्ट्राइक को अंजाम दिया जिसमें 9 आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया।*

नरवाल में सड़क किनारे मिले तीन मोर्टार, पुलिस ने किए नष्ट

# सुरक्षाबलों ने पकड़े दो आतंकी, दो एके-56 समेत कई हथियार बरामद

एजेंसी ▶▶ जम्मू

जम्मू-कश्मीर में सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता मिली है। शोपियां में एक ऑपरेशन के दौरान दो हाइब्रिड आतंकियों ने सरेंडर किया है। सुरक्षाबलों ने दहशतगर्दों के पास से भारी मात्रा में हथियार बरामद किए हैं। जानकारी के अनुसार, विशेष इनपुट के बाद सुरक्षाबलों ने बसकुचन में एक कासो लॉन्च किया। सुरक्षाबलों ने इलाके को घेर लिया। पास के एक बाग में आतंकवादियों की गतिविधि देखी गई थी। अभियान के बाद लश्कर के दो हाइब्रिड आतंकी इरफान बशीर और उजैर सलाम ने आत्मसमर्पण कर दिया।

### 4 मैगजीन, 102 राउंड, 2 हैंड ग्रेनेड मिले



*उनके पास से दो एके-56 राइफलें, चार मैगजीन, 102 राउंड, दो हैंड ग्रेनेड, दो पाउच आदि बरामद किए गए। शोपियां पुलिस ने बताया कि संबंधित धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज कर ली गई है और जांच जारी है। वहीं, जम्मू शहर के नरवाल ट्रांसपोर्ट नगर में आरटीओ कार्यालय जाने वाली सड़क किनारे तीन मोर्टार मिले।*

### बम निरोधक दल ने की जांच

बुधवार को नरवाल पुलिस को सूचना मिली थी कि ट्रांसपोर्ट नगर में सड़क किनारे मोर्टार पड़ा है। इसके बाद पुलिस और बम निरोधक दस्ता मौके पर पहुंचा। जांच की तो दो और मोर्टार मिले। इसके बाद दो और बम निरोधक दस्ते पहुंचे और पूरे इलाकों को खंगाला।

*अवैध ट्रैवल एजेंटों के झांसे में न फंसने की दी*

# तहरान से लापता हुए 3 भारतीयों की तलाश में जुटी ईरानी एजेंसी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ईरान में लापता हुए तीन भारतीय नागरिकों को खोजने के लिए जांच शुरू कर दी गई है। साथ ही ईरान ने एक एडवाइजरी जारी कर भारतीय नागरिकों से अवैध ट्रैवल एजेंटों के झांसे में न आने की एडवाइजरी जारी की है।

ईरान में लापता हुए तीन नागरिक पंजाब के संगरूर, नवांशहर और होशियारपुर जिलों के रहने वाले हैं। नई दिल्ली में ईरानी दूतावास ने एक बयान जारी कर गुरुवार को कहा कि तीन भारतीय नागरिकों के लापता होने के मामले की जांच ईरान के विदेश मंत्रालय के कांसुलर मामलों के विभाग द्वारा संबंधित न्यायिक अधिकारियों के साथ समन्वय में की जा रही है।



जानकारी के अनुसार, तीनों व्यक्तियों को एक अवैध ट्रैवल एजेंट ने ऑस्ट्रेलिया में वर्क परमिट का वादा करके धोखा दिया था। इसके बजाय एजेंट ने उन्हें कुख्यात 'डंकी रूट' के माध्यम से ईरान भेज दिया जो मानव तस्करों द्वारा अवैध प्रवासन के लिए अक्सर इस्तेमाल किया जाता है। दूतावास ने ये भी बताया कि तेहरान में भारतीय मिशन को आधिकारिक चैनलों के माध्यम से इस मामले के अपडेट के बारे में सूचित किया जा रहा है।




## विधेयक और नौकरियां जाने से बढ़ी नाराजगी

बिग ब्यूटीफुल बिल पर मस्क और ट्रंप के बीच मतभेद

# दो हजार करोड़ की फंडिंग करने वाले मस्क ने राष्ट्रपति ट्रंप से खफा होकर तोड़ लिया नाता

▶▶ सरकारी अमले में करीब 12 प्रतिशत की कटौती कर दी

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अरबपति कारोबारी एलन मस्क ने ट्रंप प्रशासन से अलग होने का एलान कर दिया है। मस्क अब सरकारी दक्षता विभाग (डोओजीई) के प्रमुख नहीं होंगे। मस्क ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा एक पोस्ट के जरिए इसकी जानकारी दी। मस्क ने बताया कि बतौर विशेष सरकारी कर्मचारी उनका समय खत्म हो गया है। खास बात ये है कि मस्क ने अचानक से पद छोड़ने का ऐलान किया है व्हाइट हाउस के अधिकारियों ने बताया कि मस्क का इस तरह से अचानक ट्रंप सरकार से नाता तोड़ना हैरान कर रहा है।



खासकर तब जब मस्क, ट्रंप के धुर समर्थक रहे और मस्क ने चुनाव प्रचार के दौरान न सिर्फ ट्रंप की प्रचार टीम को करीब दो हजार करोड़ रुपए की भारी-भरकम फंडिंग की बल्कि ट्रंप के पक्ष में जमकर रैलियां भी कीं।

**2 लाख 60 हजार लोगों को नौकरी से निकाला**

### सरकारी दक्षता विभाग के कामकाज पर उठे सवाल

सरकारी दक्षता विभाग के प्रमुख के तौर पर एलन मस्क ने सरकारी खर्च को कम करने के लिए अमेरिका सरकार के कार्यबल में करीब 12 प्रतिशत की कटौती की। इससे करीब 2,60,000 लोगों की नौकरियां गईं। इसे लेकर सरकारी दक्षता विभाग के प्रति लोगों में नाराजगी तो थी ही, साथ ही कई विपक्षी नेताओं और सरकारी वॉचडॉग्स ने सरकारी दक्षता विभाग पर अपारदर्शी और मनमाने तरीके से काम करने का आरोप लगाया था।

### नौकरियां जाने से लोगों के निशाने पर आए ट्रंप

एलन मस्क को सरकारी दक्षता विभाग के प्रमुख के तौर पर सरकारी खर्च में कटौती का लक्ष्य दिया गया था। मस्क ने कई गैरजरूरी विभागों को या तो बंद करने की सलाह दी या फिर उनकी फंडिंग कम करने का सुझाव दिया। अमेरिका में बड़े पैमाने पर लोगों की नौकरियां गईं। नौकरियां जाने से लोगों के मन में एलन मस्क के प्रति नाराजगी आई। लोगों ने मस्क की इलेक्ट्रिक कार निर्माता कंपनी टेस्ला और उसकी कारों को निशाना बनाना शुरू कर दिया।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109